शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 190 | गुवाहाटी | गुरुवार, 2 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कैब चालक संघ हड़ताल पर, परेशानी — पेज 3
उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने डीसीपीसीआर का व्हाट्सएप चैटबॉट 'बाल मित्र' लांन्च किया — पेज 4
देर रात रामनगरी अयोध्या पहुंच जाएंगी शालिग्राम शिलायें — पेज 5
बजट में केवल मीडिया में हेडलाइन बनाने वाले जुमलों का प्रयोग : सीएम गहलोत — पेज 8



# निर्मला का निर्मल बजट

## सात लाख रुपए तक आयकर नहीं, अर्थव्यवस्था पटरी पर : वित्तमंत्री

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट संसद के पटल पर रखा। बुधवार को अमृत काल का बजट लोकसभा में पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है, जो उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है। वेतनभोगियों को बड़ी राहत देते हुए वित्त मंत्री ने आयकर छूट की सीमा बढ़ाने का एलान किया। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में मौजूदा आयकर स्लैब को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया है। इस घोषणा के साथ नई टैक्स व्यवस्था के तहत मौजूदा टैक्स स्लैब को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया गया है। संसद में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए संशोधित राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.4 फीसदी रहने और वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। वित्त मंत्री ने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष में हमारी अर्थव्यवस्था की विकास दर सात फीसदी रहने का अनुमान है, जो विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हमने यह सुनिश्चित किया कि 28 महीनों के लिए 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति करने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के साथ कोई भी भूखा न सोए। इस योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपए भारत सरकार वहन कर रही है। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2023-24 में सरकार की 7 प्राथमिकताओं के बारे में बताते हुए कहा कि समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंचाना, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, ग्रीन ग्रोथ, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सहस्थान पर 157 नए नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे। विशेष रूप से जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएमपीबीटीजी विकास मिशन शुरू किया जाएगा, ताकि पीबीटीजी बस्तियों को मूलभूत सुविधाएं दी जा सके। उन्होंने कहा कि अगले 3 साल में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ उपलब्ध कराए जाएंगे। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि रेलवे के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## पांच ट्रिलियन डॉलर की ओर बढ़ रहा भारत

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण ने आमचुनाव से पहले मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी और अपने पांचवें पूर्ण बजट में मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को कर के मोर्चे पर बड़ी राहत दी है। वित्त वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट पेश करने के बाद यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सीतरमण ने कहा कि हम पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। सीतारमण ने बुधवार को यहां नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हमने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बजट में राहत दी। बजट, पूंजी निवेश को एक बड़ा कदम देता है, जो एमएसएमई में भी शामिल होता है। ये विकास के इंजन हैं। यह पूंजी निवेश को बनाए रखता है और निजी क्षेत्र को आगे बढ़ाता है, जबकि व्यक्तियों और मध्यम वर्ग को कर राहत भी देता है। बजट में एमएसएमई के लिए दो लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट -शेष पृष्ठ दो पर

### महंगा

- सिगरेट पर आकास्मिकता शुल्क को 16 फीसदी बढ़ाया गया।
- ब्लेंडेड सीएनजी पर जीएसटी हटेगा, कीमतों में आएगी कमी
- कंपाउंडेड रबड़ पर बेसिक इंपोर्ट ड्यूटी 10 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी की गई। महंगा होगा।
- सोने के बार से बने आभूषणों पर कस्टम ड्यूटी में इजाफा
- किचन में इस्तेमाल होने वाली इलेक्ट्रॉनिक चिमनी पर कस्टम ड्यूटी 7.5फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी की गई।

### सस्ता

- प्रयोगशालाओं में निर्मित हीरों को बढ़ावा देने के लिए सीमा शुल्क में छूट।
- मोबाइल पुर्जों और कैमरा लेंसों के आयात शुल्क में छूट का प्रावधान। हरित मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए आयात सीमा शुल्क में छूट।

## कृषि प्रधान भारत को मजबूती देने वाला बजट : विशेषज्ञ

**कोलकाता ( हि.स. )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में आम बजट पेश किया है। इसमें हर आयु वर्ग और समाज के हर तबके के लिए कई नए प्रावधान किए गए हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों और उद्योग जगत की मिली जुली प्रतिक्रिया रही है। लेकिन विशेषज्ञों ने इस बजट को देश के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होने वाला बताया है। शहूर चार्टर्ड अकाउंटेंट जयनारायण गुप्ता ने हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि यह विकास को नई गति देने वाला बजट है। वैभवशाली भारत निर्माण का जो सपना हम लोग लगातार देख रहे हैं उसे नया आयाम देने में यह बजट बेहद मददगार साबित होगा। पूरी दुनिया के लिए यह आदर्श उदाहरण है कि एक वैश्विक खिलाड़ी के तौर पर उभर रहे देश का बजट कैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें लेह लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों को देश के कोने कोने से जोड़ने के लिए रेलवे लाइन का जो प्रावधान है वह सराहनीय है। इससे हमारी सेनाओं को मजबूती मिलेगी और उग्रवाद तथा हिंसक गतिविधियों पर आसानी से लगाम लगाया जाएगा। उन्होंने विशेष तौर पर ग्रामीण आबादी के लिए बजट प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि भारत हमेशा कृषि प्रधान रहा है। उसमें आज का बजट कृषि के साथ-साथ भारत के समग्र विकास को गति देने वाला है। उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## पूरा होगा हर वर्ग का सपना : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट 2023 को लेकर अपने संबोधन में कहा कि करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गई है। *पीएम विश्वकर्मा योजना* इन विश्वकर्माओं के विकास लिए बड़ा बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में रहने वाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप भारत में बड़ी जगह अपने लिए ले चुका है। इन्हें संबल देने के लिए नई पहल बजट में शामिल की गई है। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन खातों के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माताओं को बड़ा फायदा देने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार ने स्टोरेज कैपेसिटी (भंडारण क्षमता) को बढ़ाने के लिए सबसे -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## ट्रांसजेंडरों के तीसरे निवास का मंत्री पीयूष ने किया निरीक्षण



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** राज्य के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री पीयूष हजारिका ने बुधवार को गुवाहाटी में *तीसरे निवास* नामक ट्रांसजेंडरों के लिए बने एक आश्रय गृह का दौरा किया और वहां दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर विधायक जीतू गोस्वामी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक किशोर ठाकुरिया भी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री हजारिका ने आश्रय के प्रबंधन से आवास की व्यवस्थाओं पर चर्चा की और निवासियों के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएम ने किया फैंसी बाजार पदसेतु का लोकार्पण

**गुवाहाटी ( नसं )।** फैंसी बाजार में महात्मा गांधी रोड पदसेतु (फुट ओवर ब्रिज) का असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्वशर्मा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर पदसेतु शिलालेख का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर उनके साथ नगर उन्नयन मंत्री अशोक सिंघल, ईस्ट गुवाहाटी के विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य, गुवाहाटी के मेयर मृगेन शरणिया उपस्थित थे। उद्घाटन के -शेष पृष्ठ दो पर



## जानलेवा रेडियो एक्टिव कैप्सूल मिल गया



**पर्थ :** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में अधिकारियों ने बुधवार को उस छोटे खतरनाक रेडियोधर्मी कैप्सूल को तलाश लिया जो पिछले माह इस 1,400 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर ढुलाई के दौरान ट्रक से गिर गया था। अधिकारी ने कहा कि कैप्सूल को ढूंढना भूसे के ढेर से एक सूई खोजने जैसा था। अधिकारियों ने बताया कि मटर के आकार का यह कैप्सूल न्यूमैन के दक्षिण में ग्रेट नॉर्दर्न हाईवे पर मिला। यह कैप्सूल जानलेवा स्तर तक खतरनाक था और लोगों को इससे दूर रहने की चेतावनी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसका पता 70 किलोमीटर प्रति घंटे की -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### त्रिपुरा विस चुनाव ममता और अभिषेक करेंगे प्रचार

**अगरतला।** त्रिपुरा में पैर जमाने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने पूरी रणनीति बना ली है। इसके तहत टीएमसी ने अपने स्टार प्रचारकों की भी घोषणा कर दी है। बहुत जल्द एक पूरा समूह त्रिपुरा पहुंच रहा है। बुधवार को 37 स्टार प्रचारकों में सूची में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी प्रचार प्रमुख हैं। बताया जा रहा है कि छह और सात फरवरी को दोनों त्रिपुरा आ रहे हैं। त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सुब्रत बख्शी -शेष पृष्ठ दो पर

## बजट जुमला और शब्दों की बाजीगरी : विपक्ष



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश हो चुका है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे अमृतकाल का पहला बजट बताते हुए कई अहम घोषणाएं की। सैलरी क्लास को इनकम टैक्स में राहत देने से लेकर किसानों के लिए पिटारा खोलने तक, कई बड़ी घोषणाएं की गई। इसके अलावा लघु बचत योजनाओं के तहत निवेश सीमा बढ़ाकर बुजुर्गों और नई बचत योजना के जरिये महिलाओं को भी सौगात दी है। अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पेश नरेंद्र मोदी सरकार के अंतिम पूर्ण बजट का एक तरफ कई नेताओं ने स्वागत किया है तो वहीं विपक्ष के कई नेताओं ने इसकी आलोचना की है। जानिए किसने क्या कहा- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट को मित्रकाल बजट करार देते हुए बुधवार को कहा कि इससे साबित होता है कि सरकार के पास भारत के भविष्य के निर्माण की कोई रूपरेखा नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, मित्रकाल बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई नजरिया नहीं है, महंगाई से निपटने के लिए कोई योजना नहीं है और असमानता दूर करने का कोई इरादा नहीं है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि यह एक संवेदनहीन बजट है, जिसने -शेष पृष्ठ दो पर

## जीएसटी पर राहत न मिलने से व्यापारी निराश




**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2023-24 में व्यापारियों को जीएसटी से राहत देने की कोई कोशिश नहीं की गई। इससे व्यापारियों में निराशा है। देश के खुदरा छोटे व्यापारियों की लंबे समय से मांग थी कि उन्हें बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑनलाइन बाजार के नकारात्मक असर से बचाने के लिए उचित नीतियां बनाई जाएं। लेकिन केंद्र सरकार ने ऑनलाईन बाजार को नियंत्रित करने में कोई रुचि नहीं दिखाई है, इससे छोटे व्यापारियों में बजट को लेकर निराशा है। सरकार ने टैक्स स्लैब में बढ़ोतरी कर आम उपभोक्ताओं की जेब में ज्यादा पैसा छोड़कर मांग में बढ़ोतरी का रास्ता बनाने की कोशिश की है। इसे लेकर व्यापारियों ने सकारात्मक रुख दिखाया है। केंद्र सरकार ने दावा किया था कि देश में कई टैक्स दरों को हटाकर एक स्तरीय जीएसटी (जीएसटी) सिस्टम लागू करने से टैक्स अदायगी में लोगों को राहत मिलेगी। इससे व्यापारियों को कई स्तरों पर अलग-अलग टैक्स भरने की परेशानी से भी बचाया जा सकेगा। लेकिन व्यापारियों का कहना है कि यह नया सिस्टम उनके लिए ज्यादा परेशानी देने वाला साबित हुआ है। व्यापार जगत इस सिस्टम में बदलाव की मांग -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# सीएम हिमंत ने जनता भवन में बाजरा कैफे का किया उद्घाटन



गुवाहाटी (हि.स.)। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार की शाम को यहां जनता भवन (असम सचिवालय) के प्रांगण में मिलेट कैफे (बाजरा कैफे) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि कैफे का उद्घाटन बाजरा की लोकप्रियता बढ़ाने और जनता भवन के कर्मचारियों के पोषण को पूरा करने के लिए किया गया है। डॉ. सरमा ने कहा कि बाजरा कैफे लॉन्च करके खुश हूं, जो राज्य सचिवालय के कर्मचारियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के लोगों को बाजरा से पोषण प्राप्त करने में मदद करने के लिए 16 नवंबर, 2022 को मिलेट मिशन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यद्यपि राज्य की कृषि प्रणाली चावल की खेती के अनुरूप है, राज्य सरकार विविधीकरण लाना चाहती है। इसलिए, विविधीकरण और आत्मनिर्भरता में योगदान देने के लिए, असम मिलेट मिशन शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता भवन में शुरू होने वाले बाजरा कैफे से कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल के पास बाजरा खरीदने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार बाजरा मिशन को सात साल के भीतर यानी 2022 से 2029 तक सफल बनाने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने सभी से अपने दैनिक आहार में बाजरे को शामिल करने का भी अनुरोध किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री अतुल बोरा, यूजी ब्रह्म, संजय किसन, सीईएम बीटीसी प्रमोद बोडो, मुख्य सचिव पबन कुमार बोरठाकुर, अतिरिक्त सीएस कृषि आशीष कुमार भूटानी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा के काम, चेतना और सोच का दस्तावेज है असमिया भाजपा बार्ता : भवेश



**गुवाहाटी (हि.स.)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता और उत्तर कामरूप जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश डेका ने पार्टी के मुख पत्र असमिया भाजपा बार्ता के 72वें संस्करण का बुधवार को गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में अनावरण किया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश डेका ने कहा कि वह स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें राज्य के मुखपत्र का अनावरण करने का मौका मिला। भवेश कलिता ने कहा कि पूर्व से यह पत्रिका भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र और राज्य सरकार के सामूहिक कार्यों और योजनाओं के सकारात्मक पहलुओं को शामिल करके आम लोगों तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि असमिया भाजपा बार्ता भाजपा के काम, चेतना और सोच का दस्तावेज है। इस पत्रिका से न केवल पार्टी पदाधिकारियों को बल्कि, सभी जनता को फायदा होगा। डॉ. सुलेखा चक्रवर्ती भट्टाचार्य ने सबके लिए आवास शीर्षक से एक लेख में अकल्पनीय उम्मीदों से बचने का एक अभिनव प्रयास है, कहती हैं कि कथनी और करनी से तालमेल बिठाने में सक्षम भाजपा की सरकार ने आंखें खोलने वाले कई काम किए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के गरीब लोगों को दिए जाने वाले मुफ्त आवास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का काम निश्चित रूप से निर्धारित सिद्धांतों के साथ किया जाना है। असमिया भाजपा बार्ता में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के गंगा से ब्रह्मपुत्र तक के अवसर के नए रास्ते खोलने शीर्षक वाले लेख में उल्लेख किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा सरकार ने परिवहन के एक स्थायी, किफायती, लागत प्रभावी और सुचारू साधन के रूप में नदी मार्गों को पुनर्जीवित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन जलमार्गों के विकास से भारत की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक रसद विकास को नई गति मिलेगी। भारत जल्द ही तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## लायंस गुवाहाटी ग्रेस ने कुत्तों को रिफ्लेक्टर कॉलर बांधा





**गुवाहाटी (नसं)।** लायंस क्लब गुवाहाटी ग्रेस ने अपनी कल्याणकारी गतिविधि में सड़क पर घूम रहे आवारा कुत्तों को रात के समय वाहनों से होने वाली दुर्घटना से बचाने और उनकी सुरक्षा हेतु रिफ्लेक्टर कॉलर बांध कर पशुओं के प्रति अपने दायित्व को निभाने का प्रयास किया। क्लब अध्यक्षा तीस्ता गुप्ता के नेतृत्व में ग्रेस टीम ऋतु बिहानी, गुंजन संथोलिया, स्वेता मूंधड़ा, शर्मिला बजाज, स्नेहा गोयल, सिल्की जैन ने इस कार्य में अपनी भागीदारी दी।यह कार्यक्रम एन जीओ जेबीएफ ने सक्रिय सहयोग से सहजता से संपन्न हुआ।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कलिता ने केंद्रीय बजट को बताया जन हितैषी



**गुवाहाटी (हि.स.)।** केंद्र सरकार के बजट का असम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने स्वागत करते हुए इसे जन-हितैषी करार दिया है। भवेश कलिता ने कहा कि केंद्रीय बजट में एकीकृत विकास, बुनियादी ढांचे में निवेश, देश का कौशल विकास, सेवाकरण, युवा विकास, वित्त विभाग का कौशल विकास, लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्यक्रमों के कार्यान्वयन जैसी सात चीजों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अमृत काल के पहले बजट के माध्यम से केंद्र सरकार ने देश के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार की है। कलिता ने कहा कि बुनियादी ढांचे के मामले में भारत को और मजबूत करने के लिए परिवहन क्षेत्र के लिए 75 हजार करोड़ रुपये, रेलवे विभाग के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये और 50 नए हवाई अड्डे, हेलीपैड बनाने की व्यवस्था की गई हैं। इस तरह के कदम से भारत का बुनियादी ढांचा विश्वस्तरीय हो जाएगा। बजट में ई-कोर्ट के लिए 7,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिसमें राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय, पंचायतों और बच्चों के लिए वार्डों में डिजिटल पुस्तकालय का निर्माण शामिल है। इस तरह के कदम से देश के लोग वर्तमान समय के साथ तालमेल रखने के लिए अधिक डिजिटल रूप से उन्मुख होंगे। उन्होंने कहा कि आयकर स्लैब में 7 लाख रुपये तक कर छूट, मछुआरों के लिए छह हजार करोड़ रुपये, शहरी बुनियादी ढांचे के लिए दस हजार करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 79 हजार करोड़ रुपये, ऊर्जा परिवर्तन के लिए 35 हजार करोड़ रुपये और महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र का शुभारंभ, कौशल विकास के लिए प्रधानमंत्री की कौशल विकास योजना-4.0 और 30 अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौशल केंद्रों के निर्माण की घोषणा देश की भावी पीढ़ियों के लिए एक बहुत ही सकारात्मक संदेश है। कलिता ने कहा कि 2023-24 के केंद्रीय बजट में देश के समग्र विकास के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने अपने बयान में कहा कि बजट से पूरे देश की जनता को लाभ होगा।

**GENERAL NOTICE**

In view of the visit of G20 delegates to Kaziranga National Park on 4th Feb, 2023, the Jeep Safari in Bagori, Kaziranga and Agoratoli Range will remain closed for general tourists.

However, the elephant safari will be functioning as usual in both Ranges i.e., Bagori and Kaziranga.

All concerned are requested to bear the inconvenience.

Divisional Forest Officer
Eastern Assam Wildlife Division
Bokakhat.

*-- Janasanyog / D/21162/22*

# पृष्ठ एक का शेष

## सात लाख रुपए तक...

2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। पीएम आवास योजना के परिव्यय को 66 फीसदी बढ़ाकर 79,000 करोड़ किया जा रहा है। पूंजी निवेश परिव्यय 33 फीसदी बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए किया जा रहा है, जो कि सकल घरेलू उत्पाद का 3.3 फीसदी होगा। उन्होंने कहा कि महामारी से प्रभावित एमएसएमई को राहत दी जाएगी। संविदागत विवादों के निपटान के लिए स्वैच्छिक समाधान योजना लाई जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में 35 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 20,700 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना की शुरुआत की जाएगी। गोबर्धन स्कीम के तहत 500 नए संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी। युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने के लिए 30 स्किल इंडिया नेशनल सेक्टर खोले जाएंगे। 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले 3 वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से सरकार के प्रयासों ने सभी नागरिकों के जीवन की बेहतर गुणवत्ता और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित किया है। प्रति व्यक्ति आय भी दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपए हो गई है। उन्होंने कहा कि इन नौ सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर उभरी है। सीतारमण ने कहा कि हमारा आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोजगार सृजन को तेज गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने पर केंद्रित है।

## पांच ट्रिलियन डॉलर ...

गारंटी स्कीम लाने की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि लोन के लिए 20 लाख रुपए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि ऋण में काफी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत एक उप-योजना यह सुनिश्चित करती है कि तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग इससे लाभान्वित होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण और पर्यटन पर भी जोर दिया गया है। सीतारमण ने आगे कहा कि हम फिनटेक, औद्योगीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था को भारत की डिजिटल शक्ति के रूप में देख रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि व्यक्तिगत आयकर में लंबे समय बाद बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि दो-तीन साल पहले लाए गए नए टैक्स रीजीम में ज्यादा इंसेंटिव को शामिल करने के साथ और ज्यादा आकर्षक बनाया गया है, ताकि लोग बिना किसी संकोच के पुराने की जगह नए टैक्स रीजीम से जुड़ सकेंगे। सीतरमण ने कहा कि हम किसी को बाध्य नहीं कर रहे हैं, लेकिन अब नया टैक्स सिस्टम ज्यादा आकर्षक है। इसमें ज्यादा टैक्स रिबेट दी गई है। दरअसल, वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स में छूट की सीमा बढ़ाकर तीन लाख रुपए कर दी है, जबकि टैक्स स्लैब को बढ़ाकर सात लाख रुपए कर दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि परियोजनाएं चल रही हैं और धन का उपयोग हो रहा है, जो बजट विवरण से आ रहा है। व्यक्ति के बिना परियोजनाएं कैसे पूरी हो सकती हैं। मानव हस्तक्षेप के बिना एक फीसदी परियोजना पूरा नहीं किया जा सकता है, तो जाहिर तौर पर जमीन पर नौकरियां मिल रही हैं।

## कृषि प्रधान भारत को ...

कि 20 लाख करोड़ ऋण का प्रावधान न केवल ग्रामीण आबादी की खेती बाड़ी बल्कि पशु पालन, मछली पालन, कुटीर उद्योग, स्टार्टअप तथा सूक्ष्म मध्यम और लघु उद्योग के साथ ग्रामीण बाजारों को नई दिशा देने वाला होगा। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए 15 लाख करोड़ का जो प्रावधान किया गया है वह आने वाले वक्त में देश को मजबूत आर्थिक खिलाड़ी के तौर पर उभारेगा। उन्होंने कहा कि तकनीक का हाथ पकड़कर तेजी से विकसित होती दुनिया में डेटा सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। इसे संबोधित करने के लिए जो इन्फोटेक और डाटा गवर्निंग बॉडी की स्थापना का प्रावधान है वह भविष्य के भारत की तकनीक के क्षेत्र में प्रभावी कदम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत की मेजबानी में अगले साल होने वाले जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर हरित ऊर्जा, पर्यावरण सुरक्षा के लिए जो प्रावधान हैं वह भी तेजी से विकसित होते भारत के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इसके अलावा सात लाख तक की छूट वेतन भोगी और मध्यम वर्ग को वित्तीय सुविधाएं देने वाला है। देश के सर्वांगीण विकास के लिए जो पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) सबसे प्रभावी उपाय रहा है उसे भी मजबूती देने के लिए वित्त मंत्री ने बजट प्रावधान में आवंटन बढ़ाया है जो सराहनीय है। इसके अलावा नारी शक्ति के और अधिक सशक्तिकरण के लिए दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना में आवंटन बढ़ाए गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधिक से अधिक गृह निर्माण के लिए वित्तीय फंड में बढ़ोतरी ग्रामीण भारत की मजबूती के साथ वैश्विक स्तर पर मजबूत भारत के लिए मददगार साबित होगा। इसी तरह से मशहूर चार्टर अकाउंटेंट नारायण जैन ने भी बजट के कई पहलुओं को सराहा। हालांकि उन्होंने कुछ बिंदुओं को लेकर केंद्र को ध्यान देने का भी सुझाव दिया है। जैन ने कहा कि बजट में वेतन भोगी और मध्यमवर्ग परिवारों के लिए तो कई सारे लुभावने प्रावधान हैं लेकिन करदाताओं को कोई राहत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर विधेयक में पिछले एक साल में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया है। ऐसा सिर्फ इसलिए किया जाता है ताकि आयकर घाटा को संबोधित किया जा सके लेकिन इस बजट में भी करदाताओं की सुविधाओं के लिए कुछ खास पहल नहीं की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो बार-बार व्यापार की सुगमता (इज ऑफ डूइंग बिजनेस) पर बल देते हैं उसे लेकर भी कुछ महत्वपूर्ण आवंटन नहीं है। हालांकि उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की सराहना की और कहा कि इससे नए उद्योगों की स्थापना, रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। इसके अलावा लेह लद्दाख को रेलवे मार्ग से जोड़ने के फैसले की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे सामरिक मोर्चे पर हमारे सैन्य बलों को बेहद मदद मिलने वाली है। इसके अलावा बुजुर्ग नागरिकों के लिए बैंक जमा पर ब्याज में बढ़ोतरी की भी उन्होंने सराहना की और कहा कि कुल मिलाकर यह बजट देश की अर्थव्यवस्था पर मिलाजुला प्रभाव डालने वाला होगा।

## पूरा होगा हर ...

बड़ी *अन्न भंडारण योजना* बनाई है। अब हमें कृषि सेक्टर में डिजिटल पेमेंट की सफलता को दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़ी योजना लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि हम मिलेट्स (बाजरा) के लिए बड़ी योजना लेकर आए हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत के किसानों को होना है। इसलिए बजट में इसके लिए बड़ी योजना बनाई गई है। इससे हमारे आदिवासी भाई-बहन जो किसानी करते हैं, उन्हें फायदे मिलेंगे और देश को इस क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर बहुत जोर दिया है। *डिजिटल भारत* आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है। 2014 की तुलना में आज इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश में 400 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर भारत के युवाओं के लिए रोजगार देगा और एक बड़े वर्ग के लिए लाभाकारी होगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अमृत काल का पहला बजट *विकसित भारत* के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है।

## ट्रांसजेंडरों के तीसरे ...

बातचीत भी की। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक विभागीय कदम उठाने के निर्देश दिए ताकि निरीक्षण के दौरान जल्द से जल्द सरकारी धनराशि जारी की जा सके। इस दौरान निवासियों ने अपनी संतुष्टि व्यक्त की और उम्मीद जताई कि मंत्री के इस तरह के कदम से समाज में ट्रांसजेंडरों के अधिकारों के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मंत्री हजारिका ने हाल ही में ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की एक बैठक में तीसरे निवास का जल्द दौरा करने की घोषणा की थी।

## सीएम ने किया...

अवसर पर आयोजित एक सभा में संबोधन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुवाहाटी महानगर में लोक निर्माण विभाग गत कई वर्षों से यातायात और पैदल यात्री को सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में गुवाहाटी के कई स्थानों में पदसेतु फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है। आदाबाड़ी, शुक्लेश्वर मंदिर, मिजोरम हाउस, महिंद्रा शोरूम, दिसपुर कर भवन, खानापाड़ा आदि स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसी क्रम में गणेशगुड़ी फ्लाईओवर का विस्तार, दिसपुर सुपरमार्केट फ्लाईओवर और आर्य नगर फ्लाईओवर का लोकार्पण भी हो चुका है। इसी कड़ी में फैंसी बाजार की पदसेतु का आज लोकार्पण किया गया है। फैंसी बाजार के इस क्षेत्र में फेरी घाट जहाज से उतरने वाले यात्री एवं ऑफिस आने जाने वाले यात्रियों की संख्या हजारों से भी अधिक पहुंचते ही पैदल चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।

## जानलेवा रेडियो एक्टिव...

गति से यात्रा कर रहे एक खोजी वाहन द्वारा लगाया गया जब विशेषज्ञ उपकरण ने कैप्सूल से निकलने वाले विकिरण से इसकी पहचान की। आपातकालीन सेवा मंत्री स्टीफन डॉसन ने कहा कि यह एक असाधारण परिणाम है ... उन्होंने वास्तव में भूसे के ढेर में सुई ढूंढ ली है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी एंडी रॉबर्टसन ने कहा कि कैप्सूल से किसी को किसी तरह की क्षति पहुंचने की सूचना नहीं है। इसमें सीजियम 137 सिरेमिक स्रोत होता है, जो आमतौर पर विकिरण गेज में उपयोग किया जाता है, जो एक घंटे में 10 एक्स-रे प्राप्त करने के बराबर विकिरण की खतरनाक मात्रा का उत्सर्जन करता है। इससे त्वचा जल सकती है और लंबे समय तक संपर्क में रहने से कैंसर हो सकता है। खोज दल ने पूरे राजमार्ग की छानबीन करने में छह दिन लगाए। गत 10 जनवरी को एक रेगिस्तानी खदान स्थल और पर्थ के बीच ले जाते समय कैप्सूल गुम हो गया था। कैप्सूल ले जाने वाला ट्रक 16 जनवरी को पर्थ डिपो पहुंचा। आपातकालीन सेवाओं को 25 जनवरी को कैप्सूल के लापता होने की सूचना दी गई। खनन कंपनी रियो टिंटो आयरन ओर के मुख्य कार्यकारी साइमन ट्रॉट ने इस घटना के लिए माफी मांगी है। कैप्सूल के गायब होने की खबर सामने आने के बाद ऑस्ट्रेलिया में हड़कंप मच गया था। खोजी उपकरणों के अभाव में सरकार ने कैप्सूल को खोजने के लिए कॉमनवेल्थ देशों से मदद मांगी थी।

## बजट जुमला और ...

अधिकतर लोगों की उम्मीदों को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के बजट से पता चलता है कि यह सरकार लोगों और उनके जीवन, आजीविका की चिंताओं से कितनी दूर है। नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) ने बुधवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट को *पूरी तरह से विफल* और *शब्दों की बाजीगरी* करार दिया। नेशनल कांफ्रेंस के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने यहां कहा कि यह शब्दों की बाजीगरी थी और बजट में और कुछ नहीं है। शब्दों और आंकड़ों से खेलने के अलावा, मुझे लगता है कि बजट पूरी तरह से विफल है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपाई बजट महंगाई और बेरोजगारी दोनों को और बढ़ाता है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश ने बुधवार को ट्वीट किया कि भाजपा अपने बजट का दशक पूरा कर रही है, पर जब जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी। उन्होंने कहा कि भाजपाई बजट महंगाई औरबेरोजगारी को और बढ़ाता है। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुंचाने के लिए बनता है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट 2023-24 जुमला के अलावा और कुछ नहीं है और यह देश को कर्ज में डुबा देगा। सिसोदिया दिल्ली के वित्त मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट से 15 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बढ़ जाएगा। राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्रीय बजट में पर्याप्त आवंटन नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट ने कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्यों का पक्ष लेते हुए महाराष्ट्र को नजरअंदाज किया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश वित्त वर्ष 2023-24 का बजट अर्थव्यवस्था में संकुचन पैदा करने वाला और जनविरोधी है। वामपंथी दल ने एक बयान में कहा कि बजट ऐसे समय आया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड से पहले ही मंद हो चुकी थी और फिर महामारी के दो वर्षों के दौरान स्थिति भयावह हो गई थी तथा महामारी के बाद वैश्विक आर्थिक मंदी से भी अर्थव्यवस्था प्रभावित है।


## जीएसटी पर राहत...

कर रहा था। लेकिन वर्तमान बजट में सरकार ने व्यापारियों को इससे कोई राहत देने का संकेत नहीं दिया है। देश का छोटा व्यापारी और दुकानदार अप्रत्यक्ष रूप से देश की अर्थव्यवस्था में भारी योगदान देता है। दावा है कि वह लगभग 11 करोड़ छोटे उपक्रमों के माध्यम से लगभग 44 करोड़ लोगों को रोजगार और आजीविका उपलब्ध कराता है। लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारी भरकम पूंजी और आक्रामक व्यापार रणनीति से इस वर्ग के व्यापार को भारी चोट लगी है। व्यापारियों की मांग है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां बेतरतीब ढंग से छूट की घोषणा कर उनका व्यापार झटक ले रही हैं। व्यापारी नियमों में बदलाव के माध्यम से इस असंगति को दूर करने की मांग कर रहे थे, लेकिन फिलहाल सरकार ने इस तरह की कोई राहत देने की ओर सकारात्मक रुख नहीं दिखाया है। व्यापारी संगठन कैट के नेता प्रवीण खंडेलवाल ने अमर उजाला से कहा कि जीएसटी और ऑनलाइन व्यापार पर कोई राहत न मिलने से देश के करोड़ों व्यापारियों को निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को व्यापारियों को बचाने की कोशिश करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने टैक्स स्लैब में छूट देकर लोगों की जेब में ज्यादा पैसा छोड़ने की रणनीति अपनाई है। इससे लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा पैसा रहेगा। इससे मांग में बढ़ोतरी होगी और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रगतिशील बजट दस्तावेज है, जो सुनियोजित तरीके से भविष्य में प्रत्येक क्षेत्र के विकास के मापदंड को बताता है, वहीं व्यापार एवं लघु उद्योग के चरणबद्ध विकास, स्वास्थ्य क्षेत्र और अन्य सेवाओं में मजबूत विकास के पैरामीटर्स को रेखांकित करता है। कुल मिला कर हम इसे एक संपूर्ण विकासशील बजट कह सकते हैं। व्यापारी नेताओं ने कहा कि आय कर के पांच स्लैब बनाना तथा नई कर ढांचे में व्यक्तिगत आय कर छूट को 7 लाख करना वित्त मंत्री का साहसिक कदम है। बजट में लोगों को उद्यमी की ओर प्रोत्साहित करना भी एक बड़ा कदम है। वहीं डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दिया जाना और अनेक वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी को घटाना प्रशंसनीय है।

## त्रिपुरा विस चुनाव ...

के साथ तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद सुदीप बनर्जी त्रिपुरा में चुनाव प्रचार करेंगे। लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा, काकली घोष दस्तीदार, कोलकाता की मेयर मिमी चक्रवर्ती और शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हाकिम सहित कुल 37 स्टार प्रचारक चुनाव में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों का हौसला बढ़ाने और उनका समर्थन करने आ रहे हैं। वहीं अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता व मंत्री शशि पांजा भी पहुंचेंगे। इनके अलावा, प्रचारकों में त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के प्रभारी रजीब बनर्जी, त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष और त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस चुनाव समिति के अध्यक्ष पीयूष कांति विश्वास, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव और त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस चुनाव समिति के सह-अध्यक्ष शामिल हैं। पश्चिम बंगाल युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सयानी घोष, पश्चिम बंगाल राज्य तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता देबांशु भट्टाचार्य, पश्चिम बंगाल तृणमूल छात्र परिषद के उपाध्यक्ष सुदीप राहा और युवा तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेता त्रिपुरा के युवा समाज को बढ़ावा देने के लिए त्रिपुरा आ रहे हैं। लोकसभा सांसद और अभिनेता दीपक अधिकारी (देव), विधायक और अभिनेता सोहम चक्रवर्ती, विधायक और प्रसिद्ध गायिका अदिति मुंशी, अभिनेत्री सयंतिका बंद्योपाध्याय, अभिनेत्री जून माल्या और अन्य अभिनेता और अभिनेत्री विधानसभा चुनाव प्रचार करने आएंगे।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **सप्तम अध्याय**

**(योगाभ्यास)**

**मद्य मांस मल चरस जो, गांञ्जा भाँग अफीम।**
**तम्बाकू मय त्याज्य है, योग रहस्य असीम॥ 15॥**

**शब्दार्थ :** (मद्य) नशीले पेय (रहस्य) मर्म।

**भाष्य :** मद्य, मांस, चरस, गाँजा, अफीम तथा नशीली अशुद्ध मल वस्तुएँ एवं समस्त पीने वाले नशीले पदार्थ त्याज्य है। इन मादक, अपेय, मलीन वस्तुअओं का त्याग करके ही योग के असीम भेदिक आनन्द को प्राप्त किया जाता है।

**प्रथम कमल श्री गुरु चरण, वन्दन बारम्बार।**
**आसित आसन ध्याइये, गुरु मूरति शुभ सार॥ 16॥**

**शब्दार्थ :** (प्रथम) योग का शुभारम्भ (शुभ सार) मंगल मूल।

**भाष्य :** प्रथम श्री सद्गुरुदेव के कमल चरणों में बारम्बार नमस्कार करके गुरु-प्रदेश में आसनॉक्त स्थित मंगल मूल गुरुमूर्ति का ध्यान करना चाहिए।

# कैब चालक संघ हड़ताल पर, परेशानी



**गुवाहाटी ( विभास )।** आज यानि 1 फरवरी से गुवाहाटी, असम में कैब सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ओला और उबर की सर्विस स्थगित हो गई है। दरअसल, ऑल असम कैब मजदूर संघ और ऑल गुवाहाटी बाइक और टैक्सी यूनियन की तरफ से ओला और उबर जैसी कैब प्रोवाइडर कंपनियों का वॉयकॉट किया जा रहा है। इन संगठनों का कहना है कि इन कंपनी द्वारा कैब ड्राइवर्स के लगातार हो रहे उत्पीड़न की वजह से ऐसा किया जा रहा है। इस पूरे विवाद पर ओला और उबर का कहना है कि उन्होंने गुवाहाटी में अपनी सर्विस को बंद नहीं किया है, बल्कि इस बॉयकॉट को देखते हुए बस कुछ दिनों के लिए अपनी सर्विस को स्थगित कर दिया है। बॉयकॉट कर रहे संगठनों का कहना है कि ओला-उबर ने असम में 2015 से अपनी सेवाएं देना शुरू किया था। तब कैब ड्राइवर्स को कंपनी द्वारा अच्छा प्रोत्साहन देना शुरू किया गया था। लेकिन बाद में कंपनी ने कैब ड्राइवर का उत्पीड़न शुरू का दिया। कंपनी ने कैब मालिकों से प्रत्येक राइड पर 40-60 प्रतिशत तक का कमीशन लेना शुरू कर दिया जोकि सही नहीं है। जानकारी के मुताबिक, इस समय असम में ओला-उबर कैब सर्विस के रूप में लगभग 18,000 कैब का संचालन हो रहा है। वहीं टू-व्हीलर राइड सर्विस प्रोवाइडर कंपनी रैपिडो भी 16,000 से ज्यादा बाइक टैक्सी का संचालन कर रही है। दोनों ही कंपनियों के यूनियन ने मिलकर अपनी तरफ से सेवाओं को बंद कर दिया है। इन बाइक और कार टैक्सी ड्राइवर्स ने सरकार से नया एप लांच करने का आग्रह किया है, ताकि इन सेवाओं को फिर से शुरू किया जा सके। वहीं स्थानीय कैब सर्विस प्रोवाइडर अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे। कैब संचालनकर्ताओं की तरफ से शिकायत की गई कि बेशक ये कंपनियां हमें रोजगार दे रही हैं। लेकिन इनकी नियम और शर्तें ड्राइवर्स को परेशान करने वाली हैं। खासकर अगर वे कंपनी के वॉलेट से पेमेंट लेते हैं, तो कंपनी काफी समय में उनका कमीशन वापस करती है। इसीलिए कैब ड्राइवर सवारी से कैश देने का आग्रह करते हैं।

## लाउखोआ-बुढ़ाचापरी अभयारण्य में चलेगा बेदखली अभियान

**नगांव ( हि.स. )।** राज्य में वन विभाग की जमीनों पर अवैध कब्जा को लेकर पिछले कई दिनों से लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। नगांव जिला के लाउखोआ और बु ?ाचापरी अभयारण्य में भी जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। एक सौ से अधिक परिवारों को नोटिस दिया गया है। अतिक्रमण हटाओ अभियान को देखते हुए वन विभाग की एक बड़ी टीम इलाके में डेरा डाले हुए है। लाउखोआ और बु ?ाचापरी अभयारण्य के लगभग 5976 बीघा जमीन को जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत खाली कराया जाएगा। यह अभियान सियाली चर, लाठीमारी चर और गणेश टापू चर आदि इलाके में अभियान चलाया जाएगा। पिछले लगभग 30 वर्षों से लाउखोआ और बु ?ाचापरी अभयारण्य में अवैध रूप से कब्जा कर कर लोग रह रहे हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विद्यालय, मदरसा, मस्जिद के अलावा पक्के घरों को भी तोड़ा जाएगा।

# जी-20 प्रतिनिधियों ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का किया दौरा



**काजीरंगा ( हि.स. )।** जी-20 के तहत दीर्घकालिक वित्तीय कार्य समूह (एसएफडब्ल्यूजी) और युवा-20 बैठक में भाग लेने आए प्रतिनिधियों की एक टीम ने बुधवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया। जी-20 प्रतिनिधिमंडल बुधवार सुबह असम के गोलाघाट जिले में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने पहुंचा। जिले में आगमन पर प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। प्रतिनिधियों ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के बागोरी रेंज और कोहोरा रेंज में जीप सफारी का आनंद लिया। जीप सफारी से पहले, प्रतिनिधियों ने काजीरंगा कन्वेंशन सेंटर, कोहोरा का दौरा किया, जहां उन्हें काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों द्वारा वन्यजीवों के संरक्षण के लिए की गई विभिन्न वन्यजीव अनुकूल पहलों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। 1 दिसंबर, 2022 को वसुधैव कुटुम्बकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की थीम के साथ इंडोनेशिया से अध्यक्ष का पद संभालने के बाद भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता करेगा। जी-20 या ग्रुप 20 का समूह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए दुनिया के अग्रणी प्लेटफार्मों में से एक है। वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए एक मंच के रूप में एशियाई वित्तीय संकट के बाद 1999 में जी-20 की स्थापना की गई थी। जी-20 या समूह 19 देशों और यूरोपीय संघ से बना है। 19 देश अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, जर्मनी, फ्रांस, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका हैं। इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन में नौ अतिथि देशों के साथ-साथ आमंत्रित अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी भाग लिया है। वर्तमान जी-20 शिखर सम्मेलन के एक हिस्से के रूप में, पांच बैठकें गुवाहाटी और डिब्रूगढ़ में आयोजित की जाएंगी। गुवाहाटी में 2 से 3 फरवरी, 6 से 8 फरवरी, 13 से 15 मार्च तथा 3 से 5 अप्रैल तक तक आयोजित की जाएगी और डिब्रूगढ़ में 24 से 25 मार्च, 2023 तक बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रोटरी क्लब का स्वास्थ्य शिविर



**गुवाहाटी ( नसं )।** असम के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्वशर्मा जन्मदिन पर रोटरी क्लब ऑ? गुवाहाटी वेस्ट के तत्वावधान में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया गुवाहाटी के सहयोग से एवम नारायणा हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं सहायकों के मदद से आज गोविन्द गौरिया मठ के प्रांगण में जनस्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। ज्ञातव्य हो कि रोटरी क्लब जनसाधारण की स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस तरह के शिविर का समय समय पर आयोजन करता रहता है। आज के इस शिविर में पाण्डु इलाका के 215 लोगों की स्वास्थ्य का परीक्षण में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसी, आंखों की जांच किया गया। इसके साथ साथ जरूरत अनुसार दवाई भी दिया गया। आज के इस कार्यक्रम में मठ के स्वामी बी भी गोविंद महाराज, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया गुवाहाटी के प्रेसीडेंट महेश कुमार संतानी सदस्य शरण कुमार संतानी, सुरेश प्रेम चंदनानी, मुरली काकुवानी, प्रदीप आडवाणी, रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी वेस्ट के प्रेसिडेंट प्रेम कांत चौधरी नारायणा हॉस्पिटल के डॉक्टर पी कलिता आंखों के विशेषज्ञ, डॉ जे पी काकोती फिजिशियन सहायक सराजिब कुमार दास मिपी चेतिया उपस्थित थे। इस अबसर पर समाजसेवी निमार्टी डे, प्रोफेसर (डॉ) त्रिदिर डे और कार्यक्रम के संचालक सुब्रता रंजन लाला उपस्थित थे। अगला स्वास्थ्य शिविर फरवरी के तीसरे सप्ताह में पुन: किया जायेगा। इसकी सूचना क्लब जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

## हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के हाजो के शक्तिबारी इलाके में हुई हेकिमुल हुसैन की हत्या मामले में पुलिस ने चार हत्यारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि हेकिमुल हुसैन की हत्या के मामले में महज 24 घंटे के भीतर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नारायणपुर के विक्रम दास, बरचापरी के निर्मल दास, सतदला विष्णुपुर के विजय दास और पानीपाड़ा के मदन दास के रूप में की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपित ड्रग्स सेवन करने के आदी बताए गए हैं। हेकिमुल हुसैन की शनिवार की रात हत्या कर शक्तिबाड़ी इलाके में तटबंध के किनारे फेंका गया था। शव के पास से पुलिस ने बुलेट बाइक भी बरामद किया था।

# रंगिया में दिनदहाड़े व्यवसायी का अपहरण



**रंगिया ( निसं )।** शहर के व्यस्ततम नूरुद्दीन पथ पर व्यापारिक प्रतिष्ठान से आज दिन दहाड़े लोगों की आंखों के सामने से पांच बदमाशों ने एक व्यापारी का अपहरण कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यवसायी जेहरुल इस्लाम अपनी फार्मेसी के सामने बात कर रहा था कि अचानक एक कार में पांच बदमाशों का एक समूह आया जिसने मारपीट करते हुए जबरन उसका अपहरण कर लिया। घटना की खबर लगते ही रंगिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना से रंगिया शहर में सनसनी का माहौल बना हुआ है।

# कामरूप जिले के 69 शिक्षकों व कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति आदेश पत्र प्रदान

**रंगिया ( निसं )।** 31 जनवरी को जिले के विभिन्न मिडिल इंग्लिश स्कूलों, हायर और हायर सेकेंडरी स्कूलों से सेवानिवृत्त हुए 69 शिक्षकों और कर्मचारियों को आज एकीकृत उपायुक्त कार्यालय, अमिनगांव में आयोजित एक समारोह में उनके जीआईएस और अवकाश वेतन मंजूरी का आदेश पत्र जिला उपायुक्त एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विधिवत रूप से सौंपा गया।




इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के निरीक्षक अपूर्व ठाकुरिया ने कहा कि 31 मार्च, 2019 के मार्च से एमई स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए शुरू की गई यह प्रक्रिया अगले समय में इसे हाई स्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों तक बढ़ाकर अबतक लगातार रूप से जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसतरह के कार्यक्रम में आज एक साथ सबसे अधिक संख्या में शिक्षकों और कर्मचारियों को लाभ पत्र प्रदान किया गया है। समारोह में बोलते हुए, जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने कहा कि जिले के 69 शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति जिले के शैक्षिक क्षेत्र के लिए एक बढ़ा नुकसान है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करना जिले के लिए एक बढ़ा उत्सव है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों से जिले के समग्र शैक्षिक उत्थान के लिए सेवानिवृत्ति के बाद अपनी सेवाएं जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से स्थानीय क्षेत्र की स्कूल प्रबंधन समितियों से मिलकर सेवा देने का भी आग्रह किया। इस कार्यक्रम में कामरूप जिला परिषद की अध्यक्ष रीता तालुकदार तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भाग लेते हुए सरकार की इस पहल की प्रशंसा कर भाषण प्रदान किया। इस कार्यक्रम में कामरूप जिला के अतिरिक्त उपायुक्त कमल बरुआ, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बंकिम चंद्र भागवती, प्रमुख शिक्षाविद परेश वैश्य, अधिविद्या परिषद के सचिव रफीक अहमद सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तीन करोड़ से अधिक की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

**डिफू।** कार्बी आंग्लांग जिले में बुधवार को दो अलग-अलग अभियानों में तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त की गई और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस प्वाइंट-1 इलाके में दो लोगों के पास से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 1.36 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति ट्रेन से राजस्थान से मादक पदार्थ लेकर आए थे और इसे यहां एक व्यक्ति को सौंपने जा रहे थे, तभी उन्हें पकड़ लिया गया। एक अन्य अभियान में जिले के बोकाजान इलाके में लहरीजान पुलिस प्वाइंट के पास एक वाहन को रोका गया और 304 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि हेरोइन की कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक है और इसे साबुन के 2 डिब्बों में पैक किया गया था।

# रनदिया शतादल साहित्य सभा के इस महीने के विशिष्ट अतिथि रहे अच्युत डेका



**रंगिया ( निसं )।** यदि माताएं आध्यात्मिक रूप से शिक्षित हैं, तो बच्चे कभी भटक नहीं सकते मां बच्चे के चरित्र को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका निभाती है, जो पिता से कभी भी संभव नहीं है-यह बात असम नागरा नाम के एक अनुभवी पाठक और शिक्षक नामरप्रतिशत अच्युत डेका ने कही। उन्होंने कहा कि कीर्तन घोषा और गीता का अध्ययन एक सामान्य व्यक्ति को दुनिया के सभी ज्ञान के साथ बुद्धिमान बना सकता है। कार्यक्रम का संचालन रनदिया शताब्दी साहित्य सभा पत्रिका संपादक एवं कवि उज्ज्वल डेका, सांस्कृतिक कार्यकर्ता एवं अभिनेता, पंकज पल्लव शर्मा एवं सचिव हेमंत कलिता ने किया। जिसमें अन्य एक आमंत्रित अतिथि के रूप में कामरूप जिला साहित्य सभा के नवनिर्वाचित सचिव रजनी शालै उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत कलाकार प्रभात नाथ के गीत और शाखा के उपाध्यक्ष जयन्तजीत कलिता के कविता पाठ ने लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन रंगिया के तिनाली स्थित नवसुरुज पुस्तकालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतुल भुइयां, उपाध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा, पअध्यापक कविंद्र बोडो, प्राचार्य नबीन चंद्र दास, विषय शिक्षक मुकुल भुइयां, शिक्षिका मामोनी लहकर, सबिता बर्मन मजुमदार, आजीवन सदस्य प्रांजल कलिता, प्रणव कलिता, समीर कुमार चेतिया, चंदन लहकर, उद्यमी युवा बिपुल डेका और बहुत से अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथी अच्युत डेका और रजनी शालै को शाखा के सदस्यों द्वारा मानपत्र, फुलाम गामोछा और मुखपत्र रनदिया से सम्मानित किए जाने के साथ हुई।

## केंद्रीय बजट में असम को पूरी तरह किया गया नजर अंदाज : बोरा

**गुवाहाटी ( विभास )।** असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने कहा कि घोषणा करके सुर्खियां बटोरने, झूठे वादे करना नरेंद्र मोदी सरकार की रणनीति थी। आज का बजट भाजपा सरकार में लोगों के विश्वास के टूटने का सबूतभर है। यह बजट पूरी तरह से चुनावोन्मुखी, आश्चर्य और झूठे वादों से भरा है। यह देशवासियों के विकास का बजट नहीं है। यह बजट गरीबों के लिए अस्वास्थ्यकर बजट है। कांग्रेस अध्यक्ष बोरा बुधवार को केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि असम को इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है. उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान किए गए आदिवासीकरण के वादों का क्या हुआ? असम की बाढ़-कटाव की समस्या को राष्ट्रीय समस्या घोषित करने का क्या वादा किया गया है?

# कैप्टन जिंटू गोगोई वीर चक्र मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 15 से



**डिब्रूगढ़।** ऑयल इंडिया लिमिटेड, दुलियाजान के साथ स्पीयर कॉर्प्स के तत्वावधान में रेड शील्ड डिवीजन की लैपुली ब्रिगेड और असम राज्य सरकार के सहयोग से डिब्रूगढ़ में स्थित डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के रंग घर ऑडिटोरियम में कैप्टन जिंटू गोगोई, वीर चक्र मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के 18वें संस्करण की ट्रॉफी का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। लैपुली ब्रिगेड के कमांडर, बार टू सेना मेडल, ब्रिगेडियर के एस गिल, वाणिज्य, उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री बिमल बोरा ने संयुक्त रूप से अनावरण समारोह को अंजाम दिया। 15 फरवरी से 22 फरवरी तक दुलियाजान, डिब्रूगढ़, तिनसुकिया और डिगबोई में निर्धारित किये गए इस टूर्नामेंट में पूर्वोत्तर के 8 राज्यों की 24 टीमें हिस्सा लेंगी। 15 फरवरी 23 को नेहरू मैदान, दुलियाजान में भव्य उद्घाटन समारोह की परिकल्पना किया गया है। इस शानदार कार्यक्रम में प्रायोजक, मीडिया हाउस, असम के इन्फ्लुएंसर/ब्लॉगर, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ जिले के चुनिंदा मेहमानों सहित 400 से अधिक सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया। इस इसी कार्यक्रम में विजेता ट्रॉफी, उपविजेता ट्रॉफी और रोलिंग ट्रॉफी का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट का सॉन्ग जीत लो भी रिलीज किया गया।

# अलचेरिंगा 23 अपने 27वें संस्करण के साथ आज से, 80 प्लस इवेंटस

**गुवाहाटी/रंगिया ( विभास/निसं )।** अलचेरिंगा 23 अपने 27वें संस्करण के साथ वापस आ गया है, जो बोरठाकुर की आईएएस अकादमी द्वारा प्रस्तुत किया गया है और जीप्लस द्वारा जुड़ा हुआ है। यह फेस्टिवल द असम ट्रिब्यून, स्पार्क्स और प्राग न्यूज से जुड़ा है, जो एसबीआई द्वारा संचालित है, माणिक चंद द्वारा भरोसेमंद है, किलर द्वारा स्टाइल किया गया है और एनई सोशल द्वारा परामर्श दिया गया है। यह उत्तर-पूर्व भारत में सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक त्योहार है। इस वर्ष के उत्सव का विषय दृढ़ रहने की प्रतिज्ञा है, जो हर पतन के खिलाफ खड़े होने के साहस को प्रदर्शित करता है। यह उत्सव 2 फरवरी से 5 फरवरी तक चलेगा और युवाओं और रचनात्मकता का जश्न मनाएगा। इस फेस्टिवल में 80+ इवेंट्स, 40+ प्रतियोगिताएं, प्रोनाइट्स, प्रो-शो, अनौपचारिक गतिविधियां और बहुप्रतीक्षित क्रिएटर्स कैंप शामिल होंगे। म्यूजिकल सेंसेशन विशाल-शेखर और द येलो डायरी भी फेस्टिवल में परफॉर्म करेंगे। अलचेरिंगा पूर्वोत्तर भारत में सबसे बड़े त्योहार के रूप में समुदाय को वापस देने के लिए भी समर्पित है। त्योहार ने कई अभियान चलाए हैं, जैसे कि एक्यम, जो भाईचारे और उड़ान




के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जो वंचित छात्रों को सफल होने के अवसर प्रदान करता है। त्योहार का उद्देश्य सीमाओं के पार सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाना है और पूरे भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों से प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। क्रिएटर्स कैंप विभिन्न क्षेत्रों के कुछ शीर्ष रचनाकारों की मेजबानी करेगा और सभी के लिए अच्छा समय सुनिश्चित करने के लिए अनौपचारिक गतिविधियों की एक श्रृंखला होगी। 11ज्ञ गुवाहाटी के निदेशक ने कहा कि इस साल का त्यौहार कलाओं का जश्न मनाने और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है। हम सबसे अच्छे और प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाने के लिए उत्साहित हैं और हम यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि उनके पास हमारे लिए क्या है। डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स ने कहा कि अल्चेरिंगा सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव से अधिक है। यह हमारे लिए दुनिया भर के युवाओं को कला का जश्न मनाने, एक-दूसरे से सीखने और स्थायी यादें बनाने का एक अवसर है। मैं रोमांचित हूं इस साल के संस्करण का हिस्सा बनने के लिए। सांस्कृतिक बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि अलचेरिंगा उत्तर-पूर्व भारत में सांस्कृतिक परिदृश्य का एक प्रमुख हिस्सा बन गया है। इसकी निरंतर वृद्धि और सफलता आयोजन समिति की कड़ी मेहनत और समर्पण का एक वसीयतनामा है, और मैं एक होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इसे का हिस्सा। अलचेरिंगा के मीडिया और आउटरीच प्रमुख ने निष्कर्ष निकाला, टीम कड़ी मेहनत कर रही है और काम हमें दिखाई दे रहा है। हमारा उद्देश्य अलचेरिंगा में आने वाले सभी लोगों के लिए एक सार्वभौमिक मंच प्रदान करना है, और मैं सभी मीडियाकर्मियों को भी हमारी मदद करने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। हमारी दृष्टि तक पहुंचने के लिए।

# उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने डीसीपीसीआर का व्हाट्सएप चैटबॉट 'बाल मित्र' लॉन्च किया

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) द्वारा विकसित एक व्हाट्सएप चैटबॉट 'बाल मित्र' लॉन्च किया। बाल अधिकार आयोग द्वारा विकसित यह अनूठा चैटबॉट लोगों और आयोग के बीच कम्युनिकेशन को सुगम बनाने का एक प्रयास है। चैटबॉट नागरिकों और आयोग को अधिक प्रभावी तरीके से बातचीत करने में मदद करेगा। चैटबॉट की कुछ विशेषताओं में शिकायत पंजीकरण, सूचना खोजना और शिकायत की स्थिति पर नजर रखना, दाखिले की जानकारी मांगना आदि शामिल हैं। बच्चों और उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न मामलों पर प्रामाणिक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ, यह चैटबॉट इसके माध्यम से रिपोर्ट किए गए मामलों की गोपनीयता भी सुनिश्चित करेगा। डीसीपीसीआर के चैटबॉट को लॉन्च करते हुए, सिसोदिया ने कहा, "चैटबॉट 'बाल मित्र' आयोग द्वारा शुरू किया गया, गवर्नेंस को सिटीजन-फ्रेंडली बनाने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है। यह बच्चों और उनके अधिकारों के बारे में प्रामाणिक जानकारी के स्रोत के रूप में काम करेगा। बाल अधिकारों के संरक्षण से संबंधित किसी भी मामले की रिपोर्ट करने के साथ-साथ यह चैटबॉट लोगों, विशेषकर माता-पिता को उनके बच्चे के एडमिशन और शिक्षा संबंधी विषयों पर मार्गदर्शन भी करेगा। डीसीपीसीआर 'बाल मित्र' गवर्नेंस को और अधिक प्रभावी बनाने में हमारी मदद करेगा। यह सरकार और नागरिकों के बीच कम्युनिकेशन




गैप को खत्म करेगा। उन्होंने कहा कि डीसीपीसीआर यह सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से विभिन्न तकनीकी हस्तक्षेप कर रहा है कि बेहतर गवर्नेंस के लिए नागरिकों और सरकार के बीच कम्युनिकेशन अधिक सुलभ हो। इससे पहले, आयोग ने 'अर्ली वार्निंग सिस्टम' की शुरू की थी, जिसने शिक्षा विभाग को 50,000 से अधिक छात्रों को स्कूलों में वापस लाने और ड्रॉपआउट दरों को कम करने में मदद की है। उल्लेखनीय है कि डीसीपीसीआर दिल्ली सरकार की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वैधानिक संस्था है जो बच्चों के अधिकारों की निगरानी और सुरक्षा पर काम करती है। आयोग विज्ञापनों, सोशल मीडिया, जन सुनवाई, शिविरों आदि के माध्यम से जनता के लिए कई आउटरीच प्रयास कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप आयोग को प्राप्त होने वाली शिकायतों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। वर्तमान में संकटग्रस्त और उच्च जोखिम वाले बच्चों की जरूरतों के लिए आयोग को अधिक सुलभ, कुशल बनाने के लिए एक व्हाट्सएप-आधारित चैटबॉट लॉन्च किया गया है। चैटबॉट संबंधित जानकारी देते हुए डीसीपीसीआर के चेयरपर्सन अनुराग कुंडू ने कहा, "यह एक ऑटोमेटेड रिस्पांस एप्लिकेशन है जो सूचना वितरण में सहायता करेगा, लोगों को शिकायत दर्ज करने में मदद करेगा, शिकायतकर्ताओं के साथ नियमित संचार आदि करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग व्यक्तिगत रूप से आयोग तक पहुंचने में सक्षम नहीं हैं या हेल्पलाइन से संपर्क करने में असमर्थ हैं, वे इसके माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगे/जानकारी मांग सकेंगे। कुंडू ने आगे कहा कि आयोग ने अतीत में विभिन्न तकनीकी पहल की हैं जिनमें फाइलों का डिजिटलीकरण, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से बाल अधिकारों से संबंधित जानकारी का प्रसार आदि शामिल हैं। इन सभी हस्तक्षेपों के माध्यम से आयोग का लक्ष्य जल्द ही पूरी तरह से डिजिटलीकरण करना है। वहींइस मौके पर शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता ने कहा, "चैटबॉट 'बाल मित्र' शिक्षा निदेशालय के लिए भी बहुत मददगार होगा, क्योंकि यह डीओई को पूरी दिल्ली में बेहतर तरीके से बच्चों की शिक्षा से जुड़ी जानकारी प्रदान करने में मदद करेगा।

# राष्ट्रपति ने की थी अपील, बजट में हुई कैदियों को जमानत सहायता की घोषणा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संविधान दिवस पर जमानत न मिल पाने के कारण सालों जेल में बिताने वालों के दुख का उल्लेख किया था। केन्द्रीय बजट में इस बार ऐसे लोगों के लिए सरकार योजना लेकर आई है। केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को घोषणा की कि जेल में बंद गरीब कैदियों की जमानत पर आने वाला खर्च और उन पर लगाए गए जुर्माने की रकम अब सरकार देगी। यह घोषणा उन्होंने बजट में वंचितों की सहायता वाले भाग के दौरान की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जेल में छोटे-मोटे मामलों में बंद विचाराधीन कैदियों



का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सरकार तथा न्यायपालिका से मिलकर इस दिशा में कोई समाधान खोजने का आग्रह किया था।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने व्यक्तिगत अनुभवों और पृष्ठभूमि दोनों के माध्यम से अशिक्षित और न्यायिक प्रक्रियाओं से अपरिचित पिछड़े वर्ग की समस्या का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा, हमें जेल में बंद लोगों के लिए कुछ करना चाहिए। उन्हें न तो मौलिक अधिकारों का पता है और न ही उनके मौलिक कर्तव्यों का। कुछ वहां 15 साल, 20 साल, 25 साल से हैं।

# हाई कोर्ट ने दिया समग्र शिक्षा मिशन की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश

**कोलकाता, (हि.स.)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि समग्र शिक्षा मिशन की सारी जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए नहीं बल्कि शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की एकल पीठ ने कहा है कि दुआरे मोबाइल परियोजना शुरू मत करिए। ऐसी प्रक्रिया होनी चाहिए जो सभी की समझ में आए। मोबाइल एप्लीकेशन के बजाय वेबसाइट पर सीधे सारी जानकारी अपलोड करने की व्यवस्था होनी चाहिए। दरअसल शिक्षा विभाग ने बांग्ला शिक्षा नाम से एक अलग योजना शुरू की है। इसमें राज्य के विभिन्न ब्लॉकों में 18 साल की उम्र तक के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन के अवलोकन की जिम्मेवारी पार्श्व



शिक्षकों को दी गई है। इससे संबंधित सारी जानकारी राज्य सरकार के पास जमा देने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन के इस्तेमाल का निर्देश दिया गया है। इसी को लेकर दीप्तांशु विश्वनाथ दास नाम के एक व्यक्ति ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उनके अधिवक्ता सुदीप्त दासगुप्ता ने कहा कि कई लोगों के पास एंड्रॉयड फोन नहीं होता। ऐसे में उनके लिए इस तरह की जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन से अपलोड करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्श्व शिक्षकों का वेतन मात्र 12 हजार रुपये हैं। ऐसे में महंगे मोबाइल खरीद कर तथ्य अपलोड करना संभव नहीं है। इस पर जज ने कहा कि सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी और सारी जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। मोबाइल एप्लीकेशन से काम नहीं चलेगा।

# लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट और वित्त विधेयक पेश किया। विधेयक पेश होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। बजट के पूर्व केंद्रीय मंत्रिमंडल की संसद में ही बैठक हुई जिसमें इसे मंजूरी प्रदान की गई। इसके बाद वित्त मंत्री ने लोकसभा में अपना बजट भाषण पढ़ा। वित्त मंत्री का यह पांचवा बजट भाषण था और यह दूसरी बार है जब वे इसकी डिजिटल प्रति लेकर संसद पहुंची थीं। करीब एक घंटा 25 मिनट के बजट भाषण में उन्होंने अमृत काल का विजन रखा। उन्होंने बताया कि युवाओं सहित नागरिकों के लिए अवसर, रोजगार सृजन और मजबूत एवं स्थिर सूक्ष्म आर्थिक वातावरण पर बजट में ध्यान केंद्रित किया गया है। आने वाले समय में महिलाओं, हस्तशिल्पियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों, पर्यटन और हरित विकास के लिए अवसर खुलेंगे। उन्होंने सात प्राथमिकताओं का जिक्र किया जिसे उन्होंने सप्तऋषि कहकर संबोधित किया। इसमें समावेशी विकास, अंतिम पंक्ति तक पहुंच, ढांचागत निर्माण और निवेश,



हरित विकास, वित्तीय क्षेत्र, यूथ पावर शामिल रहा। उन्होंने मोटा अनाज के लिए श्रीअन्न शब्द का प्रयोग किया और उन्हें बढ़ावा देने की बात कही। बजट पेश करने के दौरान एक स्थान पर सीतारमण की जुबान फिसल गई। वे ओल्ड व्हीकल के बदले रिमूव ओल्ड पॉलिटिकल व्हीकल बोल गईं और फिर कहा-सॉरी, ओल्ड पॉल्यूटेड व्हीकल। इससे थोड़े समय के लिए सदन का महौल हास्य से भर गया। वित्त मंत्री के इस बार का भाषण सीधा और स्पष्ट रहा। किसी उदाहरण और शेरो शायरी का उन्होंने उपयोग नहीं किया। वित्त मंत्री ने बुधवार को प्रस्ताव किया कि केंद्र कर्नाटक में अपर भद्रा परियोजना के लिए 5,300 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करेगा। राज्य में चुनाव होने हैं और इसका जिक्र आते ही सदन में हो हल्ला हुआ। इसके अलावा उन्होंने ढांचागत विकास पर सरकार के परिव्यय बढ़ाने की बात कही तो सदन में मोदी-मोदी के नारे लगे। वहीं इसके उलट कांग्रेस ने भारत जोड़ो-भारत जोड़ो कहना शुरू कर दिया। वित्त मंत्री ने जेल में बंद गरीबों को जमानत देने में वित्तीय मदद का आश्वासन दिया जिसपर सदन में जोर-जोर से तालियां बजीं। इसके अलावा व्यक्तिगत कर में छूट की घोषणा के बाद भी सदन प्रशंसा में गूंजायमान हुआ। बजट पर अपना भाषण देने के बाद उन्होंने वित्त विधेयक संसद में रखा। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

# जनविरोधी है बजट: ममता बनर्जी

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए बजट को जनविरोधी करार दिया है। उनके मुताबिक इस बजट से आम लोगों, गरीबों, बेरोजगारों को कुछ भी लाभ होने वाला नहीं है। केंद्र ने अपनी राजनीतिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। बीरभूम जिले के बोलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया है कि 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना मनरेगा का फंड बजट में कम कर दिया गया है। टैक्स में कोई राहत



नहीं मिली है। ममता ने कहा कि दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात पिछले बजट में की गई थी, आज भी इसे पूरा नहीं किया गया। केंद्र राज्यों से जीएसटी के तौर पर रुपये वसूलता है लेकिन हमारा हिस्सा नहीं देता। केंद्र का यह बजट केवल गुमराह करने वाला है।

# बजट प्रतिक्रिया- एक मध्यवर्गीय बोनांजा के साथ समावेशी बजट- स्मृति ईरानी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक मध्यवर्गीय बोनांजा बजट है। इसके साथ यह एक समावेशी बजट है जिसमें अनुसूचित जाति(एससी), जनजाति (एसटी), ओबीसी, महिलाओं और बुजुर्गों को भी शामिल किया गया है। वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं के सम्मान में बचत का एक नया विकल्प पेश किया। आज का बजट दशार्ता है कि कैसे 'नारी शक्ति' एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि इस बजट से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने बजट में बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा का भी स्वागत किया।

# केंद्रीय बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत : शिवराज

**भोपाल, (हि.स.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को संसद में पेश केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमृत काल बजट में आयकर दरों में बहुप्रतीक्षित बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभिनंदन करता हूं। यह सही अर्थों में जन भावनाओं का सम्मान कर नागरिकों व राष्ट्र के हित में फैसले लेने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री चौहान ने सिलसिलेवार ट्वीट के माध्यम से कहा कि बजट में केन्द्रीय वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। छूट की सीमा में वृद्धि, और नई कर व्यवस्था में बदलाव से लोगों के हाथ में अधिक पैसा बचेगा। खपत बढ़ेगी और विकास को गति मिलेगी। यह देश की जीडीपी में उनके निस्वार्थ योगदान का सम्मान करता है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि आवासीय एकलव्य मॉडल विद्यालय के लिए 38 हजार



शैक्षणिक एवं सहायक स्टाफ की भर्ती की घोषणा अभिनंदनीय है। जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को निखारने में यह कदम क्रांतिकारी साबित होगा। चौहान ने कहा कि कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने से किसानों को अत्यंत आवश्यक वित्त उपलब्ध होगा और खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। फार्म इनपुट मार्केट इंटेलिजेंस और एग्रीटेक स्टार्टअप्स के लिए समर्थन एक लाभदायक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा। मुख्यमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना निवेश सीमा को दोगुना कर 30 लाख रुपये वरिष्ठ नागरिकों को समाज में उनके योगदान के लिए प्रधानमंत्री मोदी का उपहार है। इससे उन्हें अपनी दैनिक जरूरतों, चिकित्सा और तीर्थ यात्रा के खर्चों को पूरा करने के लिए उच्च लाभ अर्जित करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से न केवल तीव्र गतिमान राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को एक सक्षम, सबल और सुयोग्य कार्य बल मिलेगा वरन युवाओं को योग्यता वृद्धि के भी अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

# हिमस्खलन की चपेट में आया गुलमर्ग का रिजॉर्ट, दो की मौत

**बारामूला, (हि.स.)।** बारामूला जिले के गुलमर्ग में स्थित स्की रिजॉर्ट अफरवात चोटी पर हिमस्खलन की की चपेट में आ गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। मौके पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अब तक चार अन्य लोगों को बचाया गया है। बुधवार दोपहर बारामूला पुलिस ने ट्वीट कर बताया था कि अफरवात चोटी में हिमस्खलन में गुलमर्ग का प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट चपेट में आ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बारामूला पुलिस ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में हिमस्खलन के तुरंत बाद बचाव अभियान में दो लोगों के शव बर्फ के नीचे से निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि



अब तक चार अन्य लोगों को बचाने में सफलता मिली है। अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान जारी और पता लगाया जा रहा है कि क्या कोई अन्य व्यक्ति अभी भी बर्फ में फंसा है।

# पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन मनीषा गुलाटी को पद से हटाया

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब की महिला आयोग की चेयरपर्सन मनीषा गुलाटी को पद से हटा दिया गया है। पंजाब सरकार ने 18 सितंबर 2020 को मनीषा गुलाटी का कार्यकाल बढ़ाया था। सोशल सिक्योरिटी वूमेन और चाइल्ड विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सरकारी नियमावली में किसी तरह का ऐसा प्रावधान नहीं था कि उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सके। इस कारण उन्हें चेयरपर्सन बनाने के आदेश को वापस लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन रही मनीषा गुलाटी पहले कांग्रेस में थी। जिन्होंने



कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा का दामन थाम लिया था। कांग्रेस छोड़ते ही उन्होंने सीएम चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कांग्रेस में रहते उनकी डिग्निटी को हर्ट किया गया था। हिंदू होने के कारण उन्हें टारगेट किया गया और पर्सनल रंजिश निकाली जा रही थी।

# अमृतकाल का सर्व जनहिताय बजटः फडणवीस

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट अमृतकाल का सर्वजनहिताय बजट है। इस बजट में समाज के हर वर्ग को शामिल किया गया है और यह बजट देश को 25 साल में विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट है। देवेंद्र फडणवीस बुधवार को मुंबई में पत्रकारों से बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस बजट में 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान मूलभूत सुविधाओं के लिए किया गया है। इससे मूलभूत सुविधाओं के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होने वाले हैं। इसी तरह बजट में राज्यों को 2047 तक 1 लाख 30 हजार रुपये तक बिना ब्याज का लोन दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसका लाभ सभी राज्य ले सकेंगे और हर राज्य का विकास होगा। राज्यों में कृषि



क्षेत्र में निवेश नेचरल फार्मिंग की ओर ले जाने वाला साबित होने वाला है। उन्होंने कहा कि इसी तरह सहकार क्षेत्र के लिए इस बजट में शुगर इंडस्ट्रीज के 2016 से पहले के बकाया कर को खर्च के रुप में दिखाए जाने का प्रावधान किया गया है। इससे सहकार क्षेत्र में बकायेदार शुगर इंडस्ट्रीज कर मुक्त हो सकेंगे । फडणवीस ने कहा कि इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुगर इंडस्ट्रीज का 2016 से अब तक का बकाया कर्ज माफ करने का निर्णय लिया था। इसी तरह बजट में 7 लाख रुपये तक की वार्षिक आमदनी को करमुक्त करने का निर्णय मध्यम वर्ग के लिए दिलासादायक है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वे हर वर्ग को कुछ न कुछ देने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

# हाई कोर्ट में पीएफआई के पूर्व प्रमुख अबू बकर की जमानत पर सुनवाई टली, अब 3 को होगी सुनवाई

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व प्रमुख ई. अबू बकर की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई करनेवाली बेंच के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी। इससे पहले एनआईए ने 12 जनवरी को सुनवाई के दौरान कहा था कि अबू बकर जांच को बाधित करना चाहता है। उसके खिलाफ जांच चल रही है और इसी दौरान ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर जांच को बाधित करने की कोशिश की जा रही है। अबू केरल जाकर इलाज करने की अनुमति मांग रहा है। उसकी याचिका जांच को बाधित करने और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश है। सुनवाई के दौरान अबू बकर के वकील अदीत एस पुजारी ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है। जीने के अधिकार में स्वास्थ्य का अधिकार और गरिमा




के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है। अबू कैंसर और पार्किंसन की बीमारी से ग्रस्त है और वो अपने शरीर की सफाई भी नहीं कर सकता है। वो दो बार टॉयलेट में गिर चुका है। जब वो एम्स में इलाज के लिए गया, तो उसके बेटे से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। हाई कोर्ट ने 19 दिसंबर, 2022 को अबू बकर की उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने अपने घर में नजरबंदी की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने कहा था कि हम आपके घर क्यों भेजे, आप अस्पताल जाइए। 14 दिसंबर, 2022 को एनआईए ने कहा था कि अबू बकर बिल्कुल ठीक हैं और उनका इलाज चल रहा है। एनआईए ने कहा था कि अबू बकर को जरूरत पड़ने पर अस्पताल ले जाया जाता है। दरअसल, 30 नवंबर 2022 को हाई कोर्ट ने अबू बकर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एम्स से मेडिकल रिपोर्ट तलब किया था। सुनवाई के दौरान अबू बकर की ओर से वकील मोहम्मद मोबीन अख्तर ने कहा था कि अबू बकर की उम्र 70 साल है। उसको दुर्लभ कैंसर के साथ ही पार्किंसन और डायबिटीज और हाईपरटेंशन समेत कई बीमारियां हैं। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से कहा गया था कि मामले पर कोर्ट को कोई फैसला लेने से पहले एम्स की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।

# दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह वायु प्रदूषण की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा है कि यह इस मौसम का सामान्य तापमान है। इस अधिकारी के मुताबिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 156 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद



खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे हवा में आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। दिन में तेज हवा चलने के साथ ही अधिकतम तापमान के 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूवार्नुमान है।

# हाईकोर्ट ने शुभेंदु से पूछा : कोयला भतीजा या लेडी किम कौन है?

**कोलकाता, (हि.स.)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से पूछा है कि आप अपने ट्वीट में बार-बार जिस कोयला भतीजे और लेडी किम का जिक्र करते हैं वे कौन हैं? दरअसल मवेशी तस्करी और कोयला तस्करी मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का नाम सीधे तौर पर नहीं लेकर अधिकारी उन्हें कोयला भतीजा और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेडी किम की सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर कई गंभीर आरोप लगाते लगाते हैं। इसे लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका लगी थी। इसकी



सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मौसमी भट्टाचार्य ने कहा कि आप अपने ट्वीट में बार-बार जिस कोयला भतीजा का जिक्र करते हैं वह कौन है? सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने मजाकिया लहजे में कहा कि मैंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बारे में सुना है। अब यह लेडी किम कौन है? वही है या कोई और? दरअसल गत 13 नवंबर को शुभेंदु अधिकारी ने एक ट्वीट किया था। इसमें उन्होंने कोयला भतीजा और लेडी किम का जिक्र किया था। इसी को लेकर राज्य महिला अधिकार आयोग की ओर से एक नोटिस शुभेंदु अधिकारी को भेजा गया था। इसमें पूछा गया था कि शुभेंदु किसके बारे में ये बातें कर रहे हैं लेकिन उन्होंने इसका जवाब देने से इनकार कर दिया था और इस नोटिस को खारिज करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उसी पर बुधवार को सुनवाई हुई है।

# गरीब कल्याण व ग्राम विकास को समर्पित बजट : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश के आम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट गरीब कल्याण व ग्राम विकास को समर्पित है। केशव प्रसाद ने ट्वीट किया कि यह गरीब कल्याण, गरीबों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला और ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, अवसंरचना विकास, पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों के विकास को समर्पित बजट है। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय आम बजट 2023-24 सामाजिक न्याय, समानता और समान अवसर की अवधारणा को चरितार्थ करने वाला बजट है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अमृत काल में सबका संकल्प। कोई नहीं मोदी का विकल्प। वित्तमंत्री ने अमृतकाल में आयकर में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। छूट की सीमा में वृद्धि व नई कर व्यवस्था में बदलाव से आदमी के हाथ में अधिक पैसा बचेगा, खपत बढ़ेगी और विकास को गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि गरीब कल्याण को समर्पित यह बजट हर वर्ग को लाभांवित कर रहा है। प्रस्तुत आम बजट 2023-24 अमृतकाल का बजट है। वैश्विक मंदी के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है। बजट में महिलाओं और किसानों का ध्यान रखा गया है। मध्यम वर्ग को विशेष राहत मिलेगी। बजट में विशेषकर स्वास्थ्य क्षेत्र का ध्यान रखा गया है।

# देर रात रामनगरी अयोध्या पहुंच जाएंगी शालिग्राम शिलायें

## -गोरखनाथ मंदिर परिसर में नौ घंटे रहा देवशिलाओं का रथ



गोरखपुर, (हि.स.)। गोरखनाथ मंदिर पहुंचा देवशिलाओं का रथ नौ घंटे मंदिर परिसर में रहा। बुधवार की सुबह 9:45 बजे अयोध्या धाम के लिए इसकी रवानगी हुई। रामलला की मूर्ति निर्मित किए जाने के लिए नेपाल के दामोदरकुंड से लाई जा रही 26 टन एवं 14 टन की शालिग्राम शिलायें बुधवार की देर रात रामनगरी अयोध्या पहुंच जाएंगी। मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ के नेतृत्व में देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत मिथिलेश नाथ, तपसीधाम के महंत जयबख्श नाथ, हनुमान मंदिर के महंत रामदास, शांतिनाथ आदि संतों ने विधि-विधान से दोनों देवशिलाओं की बारी-बारी से पूजा की। शिलायात्रा के साथ आए लोगों ने यात्री निवास में विश्राम किया। बुधवार की सुबह पूजन-अर्चन के बाद शिलारथ की आरती उतारी गयी और अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। देव शिलाओं के दर्शन-पूजन के लिए बुधवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने दर्शन के साथ शिलाओं के समाने इस आस्था के साथ प्रसाद चढ़ाया कि वह अयोध्या धाम के श्रीराम मंदिर में प्रसाद चढ़ा रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि मंगलवार की शाम सात बजे कुशीनगर के बहादुरपुर से यूपी में प्रवेश करने वाली शालिग्राम शिलाएं पौने छह घंटे में 97 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर गोरखपुर पहुंचीं। भगवान भगवान बुद्ध से लेकर गुरु गोरक्षनाथ की धरती तक भक्तिभाव से सराबोर लोग मंगलगीत गाते हुए शिलायात्रा पर पुष्पवर्षा करते रहे। इधर, गोरखनाथ मंदिर परिसर में शिला रथ पहुंचने कर बाद भगवान श्रीराम के साथ बाबा गोरखनाथ के जयकारे का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह देव शिलाओं को मंदिर परिसर से विदाई तक जारी रहा। संत-महंत और श्रद्धालु भगवान विष्णु के स्वरूप देवशिलाओं का दर्शन करने के लिए भाव-विह्वल दिखे। बता दें कि अयोध्या धाम जाने के लिए जनकपुर होते हुए नेपाल से आ रही देवशिला यात्रा मंगलवार रात 12:40 बजे गोरखनाथ मंदिर पहुंची थी। गोरखनाथ मंदिर पहुंचे देवशिला रथ को परिसर स्थित यात्री निवास के सामने विश्राम दिया गया।

# बजट पार्टी से ज्यादा देश के लिए हो तो बेहतर : मायावती

## - बसपा प्रमुख ने कहा, बजट पार्टी से ज्यादा देश के लिए हो तो बेहतर



लखनऊ, (हि.स.)। बसपा प्रमुख मायावती ने बजट को दावों व उम्मीदों की बरसात करना बेमानी बताया है। मायावती ने कहा कि केन्द्र जब भी योजना लाभार्थियों के आंकड़ों की बात करे तो उसे जरूर याद रखना चाहिए कि भारत लगभग 130 करोड़ गरीबों, मजदूरों, वंचितों, किसानों आदि का विशाल देश है जो अपने अमृतकाल को तरस रहे हैं। उनके लिए बातें ज्यादा हैं। बजट पार्टी से ज्यादा देश के लिए हो तो बेहतर है। उन्होंने कहा है कि जब मिडिल क्लास महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि की मार के कारण लोवर मिडिल क्लास बन गया हो, ऐसे में यह सब झूठी उम्मीदें हैं। बजट के बाद बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अपने ट्वीटर हैंडल से चार ट्वीट किये। उन्होंने लिखा, इस देश में पहले की तरह पिछले नौ वर्षों में भी केन्द्र सरकार के बजट आते-जाते रहे जिसमें घोषणाओं, वादों, दावों व उम्मीदों की बरसात की जाती रही, किन्तु वे सब बेमानी हो गए जब भारत का मिडिल क्लास महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि की मार के कारण लोवर मिडिल क्लास बन गया, अति-दुखद। दूसरे ट्वीट में लिखा, इस वर्ष का बजट भी कोई ज्यादा अलग नहीं। पिछले साल की कमियां कोई सरकार नहीं बताती और नए वादों की फिर से झड़ी लगा देती है जबकि जमीनी हकीकत में 100 करोड़ से अधिक जनता का जीवन वैसे ही दाव पर लगा रहता है जैसे पहले था। लोग उम्मीदों के सहारे जीते हैं, लेकिन झूठी उम्मीदें क्यों। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की संकीर्ण नीतियों व गलत सोच का सर्वाधिक दुष्प्रभाव उन करोड़ों गरीबों किसानों व अन्य मेहनतकश लोगों के जीवन पर पड़ता है जो ग्रामीण भारत से जुड़े हैं और असली भारत कहलाते हैं। सरकार उनके आत्म-सम्मान व आत्मनिर्भरता पर ध्यान दे ताकि आमजन की जेब भरे व देश विकसित हो।

# महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला है आम बजट : अखिलेश यादव



लखनऊ, (हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को आए आम बजट को महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला बताया है। उन्होंने बजट को कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की बात कही है। अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर कहा कि भाजपा अपने बजट का दशक पूरा कर रही है, पर जब जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपाई बजट महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ाता है। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है, क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुंचाने के लिए बनता है।

# यूपी एसटीएफ की सतर्कता से 438 वारदातें रुकी, 700 अपराधी गिरफ्तार

लखनऊ, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत उप्र स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की सजगता व सतर्कता के फलस्वरूप 438 से अधिक अपराधिक घटनाओं को घटित होने से पूर्व रोकते हुये आपराधियों की योजनाओं को विफल किया गया है। यह उपलब्धि यूपी एसटीएफ को मार्च 2017 से लगभग छह वर्षों की अवधि में मिली है। इसके फलस्वरूप जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित व्यक्ति, आम नागरिक आदि के अपहरण, लूट, हत्या जैसे संगीन अपराधों को रोकने और उनके जान-माल को सुरक्षित करने में कामयाबी मिली है। यह जानकारी प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस अवधि में एसटीएफ ने कुल 2084 विशेष सराहनीय कार्य किए हैं। इसके अलावा 3197 संगठित अपराधकताओं को भी गिरफ्तार किया गया है। उक्त अवधि में कुल 700 कुख्यात व इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान हुई मुठभेड़ में 38 इनामी अपराधी भी मारे गए हैं। पकड़े व मारे गये इन अपराधियों पर 10 हजार से पांच लाख रुपये तक की धनराशि का इनाम घोषित था। अपर पुलिस महानिदेशक (एसटीएफ) अमिताभ यश ने बताया कि इस अवधि में परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक जैसी धांधली को रोकने एवं जड़ से समाप्त करने के लिये सफलतापूर्वक कार्य करते हुए कुल 149 गिरोहों के 726 सरगना-साल्वरों एवं छात्रों को गिरफ्तार किए गए हैं। यह कार्य प्रत्यक्ष रूप से युवाओं के भविष्य सृजन से सम्बंधित है और इससे युवा वर्ग में सरकार की साख बहुत बढ़ी है। साइबर अपराधों में लिप्त 319 साइबर अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर 167 अपराधियों की गिरफ्तारी की है। उनके कब्जे से 1785 अवैध शस्त्र व 7716 अवैध कारतूस बरामद हुआ है। अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये विभिन्न प्रदेशों (पंजाब, हरियाणा आदि से) शराब की तस्करी करने वाले 455 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 7,2,320 पेटी शराब, 33,0,416 लीटर रेक्टिफाइड स्प्रिट एवं 7,560 लीटर तैयार देशी शराब बरामद की गयी है। एसटीएफ ने मादक पदार्थों के अवैध व्यवसाय में लिप्त कुल 790 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 82064.69 किलोग्राम गांजा, 1855.132 किलोग्राम चरस, 16880.1 किलोग्राम डोडा/पोस्ता, 7.06 किलोग्राम मारफिन, 719.238 किलोग्राम स्मैक, 20.531 किलोग्राम हेरोइन, 116.014 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ है। इसके अलावा प्रतिबन्धित वन्य जीवों का शिकार कर उनकी तस्करी करने वाले विभिन्न गिरोह के 128 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कैलीपी, दो पैंगोलिन, एक पेंगोलिन स्कलप, एक बाघ की व एक तेंदुआ की खाल, 18 किलोग्राम बाघ की हड्डी, एक हाथी का दांत, 6772 कछुएं, 2943 प्रतिबन्धित पक्षी, एक लकड़बग्घे का कंकाल, 20 लंगूर, 4.12 किलोग्राम अम्बरगेरिस, चार जंगली शुअर के दांत, 563.1 किलोग्राम लाल चन्दन की लकड़ी तथा इनके लिए प्रयुक्त किये जाने वाले वाहन, नगद धनराशि आदि की बरामदगी की गयी।

# रांची में 12 से लेकर एक बजे तक डीजे बजा तो मैरेज और बैंक्वेट हॉल का लाइसेंस होगा रद्द



रांची, (हि.स.)। राजधानी रांची के मैरेज और बैंक्वेट हॉल नियम कानूनों को धता बताकर रात के 12 से लेकर एक बजे तक तेज धुन पर डीजे बजाया जाता है। इसे देखते हुए निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने सभी मैरेज व बैंक्वेट हॉल के लिए आदेश जारी किया है। पाहन ने कहा है कि अगर किसी भी मैरेज व बैंक्वेट हॉल में रात 10 बजे के बाद डीजे बजता है, तो ऐसे मैरेज व बैंक्वेट हॉल का लाइसेंस रद्द किया जायेगा। बताया जाता है कि रांची शहर में मैरेज व बैंक्वेट हॉलों की संख्या 170 से अधिक है। इसमें मात्र 31 मैरेज व बैंक्वेट हॉल ही ऐसे हैं, जिनके पास लाइसेंस हैं।

बाकी के सारे भवनों का संचालन ऐसे ही हो रहा है। रांची में लॉज हॉस्टलों की संख्या पांच हजार से अधिक है। इसमें से मात्र 135 लॉज हॉस्टल ही ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निगम से लाइसेंस लिया है। बाकी के लॉज-हॉस्टल का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। इन लॉज व हॉस्टलों में निगम के गाइडलाइन के अनुरूप कोई व्यवस्था नहीं रहती है। शहर में लॉज व हॉस्टल चलाने के लिए नगर निगम द्वारा नियमावली बनायी गयी है। इसके तहत जिन भवनों का नक्शा पास होगा, सुरक्षा के दृष्टिकोण से जहां गार्ड, सीसीटीवी सहित भवन में पर्याप्त पार्किंग, वेंटिलेशन की सुविधा होगी, ऐसे भवनों में ही लॉज व हॉस्टल चलाने के लिए नगर निगम अनुमति देगा।

# हर वर्ग की उम्मीदों और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला बजटः सुदेश



रांची, (हि.स.)। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट हर वर्ग की उम्मीदों और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा जाना और खासकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देना सराहनीय कदम है। महतो ने बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का हार्दिक अभिनंदन किया है। महतो ने बुधवार को कहा कि आम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग की उम्मीदों को पूरा करने वाला है। पीएम आवास योजना के लिए 66 प्रतिशत बढ़ोत्तरी, भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ का आवंटन करने की व्यवस्था जो अब तक का सबसे बड़ा है, केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि बजट में अन्य कई व्यवस्था निःसंदेह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले तीन वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती, शिक्षित एवं विकसित भारत के अभियान को गति देगा तथा जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा। बजट की सात प्राथमिकताएं हैं। इनमें समावेशी विकास, समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा को सुदृढ़ करना, अवसंरचना निवेश, क्षमता विकास, हरित विकास, युवा शक्ति शामिल है। साथ ही सहभागिता आधारित विकास के साथ 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा।

# बजट में सभी सेक्टर का रखा गया ध्यान, टैक्स स्लैब हुआ बेहतर : झारखंड चैंबर



रांची, (हि.स.)। केन्द्र सरकार के बजट (वर्ष 23-24) को शानदार बताते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि से लेकर एमएसएमई समेत सभी सेक्टरों को शामिल किया गया है। आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ का प्रावधान सरकार ने किया। चैंबर भी आदिवासियों की भूमिका उद्योगों में तय करने के लिए योजना की मांग करते रहे है। ऐसे में बजट से युवा से लेकर सीनियर सिटिजन तक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से लाइव बजट शो का आयोजन भी किया गया, जहां व्यापारियों ने मिलकर बजट सुना और इस पर चर्चा भी की। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि चैंबर पिछले कुछ दिनों से बजट पर मंथन कर रहा था। 70 फीसदी तक बजट चैंबर के सुझावों के अनुरूप है। चैंबर ने पांच राज्यों के साथ इस पर मंथन किया था, जिसमें छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, राजस्थान शामिल हैं। चैंबर महासचिव डॉ. अभिषेक रामाधीन ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। इसमें निर्माण कार्य और टैक्स रिफॉर्म पर बेहतर कार्य किया गया है लेकिन स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार को थोड़ा ध्यान देना चाहिये। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट सरकार को बढ़ाना चाहिए। वर्तमान जीडीपी स्वास्थ्य में 2.5 फीसदी है। इसमें वृद्धि जरूरी है। जेसिया अध्यक्ष फिलिप मैथ्यू ने कहा कि बजट में कई प्रावधानों की घोषणा की गयी है। विशेषकर टैक्स स्लैब में। अब सात लाख तक सालाना आय पर टैक्स नहीं लगेगा। इससे मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ने धनबाद अग्निकांड में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की



रांची, (हि.स.)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद शहर के आशीर्वाद अपार्टमेंट में लगी आग की घटना में प्रत्येक मृतक के परिजन को राज्य सरकार की ओर से चार लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिया है। इसकी जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा स्थिति और राहत कार्य की जानकारी लेने के लिए आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता भी धनबाद जाएंगे। राज्य में बीते चार दिनों में आग से जलकर 23 लोगों की मौत हुई है। इन 23 लोगों की मौत राज्य के धनबाद, हजारीबाग और चाईबासा जिले में आगजनी की घटनाओं में हुई है। उल्लेखनीय है कि धनबाद बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक रोड स्थित आशीर्वाद टावर के द्वितीय तल पर मंगलवार शाम भीषण आग लग गई। हादसे में 14 लोगों की झुलसकर मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को पाटलिपुत्र नर्सिंग होम और एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतकों में दस महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष हैं।

# भाजपा नेता ने केंद्रीय बजट का स्वागत कर दी बधाई



सहरसा, (हि.स.)। केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण द्वारा आज केन्द्रीय बजट 2023 प्रस्तुत करते हुए देश के समग्र विकास एवं हर वर्ग के हित को देखते हुए कई अहम घोषणाएं की गई है। भाजपा जिला मंत्री राजीव रंजन साह ने अमृतकाल के इस बजट का स्वागत कर कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को रेखांकित करता है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत 15 लाख रुपये तक की सीमा को बढ़ा कर 30 लाख रुपये किया गया है। मासिक आय खाता स्कीम के तहत भी मौजूदा 4.5 लाख रुपये की सीमा को बढ़ा कर 9 लाख रुपये किया जा रहा है। ये बजट समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है। विशेषकर मध्यम वर्ग को आयकर में राहत दी गई है जो टैक्स स्लैब बनाया गया है वो राहत देने वाला है। अमृत काल के इस ऐतिहासिक बजट पर प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री का आभार प्रकट किया है।

# समाधान यात्रा पर मुख्यमंत्री के सहरसा आगमन पर विधायक ने विभिन्न समस्याओ के समाधान की मांग की



सहरसा, (हि.स.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा के माध्यम से सहरसा आगमन पर विधायक डॉ आलोक रंजन ने बधाई व शुभकामना व्यक्त कर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की है डॉ रंजन ने कहा कि आपको सहरसा के मुख्य समस्या का समाधान करना चाहिए जिसके अंतर्गत सहरसा मे ओवरब्रिज की महत्वपूर्ण सामस्या है,जो प्रत्येक सहरसा वासियों के दिल में है कि सहरसा मे आरओबी का निर्माण होना चाहिए। हमने बहुत प्रयास किया कैबिनेट में पास हुआ सरकार ने निर्णय लिया कि सहरसा मे आरओबी का निर्माण किया जाना चाहिए। हम भी उस कैबिनेट में मौजूद थे। मुख्यमंत्री जी आप भी अवगत हैं कि हमने किस तरह प्रयास किया आपके सहयोग से सफलता मिली थी। लेकिन इसके बाद भी यह ओवरब्रिज नहीं बन सका। बाद में इसका एलाइनमेंट चेंज किया गया सहरसा वासियों के लिए ओवरब्रिज निर्माण अति आवश्यक है। जिस नक्शा पर जिस एलाइनमेंट पर बने जैसे भी बने सहरसा वासियों को सिर्फ और सिर्फ ओवरब्रिज चाहिए। अगर आप सहरसा के समस्या का समाधान करना चाहते हैं तो सहरसा का महत्वपूर्ण समस्या के कारण पूरा बाजार त्रस्त रहता है। उस ओवरब्रिज का निर्माण करवाकर सहरसा के इस महत्वपूर्ण समस्या का समाधान करें।वही वाटर ड्रेनेज सिस्टम का प्रथम फेज का काम बुडको द्वारा किया गया। लेकिन सहरसा मे लगभग पाँच सौ करोड़ रुपया ही सिर्फ पचपन करोड़ रुपया ही प्रथम फेज में खर्च किया गया। जिसमे टुकड़ों में शहर में नालों का निर्माण हुआ। जिसका नतीजा यह हुआ कि शहर की मुख्य समस्या जल जमाव का स्थिति जस की तस बनी हुई है। सहरसा में कानून व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत है। शराबबंदी के बावजूद सहरसा में धड़ल्ले से शराब, कोरेक्स एवं अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री हो रही है इस कानून के कारण छोटे छोटे बच्चे डिलेवरी ब्वॉय का काम कर रहा है। सहरसा के युवा का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सहरसा के इस समस्या का समाधान करना चाहिए। कोसी प्रमंडल का मुख्यालय सहरसा में रोजगार की बड़ी समस्या है। लोग अपनी रोजी रोटी के लिए बिहार से बाहर पलायन करते हैं। सहरसा स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ जिला है। यहाँ एक भी अच्छे अस्पताल नहीं हैं। केंद्र सरकार की योजना है कि सभी जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो। सहरसा कोसी प्रमंडल का मुख्यालय के बाद भी सबसे पहले मेडिकल कॉलेज सहरसा के बजाय मधेपुरा में बना। उसके बाद सुपौल में स्वीकृत किया गया। लेकिन सहरसा में मेरे द्वारा बार बार प्रयास के बावजूद स्वीकृत नही होने से लोगों में भेद भाव की भावना उत्पन्न हुई है। लगता है कि सरकार सहरसा के साथ दोहरी नीति अपनाती है डॉ रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर पथ निर्माण विभाग अपने कार्यालय को सुसज्जित करने के लिए बिना निविदा करोड़ों रुपए खर्च कर गुणवत्ता विहीन कार्य कर पैसों की बंदरबांट की जा रही है।

# केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को फिर ठगाः तेजस्वी यादव



पटना, (हि.स.)। आम बजट को लेकर बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने फिर हमें ठगा है। बिहार को इस आम बजट से कोई भी उम्मीद नहीं थी। भाजपा के लोगों ने शुरू से ही बिहारियों को ठगने का काम किया है। इस बार भी बिहार के लोगों के लिए आम बजट में कुछ भी नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि इससे पहले जब देश का बजट पेश किया जाता था तो सभी लोगों का ध्यान रखा जाता था लेकिन अब जो बजट पेश किया जा रहा है उसमें किसी का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इससे पहले रेल बजट अलग होता था तो लोग बड़ी उम्मीद के साथ इसे देखते थे लेकिन अब तो बजट को छोटा किया जा रहा है। पहले सरकार काफी बारीकी से लोगों को अपनी कार्य योजना के बारे में बताती थी लेकिन वर्तमान में महंगाई, बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ गई है। इसलिए अब देखना है कि उसे रोकने में सरकार कैसे आम लोगों की मदद करेगी।

तेजस्वी ने कहा कि इससे पहले केंद्र सरकार राज्यों को विशेष रूप से सहायता करती थी। अब वह सहायता साल दर साल कम होती जा रही है। बिहार सरकार की सभी योजनाओं में केंद्र सरकार के पैसे को खर्च कर रही है लेकिन राज्य के ऊपर केंद्र के द्वारा अधिक भार बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री देश की जनता के साथ आठ वर्षों में कई तरह के वादे किए हैं लेकिन कितना वह पूरा हुआ है यह जनता भी जानती है।

# बजट में बिहार के लिए कुछ भी नहीं : मुख्यमंत्री



पटना, (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुपौल यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि समाधान यात्रा के दौरान बजट को ठीक से नहीं देख पाया हूं। तय कार्यक्रम था। पटना में रहने से तो पूरा बजट देखता ही था। लौटकर जाएंगे तो देखेंगे बजट को पूरा लेकिन अभी तक जो बजट में घोषणा की गई है उसमें बिहार के लिए कुछ भी नहीं है। सीएम ने कहा कि राज्यों की बैठक में हमने अपनी ओर से केंद्र से जो मांग की थी, वह बजट घोषणा में पूर्ण नहीं हुआ है। सीएम के साथ समाधान यात्रा कर रहे वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अभी तक जो बजट में आया है उसमें बिहार के लोगों की कोई भी अपेक्षा पूर्ण नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार जो चाह रही थी, इस बजट में एक भी चीजों की घोषणा आम बजट में नहीं की गई है।

## संपादकीय

# राहुल से जुड़ता भारत

राहुल गांधी और कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' समाप्त हुई। यात्रा 4000 किलोमीटर से अधिक रही। यदि जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर की पदयात्रा को 'अतीत' मान लिया जाए, तो इतना पैदल सफर किसी अन्य राजनीतिज्ञ ने तय नहीं किया। इसका पूरा श्रेय राहुल गांधी की मानसिक दृढ़ता और इच्छा-शक्ति को जाता है। उन्होंने श्रीनगर के ऐतिहासिक 'लाल चौक' पर तिरंगा फहराया। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगान भी गाया। अंततः भारतीयता सम्मानित हुई। श्रीनगर में एकदम शांति और सद्भाव का माहौल लगा। कोई पत्थरबाजी नहीं की गई। हुर्रियत का अलगाववाद समाप्त किया जा चुका था। आतंकवाद को भी कुचला जा रहा है। चारों ओर 'तिरंगा' लहरा रहा था। पाकिस्तान का झंडा नदारद रहा। भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने जब 26 जनवरी, 1992 को 'लाल चौक' पर तिरंगा फहराया था, तो चारों ओर बम, बारूद और बंदूकें ही थीं। अब माहौल पूरी तरह बदला है, राहुल गांधी को यह यथार्थ स्वीकार करना चाहिए और अनुच्छेद 370 पर विवादित बयान देने से बचना चाहिए। भारत की संसद ने यह निर्णय लिया था कि 370 को खारिज किया जाए। राहुल ने बार-बार यह उल्लेख किया है कि भारत मुहब्बत और भाईचारे का देश है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस पर हिंसा और नफरत के लगातार आरोप भी मढ़े हैं। राहुल ने यह भी कबूल किया है कि यात्रा के दौरान उन्हें नफरत और हिंसा कहीं नहीं दिखाई दिए। इससे बड़ा यात्रा का विरोधाभास और क्या हो सकता है? उनकी यह टिप्पणी बिल्कुल गैर-जिम्मेदाराना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हिंसा कराई। राहुल ने यह टिप्पणी कश्मीर में एक सार्वजनिक मंच से की, जिसका दुरुपयोग पाकिस्तान कर सकता है। सवाल है कि किन साक्ष्यों के आधार पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ राहुल गांधी इस निष्कर्ष तक पहुंचे? किस अदालत में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक केस विचाराधीन है या कौन जांच कर रहा है? प्रधानमंत्री भी सामान्य कानून की परिधि में आते हैं। दरअसल यह राहुल की और कांग्रेस की मानसिक, पूर्वाग्रही धारणा हो सकती है। यदि राहुल कांग्रेस के शासन-काल का इतिहास पढ़ें, तो परत-दर-परत सच सामने खुल जाएगा कि उस दौर में कितने दंगे हुए? कितने भारतीय मार दिए गए? कितना उग्र और व्यापक आतंकवाद था? सिर्फ भाजपा-संघ को कोस कर और खोखले आरोप मढ़ कर राहुल और कांग्रेस, किसी भी स्तर पर, देश को जोड़ नहीं सकते। पाखंड या दावे जरूर किए जा सकते हैं। बेशक इस तथ्य को स्वीकार न किया जाए, लेकिन यह राहुल गांधी के राजनीतिक ब्रांड की यात्रा थी। यह प्रभाव पैदा करने में राहुल और कांग्रेस सफल रहे हैं कि राजनीतिक तौर पर वह परिपक्व हो रहे हैं। अब वह पलायनवादी नहीं रहे। बेशक राहुल की छवि का विस्तार हुआ है, उसमें काफी सुधार हुआ है। यह भी सुखद संकेत है कि जहां से यात्रा गुजरती रही, वहां कांग्रेस का काडर सक्रिय दिखाई दिया। यानी कांग्रेस का संगठन अब भी ज़िंदा है, बेशक सुप्तावस्था में चला गया था। कांग्रेस अपने काडर को कितना जोड़ कर, सक्रिय और ज़िंदा रख पाती है, यह देखना अभी शेष है। लेकिन यात्रा के दौरान मिला चौतरफा समर्थन चुनावी जनादेश में परिणत होगा या नहीं, लोकसभा में सांसदों का आंकड़ा क्या होगा और 10 से अधिक राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन कैसा रहेगा, ये यथार्थ अभी सामने आने हैं।



> भारत की संसद ने यह निर्णय लिया था कि 370 को खारिज किया जाए। राहुल ने बार-बार यह उल्लेख किया है कि भारत मुहब्बत और भाईचारे का देश है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस पर हिंसा और नफरत के लगातार आरोप भी मढ़े हैं। राहुल ने यह भी कबूल किया है कि यात्रा के दौरान उन्हें नफरत और हिंसा कहीं नहीं दिखाई दिए। इससे बड़ा यात्रा का विरोधाभास और क्या हो सकता है? उनकी यह टिप्पणी बिल्कुल गैर-जिम्मेदाराना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हिंसा कराई। राहुल ने यह टिप्पणी कश्मीर में एक सार्वजनिक मंच से की, जिसका दुरुपयोग पाकिस्तान कर सकता है। सवाल है कि किन साक्ष्यों के आधार पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ राहुल गांधी इस निष्कर्ष तक पहुंचे? किस अदालत में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक केस विचाराधीन है या कौन जांच कर रहा है? प्रधानमंत्री भी सामान्य कानून की परिधि में आते हैं। दरअसल यह राहुल की और कांग्रेस की मानसिक, पूर्वाग्रही धारणा हो सकती है। यदि राहुल कांग्रेस के शासन-काल का इतिहास पढ़ें, तो परत-दर-परत सच सामने खुल जाएगा कि उस दौर में कितने दंगे हुए? कितने भारतीय मार दिए गए? कितना उग्र और व्यापक आतंकवाद था? सिर्फ भाजपा-संघ को कोस कर और खोखले आरोप मढ़ कर राहुल और कांग्रेस, किसी भी स्तर पर, देश को जोड़ नहीं सकते। पाखंड या दावे जरूर किए जा सकते हैं। बेशक इस तथ्य को स्वीकार न किया जाए, लेकिन यह राहुल गांधी के राजनीतिक ब्रांड की यात्रा थी।

## कुछ अलग

# हिमालय क्षेत्र के लिए बनानी होगी ठोस कार्ययोजना. . .

हिमालय का क्षेत्र अब पहले की तरह सुरक्षित नहीं रह गया है। पिछले दिनों जोशीमठ में आई आपदा को कौन नहीं जानता है। जोशी मठ मानो उजड़ गया है। जैसे ही सोशल मीडिया पर जोशीमठ की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए वैसे ही सरकारी और निजि संस्थाओं की तंद्रा टूटी और वे एक साथ एक्टिव मोड में नजर आने लगे। जोशी मठ से लोगों को विस्थापित करना ही इकलौता विकल्प वर्तमान में दिखाई दे रहा है ऋषि मुनियों, तपस्वियों की धरा कहा जाता है भारत को और भारत का मुकुट है हिमालय। हिमालय क्षेत्र को लेकर लगभग एक दशक से जिस तरह की आशंकाएं और चिंताएं जताई जाती रहीं हैं, वे निर्मूल नहीं मानी जा सकती हैं। हिमालय की पर्वतमालाओं का विस्तार एक दर्जन से ज्यादा ( 13 ) राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में है। इन स्थानों पर पांच करोड़ से ज्यादा लोग निवास करते हैं। हिमालय का अपना महत्व है। हिमालय में ग्लेशियर हैं जो धरा का तापमान नियंत्रित करने में महती भूमिका अदा करते हैं। अब अगर ये तापमान को नियंत्रित कर रहे हैं तो जाहिर सी बात है कि यह इलाका जलवायु परिवर्तन के मामले में बहुत संवेदनशील भी साबित होता है। याद पड़ता है कि कुछ साल पहले नीति आयोग के द्वारा अध्ययन के लिए योजना बनाई थी, जिसका विषय था कि पर्वतों में पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन विकास कैसे हो! उस समय किए गए अध्ययन में आधा सैकड़ा बिंदुओं का शुमार किया गया था, जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को वहीं आजीविका उपलब्ध कराकर उनका पलायन किस तरह रोका जाए! इसके अलावा जल संरक्षण और जल संचयन की रणनीति भी तैयार करने का विषय इसमें शामिल किया गया था। जोशी मठ के वर्तमान हालातों को देखकर यही प्रतीत हो रहा है कि अन्य मसलों पर सरकार के द्वारा बनवाई जाने वाली रिपोर्ट की तरह यह रिपोर्ट भी ठण्डे बस्ते के हवाले कर दी गई होगी, जिसका अंजाम जोशी मठ के वर्तमान हालात के रूप में सामने आ रहा है। गोविंद वल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के द्वारा पिछले साल ( जून 2022 ) को एक रिपोर्ट जारी की गई थी। इस रिपोर्ट में दो टूक शब्दों में कहा गया था कि पर्वतीय विशेषकर हिमालय वाले क्षेत्र में पर्यटन की गतिविधियों के चलते हिल स्टेशन्स पर बहुत ज्यादा दबाव है। इसके अलावा हिल स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में भूमि के उपयोग में बहुत तेजी से बदलाव दर्ज किया जा रहा है जो आने वाले समय की बड़ी समस्या बन सकता है। क्षेत्र में तेजी से फैल रहे कांक्रीट जंगलों के कारण वन क्षेत्र कम हो रहा है, वनों की कटाई हो रही है जो इकोसिस्टम पर बहुत ज्यादा असर डाल रही है। जैसे ही यह रिपोर्ट प्रकाश में आई वैसे ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण अर्थात नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने संज्ञान लिया और इसे वन, पर्यावरण और जलवायू मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए।

## 25 वर्षों में भारत की आर्थिक बुनियाद को मजबूती देने का माध्यम बनेगा

# सप्तर्षि से उपमित दूरगामी अमृत बजट

ललित गर्ग

> दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये इस सप्तर्षि रूपी बजट में सात फोकस क्षेत्रों में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे और निवेश, क्षमता विस्तार हरित विकास, युवा शक्ति, वित्तीय क्षेत्रों पर लब दिया गया है, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाता है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर बनाये रखने में सहायक बनेगा, विकास दर को 7 प्रतिशत बनाये रखेगा एवं अलगे वर्ष भारत अधिक तीव्र गति से विकास कर सकेगा।

अमृत काल का पहला बजट अनेक दृष्टियों एवं दिशाओं से महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है, क्योंकि इसमें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सात फोकस क्षेत्रों की बात की, जिन्हें उन्होंने सरकार का मार्गदर्शन करने के लिए 'सप्तऋषि' कहा। कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भारद्वाज, इन सात ऋषियों को सप्तर्षि कहा जाता है, जो सृष्टि का संतुलन बनाने में अपनी योगदान देते हैं। भारत आर्थिक विकास एवं संतुलन में इन ऋषियों को आधार बनाने की बात एक मौलिक सोच एवं दिशा है। दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये इस सप्तर्षि रूपी बजट में सात फोकस क्षेत्रों में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे और निवेश, क्षमता विस्तार हरित विकास, युवा शक्ति, वित्तीय क्षेत्रों पर बल दिया गया है, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाता है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर बनाये रखने में सहायक बनेगा, विकास दर को 7 प्रतिशत बनाये रखेगा एवं अगले वर्ष भारत अधिक तीव्र गति से विकास कर सकेगा। निश्चित ही सप्तर्षि से उपमित यह बजट आगामी आजादी की शताब्दी तक ले जाने वाले 25 वर्षों में भारत की आर्थिक बुनियाद को मजबूती देने का माध्यम बनेगा। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख



मिलेट्स के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा मिलेट्स संस्थान की भी हैदराबाद में स्थापना की जाएगी। बजट में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे भारत की रेल को मजबूती एवं नयी उन्नत शक्ल मिलेगी। वहीं अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हर वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये की रकम जारी की जाएगी। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरूआत की जाएगी। युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने के लिए 30 स्किल इंडिया नेशनल सेक्टर खोले जाएंगे। 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले 3 वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। घरेलू और अतंरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए देश में 50 पर्यटन स्थल विकसित किए जाएंगे। उनका विकास प्रतिस्पर्धी आधार पर किया जाएगा। मोदी सरकार ने गरीबों की भी बल्ले-बल्ले करवा दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। सरकार का आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोजगार सृजन को तेज गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने पर केंद्रित है।

पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित करने की घोषणा भी सराहनीय है, वहीं, कृषि से जुड़े स्टार्ट अप को प्राथमिकता देने की दृष्टि से भी बजट में प्रावधान किये गये हैं, जिसके अन्तर्गत युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि त्वरक कोष की स्थापना की जाएगी। आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये भी बजट में ध्यान दिया गया है। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आया है वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला है। इस बजट में शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल दिया है, जो इस बजट की विशेषता है। भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इस बजट के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने बिगड़ी अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी।

# उच्च शिक्षा का हो पेशेवर प्रबंध

> भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली पलहे चुनिंदा लोगों की जरूरतें पूरी करने के मकसद से तैयार की गई थी।अब उसे ज्यादा लोगों के काम लायक बनाने के लिए बलदाव किया जाना चाहिए। इस समय उच्च शिक्षा में अभी करीब 3.5 करोड़ छात्र-छात्राओं ने दाखिला ले रखा है। इनमें 1.96 करोड़ छात्र और 1.89 करोड़ छात्राएं हैं। यानी कुल एनरोलमेंट का 49 फीसदी छात्राएं हैं। साल 2025 तक उच्च शिक्षा में दाखिला लेने वाले सबसे अधिक छात्र और छात्राएं भारत में ही होंगी। 2030 तक उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले सबसे अधिक युवा भारत में होंगे। भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी होने के बावजूद इसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये चुनौतियां पठन-पाठन की गुणवत्ता, सरकारी-निजी भागीदारी, विदेशी संस्थानों का प्रवेश, रिसर्च क्षमता में वृद्धि और फंडिंग, इनोवेशन, अंतरराष्ट्रीयकरण, वैश्विक अर्थव्यवस्था की बलदती मांग जैसे क्षेत्रों में हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए बीते दो दशकों में अनेक प्रयास हुए हैं, लेकिन नई चुनौतियां भी लगातार उभर रही हैं। छात्र जो शिक्षा ग्रहण करते हैं और रोजगार के लिए उन्हें जिस कौलश की जरूरत होती है, उनमें भी बड़ा अंतर होता है। इसकी प्रमुख वजह उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता की कमी भी है। इसके अलावा पाठ्यक्रम में कौलश विकास का न होना भी एक कारण है।

ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों का कुल नामांकन प्रतिशत 2014-15 से 2020-21 तक उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है जिसमें एसटी छात्रों ने लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके मुताबिक उच्च शिक्षा में नामांकन 4 करोड़ से पार कर गया है। किस तरीके से उच्च शिक्षा में छात्रों के प्रवेश को और गति दी जा सकती है, इस विषय को बारीकी से स्टडी करने की जरूरत है। भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली पहले चुनिंदा लोगों की जरूरतें पूरी करने के मकसद से तैयार की गई थी। अब उसे ज्यादा लोगों के काम लायक बनाने के लिए बदलाव किया जाना चाहिए। इस समय उच्च शिक्षा में अभी करीब 3.5 करोड़ छात्र-छात्राओं ने दाखिला ले रखा है। इनमें 1.96 करोड़ छात्र और 1.89 करोड़ छात्राएं हैं। यानी कुल एनरोलमेंट का 49 फीसदी छात्राएं हैं। साल 2025 तक उच्च शिक्षा में दाखिला लेने वाले सबसे अधिक छात्र और छात्राएं भारत में ही होंगे। 2030 तक उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले सबसे अधिक युवा भारत में होंगे। भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी होने के बावजूद इसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये चुनौतियां पठन-पाठन की गुणवत्ता, सरकारी-निजी भागीदारी, विदेशी संस्थानों का प्रवेश, रिसर्च क्षमता में वृद्धि और फंडिंग, इनोवेशन, अंतरराष्ट्रीयकरण, वैश्विक अर्थव्यवस्था की बदलती मांग जैसे क्षेत्रों में हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए बीते दो दशकों में अनेक प्रयास हुए हैं, लेकिन नई चुनौतियां भी लगातार उभर रही हैं। छात्र जो शिक्षा ग्रहण करते हैं और रोजगार के लिए उन्हें जिस कौशल की जरूरत होती है, उनमें भी बड़ा अंतर होता है। इसकी प्रमुख वजह उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता की कमी भी है। इसके अलावा पाठ्यक्रम में कौशल विकास का न होना भी एक कारण है। हमें उच्च शिक्षा के संदर्भ में रिसर्च और अध्यापन को अलग करने के लिए अनेक प्रयासों की जरूरत है। बदलते समय के साथ लचीले पाठ्यक्रम की भी आवश्यकता है। पाठ्यक्रम तय करने और कौशल विकास में छात्र को काम देने वाले की भागीदारी बढ़ानी चाहिए। इसके अलावा अंतर-विषयी शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। कारगर अध्यापन की कमी, पुराने पड़ चुके पाठ्यक्रम और पुरानी शिक्षण विधि ने प्रशिक्षित फैकल्टी की कमी की समस्या को और बढ़ाया ही है। छात्रों को विभिन्न तरह की स्किल विकसित करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। इनमें एनालिटिकल रीजनिंग, क्रिटिकल थिंकिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग और कोलैबोरेटिव वर्किंग जैसी स्किल शामिल हैं। इनकी पढ़ाई और इनका मूल्यांकन इस तरह हो कि छात्रों को रटना न पड़े। बहु-विषयी रिसर्च के अवसर न होने के कारण विज्ञान और समाजशास्त्र, दोनों में क्वालिटी रिसर्च की कमी है। इससे उद्योगों के साथ जुड़ाव प्रभावित हुआ है। उच्च शिक्षा में पेशेवर मैनेजमेंट के जरिए उत्कृष्टता हासिल करने के लिए नए गवर्नेंस मॉडल की आवश्यकता है जिसमें पारदर्शिता, समानता, जवाबदेही और समावेशिता जैसी विशेषताओं को शामिल किया जाना चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थानों को विकेंद्रीकृत गवर्नेंस की दिशा में भी कदम बढ़ाना चाहिए ताकि कामकाज के विभिन्न स्तरों पर स्वायत्तता, जवाबदेही, लचीलापन, विश्वास और पारदर्शिता कायम हो सके। भावी जरूरतें पूरी करने वाला विश्वविद्यालय बनाने के लिए रेगुलेटर को भी अपनी भूमिका बदलने की जरूरत है। वैश्वीकरण और प्रतिस्पर्धा के साथ शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण को देखते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों को पारंपरिक विश्वविद्यालय प्रशासन का तरीका छोडऩा चाहिए जो 19वीं सदी की जरूरतों पर आधारित है। उन्हें आधुनिक पेशेवर गवर्नेंस को अपनाना चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलपति, डायरेक्टर, रजिस्ट्रार और अन्य सचिवालय कर्मी शैक्षणिक प्रशासकों में शुमार किए जाते हैं जिनके लिए अभी पेशेवर और प्रशासनिक प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इन संस्थानों में पेशेवर मैनेजमेंट की कमी होती है जिसे बदला जाना चाहिए। कुलपति को लीडरशिप प्रोग्राम में और अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों को औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शिरकत करनी चाहिए। अकादमिक प्लानिंग, भर्ती की बेहतर व्यवस्था, अच्छे कर्मचारियों को जोड़े रखने की रणनीति, कर्मचारियों का विकास और उनका प्रशिक्षण, व्यक्तिगत और प्रोफेशनल काउंसलिंग जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। विश्वविद्यालयों के लिए ई-गवर्नेंस कार्यक्रम की संकल्पना और उन्हें लागू करने के साथ एक ईआरपी सिस्टम भी विकसित करने की जरूरत है ताकि प्रशासन और छात्रों तथा स्टाफ और लोगों के बीच सूचनाओं का सहज आदान-प्रदान हो सके। इससे आंतरिक कार्यों में गति आएगी और गुणवत्ता में भी सुधार होगा। पढ़ाने का पारंपरिक तरीका बदलने के लिए शिक्षकों को प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। संस्थान भी इसमें मदद करें। यह भी महत्वपूर्ण है कि उच्च शिक्षा संस्थान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पठन-पाठन का तरीका अपनाएं। अध्यापन और मूल्यांकन के प्रभावी वैश्विक तरीके अपनाकर फैकल्टी के पेशेवर विकास और मौजूदा तथा भावी जरूरतों के मुताबिक प्रौद्योगिकी आधारित इकोसिस्टम विकसित करके श्रेष्ठ पठन-पाठन सुनिश्चित किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि हम शिक्षक केंद्रित अध्यापन व्यवस्था से छात्र केंद्रित व्यवस्था की तरफ जाएं, जो अनुभव आधारित हो तथा छात्रों की कल्पना को साकार करने में सक्षम हो। गूगल और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया तथा इंटरनेट का इस्तेमाल अध्ययन-अध्यापन में नियमित रूप से किया जाना चाहिए। इससे छात्रों और शिक्षकों दोनों को फायदा होगा। सामान्य और ऑनलाइन क्लास के मिश्रित रूप पर फोकस होना चाहिए। हमें उच्च क्वालिटी के मानव संसाधन तैयार करने होंगे जो दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के समकक्ष हों, जिन्हें रिसर्च और इनोवेशन की गहरी समझ हो तथा जो विवेचनात्मक और गैर-पारंपरिक तरीके से सोच सकें। दूसरा, रिसर्च और इनोवेशन के लिए बड़ी संख्या में वैश्विक एक्सीलेंस केंद्र स्थापित करने की जरूरत है जिनका समाज और अर्थव्यवस्था के साथ मजबूत जुड़ाव हो। तीसरा, रिसर्च और इनोवेशन का फोकस बदल कर राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को केंद्र में रखा जाना चाहिए। देश को उच्च शिक्षा के पेशवर प्रबंध की जरूरत है ताकि एनरोलमेंट में वृद्धि हो सके।

## नागरिक बोध

# मुसलमानों को मुसलमान मार रहे

पाकिस्तान के शहर पेशावर में हुए विस्फोट ने पूरे देश और सरकार को हिलाकर रख दिया है। शाहबाज़ सरकार आर्थिक संकट से पहले ही जूझ रही है, अब इस विस्फोट ने जले पर नमक छिड़क दिया है। इस विस्फोट में हताहतों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग 100 लोग तो मर चुके हैं और डेढ़ सौ लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। यह विस्फोट भी कहां हुआ है? पेशावर की एक मस्जिद में। और वह किस वक्त हुआ है? दोपहर की नमाज के वक्त! दूसरे शब्दों में तहरीके-तालिबान के आतंकवादियों ने इस्लाम का भी अपमान कर दिया है। वे लोग अपने को कट्टर इस्लामी कहते हैं और उन्होंने मस्जिद में ही विस्फोट करवा दिया। इस्लामी राष्ट्र होने का दावा करनेवाला पाकिस्तान इस घटना से कोई सबक सीखेगा या नहीं? उसने आतंकवाद को इसलिए बढ़ावा दिया कि वह भारत से कश्मीर छीन सकेगा। उसने भारत से लड़े युद्धों में विफल होने के बाद आतंकवाद को ही अपना हथियार बनाया लेकिन अब मियां की यह जूती मियां के सिर ही पड़ रही है। दहशतगर्दी के चलते जितने लोग भारत में मरते रहे हैं, उनसे कहीं ज्यादा पाकिस्तान में मर रहे हैं। पिछले साल एक शिया मस्जिद पर हुए हमले में दर्जनों लोग मारे गए थे। इसी पेशावर में 2016 में हुए हमले के कारण लगभग डेढ़ सौ मासूम बच्चे कुर्बान कर दिए गए थे। वे बच्चे एक फौजी स्कूल में पढ़ रहे थे। इस मस्जिद में अभी मृतकों में ज्यादातर पुलिस के अफसर और जवान ही हैं। इस हमले की जिम्मेदारी 'तहरीके-तालिबान पाकिस्तान' के कमांडर ने ली है। उसने कहा है कि यह हमला उस हत्या का बदला हे, जो पिछले साल अगस्त में टीटीपी के कमांडर उमर खालिद खुरासानी की काबुल में की गई थी। 'तहरीक' यों तो पाकिस्तानियों का संगठन है लेकिन यह अफगानिस्तान के तालिबान के साथ गहरे में जुड़ा हुआ है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार और पाकिस्तानी सरकार के बीच भी लगातार खटपट चल रही है। 'तहरीक' के नेता पठान हैं और तालिबान भी पठान हैं। दोनों पंजाबी वर्चस्व के खिलाफ कटिबद्ध हैं। इसीलिए डूरेन्ड लाइन पर भी फिर से विवाद छिड़ गया है।

## देश दुनीया से

# बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान

हाल ही में हिमाचल में संपन्न हुए चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में राज्य में एक लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का वादा किया था। यह कांग्रेस की दस गारंटियों में से एक है और उसको पूरा करने के लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित की है । उद्योग मंत्री श्री हर्षवर्धन चौहान इसके अध्यक्ष हैं। बेरोजगारी की समस्या पूरे भारत में एक गंभीर तथा जटिल समस्या है। समय और अन्य प्राकृतिक आपदाओं जैसे कोविड के साथ-साथ यह और भी जटिल होती जा रही है। बेरोजगारी व्यक्ति के लिए निर्धनता, समाज के लिए अपमानजनक तथा राष्ट्र के लिए मानवीय संसाधन की हानि का प्रतीक है। बेरोजगार वे व्यक्ति होते हैं जो पन्द्रह से साठ वर्ष की आयु वर्ग में होते हैं और वे काम करने के इच्छुक हैं, पर उनके पास काम नहीं होता। जनवरी 2022 में सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी ने रोजगार संबंधी आंकड़े जारी किए जिसमें भारत की बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत रही जो पिछले 16 महीनों में सबसे ऊंची दर रही। बेरोजगारी दर शहरी क्षेत्रों में दिसंबर माह में 10.09 प्रतिशत रही जो नवंबर में 8.96 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 7.44 प्रतिशत और 7.55 प्रतिशत रही। बेरोजगारी शहरी क्षेत्रों में बढ़ी है और ग्रामीण क्षेत्रों में घटी है। हिमाचल में यह दर 7.6 प्रतिशत रही जो चिंताजनक है। इस समय हिमाचल प्रदेश में 12 लाख से ज्यादा बेरोजगार हैं। बेरोजगारी के निवारण के लिए हिमाचल प्रदेश को ठोस नीति की आवश्यकता है। इसके लिए वेतनभोगी नौकरियों के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हैं। छोटे तथा मध्यम व्यवसायों को प्रोत्साहन देना है। इसके लिए इन्हें सस्ती दर में साख उपलब्ध करवानी है। इससे इनकी उत्पादन तथा बेचने की क्रियाएं बढ़ जाएंगी और इससे असंगठित क्षेत्र के कामगारों के हाथ में पैसा आएगा और वो अपनी जरूरी खरीददारी करके संबंधित कंपनियों की आय तथा उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होंगे। इससे और अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। हिमाचल प्रदेश में वेतनभोगी रोजगार या नौकरियां भिन्न-भिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियों के द्वारा दी जा सकती हैं। इसके लिए बेरोजगार युवा पिछले कई वर्षों से प्रदर्शन करते रहे हैं। यह खाली पद हजारों की संख्या में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन, शिक्षा, ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, कृषि और बागवानी, आयुर्वेद, पशुपालन और राजस्व विभाग आदि में खाली पड़े हैं। इन खाली पदों के होने से जनता के काम सुचारू रूप से नहीं होते जिसके लिए जनता ने कई बार प्रदर्शन करके सरकार के ध्यान में लाया था। हिमाचल प्रदेश में वेतनभोगी रोजगार के साधन सीमित हैं परंतु गैर वेतनभोगी रोजगार या स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं जो कृषि एवं बागवानी क्षेत्र, पर्यटन के क्षेत्र, हाइड्रो पावर परियोजनाओं तथा खनिज क्षेत्र में वेतनभोगी एवं स्वरोजगार दोनों तरह के रोजगार सरकार की सही नीति निर्धारण के द्वारा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकते हैं। जो जमीन खाली या बंजर पड़ी है उसको कृषि योग्य बनाया जाए। उसमें फलदार पौधे तथा सब्जियां लगाई जाएं। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्रों की सहायता ली जाए और वहां के लोकल युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार प्राप्त करने में सहायता करें। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां पर बहुत जगहों पर बेमौसमी सब्जियां होती हैं। सरकार को इनके भंडारण तथा मंडियों में पहुंचाने तथा उनके विक्रय करने में सहायता करने के लिए सहकारी समितियां बनाने में सहायता करनी चाहिए ताकि वहां के लोकल बेरोजगारों को इसमें स्वरोजगार मिल सके। टमाटर, आलू, अदरक, लहसुन, आम, किन्नु, संतरा, लीची, गलगल, नींबू, नाशपाती, प्लम, खुमानी, चैरी और सेब आदि हिमाचल में बहुत मात्रा में होते हैं। इससे तरह-तरह के उत्पाद बनाए जा सकते हैं जैसे चटनी, अचार, जूस आदि। इसके लिए सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग लगाने के लिए वहां के लोकल बेरोजगारों को सस्ती दर पर साख तथा तकनीकी ज्ञान उपलब्ध करवाकर स्वरोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। हिमाचल में दूध का उत्पादन बहुत होता है।

> जनवरी 2022 में सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी ने रोजगार संबंधी आंकड़े जारी किए जिसमें भारत की बेरोजगारी दर 8 .3 प्रतिशत रही जो पिछले 16 महीनों में सबसे ऊंची दर रही। बेरोजगारी दर शहरी क्षेत्रों में दिसंबर माह में 10 .09 प्रतिशत रही जो नवंबर में 8 .96 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 7 .44 प्रतिशत और 7 .55 प्रतिशत रही। बेरोजगारी शहरी क्षेत्रों में बढ़ी है और ग्रामीण क्षेत्रों में घटी है। हिमाचल में यह दर 7 .6 प्रतिशत रही जो चिंताजनक है। इस समय हिमाचल प्रदेश में 12 लाख से ज्यादा बेरोजगार हैं।



# जर्मन महिला ने अपनी हमशक्ल की हत्या की : अपनी मौत का नाटक रचना चाहती थी, इंस्टाग्राम पर अपने जैसी लड़की को ढूंढकर मार डाला

**जर्मनी।**

जर्मनी में 23 साल की एक महिला पर आरोप है कि उसने अपनी मौत का नाटक करने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी हमशक्ल ढूंढी और उसकी हत्या कर दी। इस केस में जर्मनी पुलिस ने 'द डोपलगैंगर मर्डर' नाम दिया है। यह मामला पिछले साल 16 अगस्त का है, जो अब सामने आया है।

### इंस्टाग्राम पर ढूंढी अपने जैसे दिखने वाली कॉस्मेटिक ब्लॉगर

पुलिस ने बताया कि म्युनिख में रहने वाले शाहराबान के. नाम की महिला ने इंस्टाग्राम पर फेक प्रोफाइल बनाया और अपने जैसी दिखने वाली कई महिलाओं से संपर्क करेन की कोशिश की। कई प्रोफाइल्स तलाशने के बाद उसे एक कॉस्मेटिक ब्लॉगर का प्रोफाइल मिला।

खदीदजा नाम की यह ब्लॉगर अलजीरियाई नागरिक थी और आरोपी महिला के घर से करीब 160 किमी दूर रहती थी। दोनों के लंबे काले बाल थे और रंग भी लगभग एक-जैसा था। शाहराबान और उसके बॉयफ्रेंड शकीर के. ने खदीदजा से संपर्क किया और उसे कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट ऑफर किए। इसके बाद दोनों उसे लेने पहुंचे। पुलिस ने बताया कि खदीदजा को लेकर म्युनिख लौटते वक्त दोनों ने एक जंगल में कार रोकी और खदीदजा को 50 बार चाकू घोंपा।

### ऑटोप्सी और डीएनए टेस्ट में सामने आई सच्चाई

शाहराबान ने अपने पति को बताया था कि वह अपने एक्स-हस्बैंड से मिलने जा रही है। जब वह काफी समय से नहीं लौटी तो उसके पैरेंट्स उसे ढूंढने निकले। डैन्यूब नदी के किनारे उन्हें शाहबारान की कार मिली, जिसकी पिछली सीट पर काले बालों वाली एक महिला का शव पड़ा था। उन्हें लगा कि यह उनकी बेटी का शव है।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के पास उन्हें कई चाकू मिले और कार शकीर के फ्लैट के पास पार्क मिली। ऑटोप्सी और डीएनए टेस्ट रिपोर्ट में पता चला कि बॉडी शहराबान की नहीं बल्कि खदीदजा की है। पुलिस ने जांच के बाद शाहराबान और शकीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला पारिवारिक कलह के चलते गायब होना चाहती थी, इसलिए उसने अपी मौत का नाटक रचा और इसके लिए अपनी हमशक्ली महिला को ढूंढकर उसका कत्ल कर दिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत को लड़ाकू विमान के इंजन की तकनीक देगा अमेरिका! चीन से निपटने की बड़ी तैयारी



**वॉशिंगटन ।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरे में भारत और अमेरिका के बीच कई अहम मुद्दों पर सहमति बन सकती है। खबर है कि अमेरिका, भारत को लड़ाकू विमानों के इंजन की अहम तकनीक देने पर विचार कर रहा है। दोनों देश जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के इंजनों का संयुक्त उत्पादन कर सकते हैं। क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के तहत ये अहम तकनीक भारत को मिल सकती है। माना जा रहा है कि चीन की बढ़ती चुनौती से निपटने और भारत की रूसी हथियारों पर निर्भरता को कम करने के लिए यह बड़ा कदम साबित हो सकता है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुल्लिवन ने कहा कि क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज का फ्रेमवर्क सिर्फ मॉस्को या बीजिंग की वजह से भौगोलिक राजनीति में बढ़ रही चुनौती पर आधारित नहीं है बल्कि यह चीन के सैन्य उकसावे और उसकी आर्थिक गतिविधियों के भारत और अन्य देशों पर असर पर भी आधारित है। बता दें कि अमेरिका की जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के इंजन लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल किए जाते हैं और भविष्य में इनका भारत में उत्पादन हो सकता है।


### न्यूजीलैंड में चल रहे हिंदी स्कूल: गीता भी पढ़ रहे बच्चे; संस्कृति अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल कर रहे भारतीय



**न्यूजीलैंड ।** न्यूजीलैंड में हिंदी की बयार बह रही है। वहां के ऑकलैंड और हेमिल्टन में तीन हिंदी स्कूल खुल चुके हैं। इनमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी हिंदी के साथ ही रामायण, गीता और भागवत पढ़ रहे हैं।भारतीय मूल के लोगों ने हिंदी स्कूल की 2001 में ऑकलैंड के हेंडरसन में वायटेकरे की वेस्ट विंग में नींव डाली थी। दरसअल, उस वक्त वयस्क भारतीय रामायण पढ़ रहे थे, जबकि बच्चे खेल रहे थे। तब स्कूल के चेयरमैन सतेन शर्मा ने पूछा था कि आप रामायण क्यों नहीं पढ़ते। इस पर बच्चों ने कहा था कि वो हिंदी पढ़ नहीं पाते। इस कारण हिंदी स्कूल खोलने की पहल हुई। फिजी से आए कुछ भारतीयों ने जिम्मा उठाया कि हिंदी में लिखी रामायण का प्रसार अगली पीढ़ी तक हो। 2001 में स्कूल खुला, तो 40 छात्र थे। 2022 तक 260 छात्र हो गए। नई पीढ़ी रामायण पढ़े और संगीतमय गान भी करे, इसीलिए 2003 से भारतीय संगीत पाठ्यक्रम का हिस्सा बना। भारत से आए बसंत मधुर ने तबला, हारमोनियम सिखाना शुरू किया और उनका साथ दिया फिजी के मास्टर अशोक ने। इस पाठ्यक्रम में 5 साल के बच्चे से लेकर 63 साल के बुजुर्ग तक हिंदी और संगीत सीखने लगे। शर्मा ने कहा- हमारा नारा है- हमारी भाषा, हमारी पहचान।

### पाकिस्तान के गृह मंत्री ने भी स्वीकारा- मुजाहिदीन को युद्ध के लिए तैयार करना बड़ी भूल थी

**इस्लामाबाद ।** पेशावर मस्जिद आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तान को अब अपने किए पर पछतावा हो रहा है।



पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री (गृह मंत्री) राना सनाउल्लाह ने नेशनल असेंबली (पाक संसद) में स्वीकार किया कि मुजाहिदीन (अब आतंकवादी) को युद्ध के लिए तैयार करना बड़ी गलती थी। सनाउल्लाह ने मंगलवार को संसद के उच्च सदन को संबोधित करते हुए कहा, हमें मुजाहिदीन तैयार करने की जरूरत नहीं थी। हमने मुजाहिदीन तैयार किए, बाद में आतंकवादी बन गए। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने नेशनल असेंबली में इस बात को स्वीकार किया था कि पाकिस्तान ने ही आतंकवाद के बीज बोए थे। साथ ही उन्होंने कहा था कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन पर फैसला करेगी। पाकिस्तान के गृह मंत्री सनाउल्लाह का यह बयान पेशावर में 30 जनवरी को हुए मस्जिद हमले के बाद आया है, जिसमें 100 लोग मारे गए थे और 220 से अधिक घायल हुए थे। दोपहर की नजाम के दौरान मस्जिद के सेंट्रल हॉल में एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया था। प्रतिबंधित टीटीपी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

# भारत से सटी सीमा में हवाई हमले बढ़ा रही म्यांमार सेना, तख्तापलट के बाद हजारों की मौत

**बैंकॉक।**

म्यांमार की सेना सत्ता पर कब्जा करने के दो वर्ष बाद सशस्त्र प्रतिरोध का दमन करने की कोशिशों के तहत हवाई हमले बढ़ा रही है। मानवाधिकारों की निगरानी करने वाले एक समूह ने मंगलवार को बताया कि म्यांमार सेना द्वारा हवाई हमलों में हुई वृद्धि ने देश को एक लंबे गृह युद्ध में झोंक दिया है। हमलों के दौरान एक बम तिआऊ नदी पर गिरा जो भारत से सटी सीमा में है लेकिन इससे बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। भारतीय सीमा में बम गिरने की खबर सबसे पहले स्थानीय लोगों के हवाले से बताया गया कि भारत-म्यांमार सीमा पर तिआऊ नदी पर गिरे हम से एक ट्रक को हल्की क्षति पहुंची थी। भारत के साथ मिजोरम की 1,624 किलोमीटर लंबी सीमा है। उधर, मंगलवार को गैर सरकारी संगठन 'म्यांमार विटनेस' और अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि म्यांमार की सेना अपने सहयोगी देशों रूस और चीन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले लड़ाकू विमानों और युद्धक हेलीकॉप्टर पर निर्भर है। संगठन ने पिछले साल जुलाई से मध्य दिसंबर तक किए गए 135 हवाई हमले की घटनाओं से जुड़ी जानकारियों का संकलन किया है, जिसमें कहा गया है कि सितंबर से हवाई हमलों की संख्या में वृद्धि होने की प्रवृत्ति दर्ज की गई।

### घरों, स्कूलों व उपासना स्थलों पर हमले

रिपोर्ट के मुताबिक, म्यांमार की सेना प्रतिरोध वाले इलाकों पर कब्जा कायम रखने में संघर्ष कर रही है, ऐसे में हवाई हमले उनके आक्रमण का एक मुख्य हिस्सा बन गए हैं। इसमें कहा गया है कि सेना म्यांमार के लोगों को एक खतरनाक स्थिति में डाल रही है। वह मकानों, स्कूलों और उपासना स्थलों को नष्ट कर रही है, जबकि ये स्थान नागरिकों के लिए



सुरक्षित माने जाते हैं। भूमिगत संगठन 'नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट' के मुताबिक, हवाई हमलों में 460 लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे शामिल हैं।

### तख्तापलट के बाद हजारों की मौत

मानवाधिकार निगरानी समूह असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रिजनर्स के मुताबिक, देश में सैन्य तख्तापलट के बाद 2,901 नागरिक मारे गए हैं। हालांकि, मृतकों की संख्या काफी अधिक होने की संभावना है क्योंकि संगठन दूरदराज के क्षेत्रों में और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में हताहतों की संख्या को आसानी से सत्यापित नहीं कर सका है। जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रोफेसर क्रिस्टिना फिंक ने कहा, म्यांमार की सेना रूस और चीन से लड़ाकू विमान खरीद रही है।


### संयुक्त राष्ट्र ने किया लोकतंत्र का समर्थन

संयुक्त राष्ट्र। म्यांमार की सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के दो साल बाद, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरस ने इस देश के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का समर्थन किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि नागरिकों और राजनीतिज्ञों पर कार्रवाई के बीच सेना द्वारा चुनाव कराए जाने की योजना से अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव ने म्यांमार में सभी तरह की हिंसा की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि हिंसा से हालात और भी खराब होते हैं। प्रवक्ता ने कहा, यूएन महासचिव म्यांमार के लोगों के साथ खड़े हैं और एक समावेशी, शांतिपूर्ण व न्यायपूर्ण समाज के लिए उनकी लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का समर्थन करते हैं।

### दुबई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण, नाव हादसे में 48 लोगों की गई जान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के मंत्री शेख नाहयान बिन मुबारकअल नाहयान ने मंगलवार को दुबई में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। नाहयान ने भारत को संयुक्त अरब अमीरात का करीबी मित्र बताया। इस मौके पर उनके साथ भारत के राजदूत संजय सुधीर भी थे। शेख नाहयान ने इस मौके पर महात्मा गांधी के अहिंसा, और शांति के संदेश का उल्लेख किया। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने ग्रीक विदेश मंत्री निकोस डेंडियास के साथ मुलाकात कर द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और अधिक बढ़ावा देने पर चर्चा की। लेखी ने ट्वीट किया, डेंडियास से बेहद उपयोगी वार्ता हुई। डेंडियास ने कहा, हमारी चर्चा अर्थव्यवस्था और संस्कृति प्रवासन क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंधों की मजबूती पर केंद्रित रही। पश्चिमोत्तर पाक में एक झील में हुए नाव हादसे के 3 दिन बाद मंगलवार को बचाव कर्मियों ने 18 और शव बरामद किए। इसके बाद मृतकी संख्या बढ़कर 48 हो गई है। पुलिस के मुताबिक, बचाव कर्मी अभी भी मदरसे के नौ छात्रों के शव तलाश रहे हैं। इन्हें रविवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिला स्थित टांडा बांध झील में नाव पलटने के बाद मृत मान लिया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया में खोया रेडियोएक्टिव कैप्सूल 20 दिन बाद मिला: सड़क किनारे पड़ा था, इसके रेडिएशन से स्किन-हड्डियों को खतरा




**कैनबरा।**

ऑस्ट्रेलिया में 20 दिन पहले खोया एक छोटा सा रेडियोएक्टिव कैप्सूल मिल गया है। इसके ज्यादा करीब जाने से स्किन जलने और कई गंभीर बीमारियों का खतरा था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसमें मौजूद सेसियम केमिकल इंसान की हड्डियों में जाकर गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये कैप्सूल 12 जनवरी को तब खोया था जब इसे दूसरे कैप्सूल के साथ एक ट्रक में लाद कर एक माइनिंग साइट से लाया जा रहा था। दो हफ्ते तक इसके लापता होने की सूचना ही नहीं मिली थी। फिर 25 जनवरी को खबर मिलते ही चेतावनी जारी कर दी गई थी और तलाश शुरू कर दी गई थी।

### 1400 किलोमीटर के इलाके में तलाशी के बाद मिला

ऑस्ट्रेलिया की रेडिएशन प्रोटेक्शन और न्यूक्लियर सेफ्टी एजेंसी ने बताया कि एक हफ्ते में पर्थ और पिलबारा के बीच 1400 किलोमीटर के इलाके में कैप्सूल की खोज की गई। इस इलाके से होते हुए ट्रक गुजरा था। ये इलाका ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी हिस्से मे पड़ता है। कैप्सूल को ढूंढने के लिए कई न्यूक्लियर एक्सपर्ट्स को भी भेजा गया था। जिस ट्रक से कैप्सूल गिरा वो रिओ टिंटो नाम की एक माइनिगं कंपनी का था। कंपनी ने इस मामले को लेकर माफी मांगी है। वहीं वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के चीफ हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि इस तरह से किसी रेडियोएक्टिव कैप्सूल का खोना कोई आम घटना नहीं है।

### न मिलने पर सदियों तक खतरा बनता कैप्सूल

ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने कहा था कि ये रेडियोएक्टिव कैप्सूल हर घंटे 10 एक्स-रे जितना रेडिएशन छोड़ रहा था। लोगों से इससे 5 मीटर की दूरी बनाए रखने की अपील की गई थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कैप्सूल से निकल रहा रेडिएशन उसके पास जाकर खड़े होने से ही ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। अगर कोई पास से गुजर रहा तो ज्यादा खतरा नहीं है। उनके मुताबिक, अगर कैप्सूल नहीं मिलता तो वो सदियों तक लोगों के लिए खतरा बना रहेगा।

# संसद में कानून बनाकर नए कर लागू कर सकती है शरीफ सरकार! आईएमएफ को सता रही विपक्ष की चिंता



**पाकिस्तान ।**

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चिंता व्यक्त की है। आईएमएफ अधिकारियों ने कहा है कि पाकिस्तान की विपक्षी पार्टियां शहबाज शरीफ सरकार के कठिन आर्थिक फैसलों को लागू करने की राह में बाधा बन सकती हैं। यह बात तब सामने आई है, जब आईएमएफ के अधिकारियों ने मंगलवार को वित्त मंत्री इशाक डार से मुलाकात की है। बता दें, आईएमएफ की टीम आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए बेलआउट पैकेज कार्यक्रम को लेकर पाकिस्तान पहुंची है। हालांकि, पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार ने कहा है कि उनकी सरकार राजनीतिक संवाद पर विश्वास करती है और आईएमएफ की शर्तों के तहत कड़े फैसलों को लागू किया जाएगा, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि डार ने कहा कि सरकार अतिरिक्त करों को इस तरह से लागू करने की कोशिश करेगी, जिससे किसी भी तरह की कानूनी और राजनीतिक चुनौतियों से बचा जा सके। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान सरकार राष्ट्रपति के अध्यादेश को लागू करने की योजना बना रही थी।

# ज्ञान की बुनियाद के लिए खतरा बन सकता है चैटजीपीटी, विशेषज्ञों ने उठाए सवाल

**ओंटारियो।**

इन दिनों इंटरनेट की दुनिया में चैट जेनेरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर यानी चैटजीपीटी को लेकर खूब चर्चाएं हो रही हैं। ओपन-एआई कंपनी द्वारा तैयार किए गए इस चैटबॉट से आप जो भी सवाल करते हैं। उसका यह लगभग सटीक उत्तर देता है। हालांकि, अकादमिक और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों ने इस बात पर चिंता जताई है। कनाडा के ब्रोक विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर ब्लायन हगार्ट के अनुसार, हमें केवल इतनी चिंता नहीं कि चैटजीपीटी का उपयोग कर रहे धोखेबाजों को कैसे पकड़ेंगे बल्कि सबसे बड़ी चिंता है कि कोई चैटजीपीटी से ली जानकारियों को सच कैसे मान सकता है प्रो. ब्लायन के अनुसार, अपना स्रोत बताए बिना इनसे मिले लेख हमारे समाज की नींव कहे जाने वाले अकादमिक जगत, शिक्षण संस्थानों और प्रेस व मीडिया तक में भी उपयोग हो सकते हैं। यह




पूरे सूचना तंत्र के लिए खतरा होगा। यही कारण है कि दुनिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थाओं ने तो इसे प्रतिबंधित करना शुरू कर दिया है। इनमें फ्रांस का प्रख्यात साइंसेस पो प्रमुख है। कई ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय भी यह कदम उठा चुके हैं। हमने विश्वसनीयता मापने के वैज्ञानिक तरीके बनाए थे प्रो. ब्लायन के अनुसार, हमें कोई बात बताई जाती है तो हम पहले देखते हैं कि उसका स्रोत क्या है ताकि उसकी विश्वसनीयता माप सकें। वैज्ञानिक तरीके से हासिल ज्ञान को ही सामान्य ज्ञान माना जाता है। विज्ञान केवल प्रयोगशाला में सीमित नहीं है। हम अपने दिमाग व अनुभवों से जैसा सोचना सीखते हैं, साक्ष्यों का कैसे मूल्यांकन व उपयोग करते हैं, यह भी विज्ञान का हिस्सा है। हमने कई सदियों में इसी प्रकार ज्ञान को परखने का उत्कृष्ट मानक बनाया है। अकादमिक जगत : यहां किसी विषय पर लेख संबंधित विशेषज्ञ ही लिखते हैं। वे ज्ञान के स्रोत को समझते हैं, क्षेत्र की जानकारियों की वैधता परख चुके होते हैं, वे भी उद्धरण देते हैं। तभी हम उनकी कही बातों पर विश्वास करते हैं। उद्धरणों की वजह से यूजर्स खुद भी उनकी बातों की पुष्टि कर पाते हैं। पत्रकारिता : कोई पत्रकार सूचना देने से पहले उसकी पड़ताल करता है, खबर में स्रोतों का उल्लेख करता है, साक्ष्य देता है। बेशक कभी-कभी वे गलती या चूक कर जाते हैं, फिर भी इस मामले में पत्रकारिता पेशे की विश्वसनीयता है। प्रो. ब्लायन के अनुसार, चैटजीपीटी इंसानों की नकल कर वाक्य व गद्यांश रचता है। यह वैज्ञानिक ढंग से लिखा गया लेख नहीं, केवल आउटपुट है, जिस पर अकादमिक क्षेत्र से जुड़े लेखकों के लेख या प्रेस रिपोर्टरों की सूचनाओं जैसा विश्वास नहीं किया जा सकता। लेख किस प्रकार तैयार हुए, यह बुनियादी फर्क है।

## चीनी टेक्नोलॉजी का मिलकर मुकाबला करेंगे भारत-यूएस


# एनएसए अजीत डोभाल, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की मौजूदगी में आईसीईटी डील हुई

**वॉशिंगटन।**

भारत और अमेरिका के बीच इनीशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी डील हुई। इसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन की मुलाकात हुई। डोभाल इस डील के लिए 30 जनवरी को वॉशिंगटन पहुंचे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि इस डील के जरिए दोनों देश चीन के सेमीकंडक्टर्स, मिलिट्री इक्विपमेंट्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मुकाबला कर सकेंगे। जैक सुलिवन के साथ हुई उनकी इस मुलाकात पर व्हाइट हाउस ने कहा- हम आपसी विश्वास और भरोसे पर आधारित एक ओपन, एक्सेसबल और सिक्योर टेक्नोलॉजी ईकोसिस्टम को बढ़ावा देना चाहते हैं। ये हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करेगा। इस पहल पर सहमति की घोषणा मई 2022 में जापान में नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की बातचीत के बाद हुई थी।

दोनों देशों के सुरक्षा सलाहकारों के बीच सीधे बातचीत होने से यह साफ संकेत दिया गया है कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के मामले में लालफीताशाही की कई बाधाओं को खत्म कर दिया गया है। इससे दोनों देशों के बीच आपसी तालमेल मजबूत होगा और कम समय में ही एक लंबी प्रोसेस को पूरा किया जा सकेगा।

इस पहल के जरिए अमेरिका ज्यादा




से ज्यादा वेस्टर्न मोबाइल नेटवर्क बढ़ाना चाहता है। जिससे वो चीन की हुवावे टेक्नोलॉजीज कंपनी लिमिटेड का मुकाबला कर सके। इसके अलावा अमेरिका चाहता है कि भारतीय कंप्यूटर चिप एक्सपर्ट अमेरिका में रहकर काम करें। साथ ही दोनों देश की कंपनियों मिलिट्री इक्विपमेंट्स बनाने के लिए साथ मिलकर काम करें।

इसके माध्यम से भारत के लिए विश्व की ऐसी 10 संवेदनशील और गेमचेंजर टेक्नोलॉजी के दरवाजे खुल गए हैं, जो स्ट्रैटेजिक विजन से हर मामले में बेजोड़ हैं। गेमचेंजर टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड इंजीनियरिंग मेटेरियल्स, गैस टरबाइन इंजन टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, नेटवर्क सेंसिंग एंड सिग्नेचर मैनेजमेंट, परमाणु ऊर्जा टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आटोनॉमस सिस्टम्स एंड रोबोटिक्स, बॉयोटेक्नोलॉजीस और कम्युनिकेशन एंड नेटवर्किंग टेक्नोलॉजी, डायरेक्टेड एनर्जी जैसे लेजर हथियार, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी, ह्यूमन मशीन इंटरफेस, हाइपरसोनिक्स टेक्नोलॉजी, रिन्युएबल एनर्जी, स्पेस टेक्नोलॉजी एंड सिस्टम्स और सेमी कंडक्टर और माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स शामिल है।

एडवांस टेक्नोलॉजी के इन मुद्दों पर भी बातचीत हुई- स्पेस ऑर्बिट में सर्विसिंग, असेंबली और मैन्युफैक्चरिंग कैसे की जाए अंतरिक्ष यान का आर्थिक उपयोग कैसे हो कम लागत पर यान कैसे लॉन्च किए जाएं

लोकल और वाइड फील्ड इमेजिंग के लिए सेंसर कैसे विकसित हो स्पेस प्रॉपल्शन कैसे तैयार हों क्रायोजेनिक फ्यूल लिक्विड का प्रबंधन कैसे हो अंतरिक्ष यान की वापसी की चुनौतियां और लैंडिंग के तमाम तौर तरीकों पर बातचीत ।

# बजट में केवल मीडिया में हेडलाइन बनाने वाले जुमलों का प्रयोग : सीएम गहलोत

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि केंद्रीय बजट में केवल मीडिया में हेडलाइन बनाने वाले जुमलों का प्रयोग किया गया है लेकिन गरीब लोगों के लिए कोरोना काल में संजीवनी साबित हुई महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं में केंद्र सरकार द्वारा इस योजना में वर्ष 2023-24 का बजट प्रावधान 33 प्रतिशत लगभग 30, 000 करोड़ रुपए कम करना साबित करता है कि यह बजट गरीब, भूमिहीन किसान, एवं आमजन विरोधी है। गहलोत बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बजट में कृषि एवं कृषक कल्याण से संबंधित बहुत सारी थोथी घोषणाएं की गई है लेकिन कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के बजट में पिछले वर्ष से लगभग 6 प्रतिशत (लगभग राशि 7, 500 करोड़ रुपए) कम राशि का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार यूरिया सब्सिडी मद में गत वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत (लगभग राशि 23, 000 करोड़ रुपए) की उल्लेखनीय कमी कर दी है। केंद्र



सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं महिला एवं बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए गत वर्षों की तुलना में इस बजट में नगण्य वृद्धि की गई है। समस्त देश विगत वर्षों से मंहगाई से त्रस्त है, आम आदमी के प्रतिदिन काम में आने वाले आटा, दालों, तेल, साबुन आदि की कीमतों में काफी वृद्धि हुई जिससे आम आदमी का जीवनयापन दूभर हुआ। महंगाई को कम करने के संबंध में कोई पॉलिसी स्टेटमेंट नहीं आने से आम आदमी का जीवन और भी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट की यदि राजस्थान प्रदेश के संदर्भ में बात की जाये तो यह बजट प्रदेश के लिए घोर निराशाजनक रहा। राजस्थान राज्य के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजना ईआरसीपी को राष्ट्रीय दर्जा देने की हमारी वाजिब मांग को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किये जाने से प्रदेशवासियों को निराशा हुई है। जबकि चुनावों को ध्यान में रखते हुए कर्नाटक राज्य को उपरी भद्रा परियोजना के लिए अतिरिक्त सहायता के रूप में राशि रुपए 5, 300 करोड़ उपलब्ध कराया जाना केंद्र का राजस्थान के प्रति मोदी सरकार के सौतेले व्यवहार को दिखाता है। राजस्थान की जनता इस सौतेले व्यवहार का समय आने पर माकूल जवाब देगी।

## पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन मनीषा गुलाटी को पद से हटाया

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब की महिला आयोग की चेयरपर्सन मनीषा गुलाटी को पद से हटा दिया गया है। पंजाब सरकार ने 18 सितंबर 2020 को मनीषा गुलाटी का कार्यकाल बढ़ाया था। सोशल सिक्योरिटी वूमेन और चाइल्ड विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सरकारी नियमावली में किसी तरह का ऐसा प्रावधान नहीं था कि उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सके। इस कारण उन्हें चेयरपर्सन बनाने के आदेश को वापस लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन रही मनीषा गुलाटी पहले कांग्रेस में थी। जिन्होंने कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा का दामन थाम लिया था। कांग्रेस छोड़ते ही उन्होंने सीएम चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कांग्रेस में रहते उनकी डिग्निटी को हर्ट किया गया था। हिंदू होने के कारण उन्हें टारगेट किया गया और पर्सनल रंजिश निकाली जा रही थी।

# प्रधानमंत्री 12 को करेंगे दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती कार्यक्रमों का शुभारंभ

## राजस्थान के 100 आर्यसमाजी होंगे शामिल

**जयपुर ( हिंस )।** महान् समाज सुधारक, आर्य समाज के संस्थापक एवं वेदों की ओर लौटो का नारा देने वाले महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर दो वर्षों में विश्व के अनेक देशों और भारत के प्रत्येक राज्य में विभिन्न प्रकार के आयोजन होंगे। आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के मंत्री जीववर्धन शास्त्री ने बताया कि 12 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली स्थित इन्दिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में इन आयोजनों का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि 19वीं सदी में महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा चलाए गए सामाजिक, आध्यात्मिक एवं स्वराज्य प्राप्ति के आंदोलनों की नींव में उनके द्वारा 1883 में स्थापित आर्यसमाज प्रमुख था। उन्होंने समाज को अंधविश्वास और कुरीतियों से दूर रहने का क्रांतिकारी संदेश दिया। वे ईश्वरीय ज्ञान वेद को समस्त मानव जाति और प्रत्येक वर्ग के लिए आवश्यक बताते थे। महर्षि दयानंद ने ही सर्वप्रथम ऊंच-नीच व भेदभाव की खाई को समाप्त करने का आह्वान किया। उनके द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश जैसे कालजयी ग्रंथ की रचना ने तत्कालीन समाज को जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। महर्षि दयानंद सरस्वती से प्रेरणा लेकर उनके हजारों शिष्य भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे। महर्षि जी के विचारों का प्रभाव भारत के प्रत्येक हिस्से और विश्व के अनेक देशों पर व्यापक रूप से हुआ। स्त्री शिक्षा, सबके लिए वेद, समान शिक्षा के अधिकार के साथ-साथ अनाथों के कल्याण, जाति निर्मूलन, हिंदी भाषा, गौरक्षा,



उन्नत कृषि, विधवा पुनर्विवाह, नारी शिक्षा, गुरुकुल प्रणाली आदि महान कार्यों के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती के योगदान को सदैव स्मरण किया जाता रहेगा। इस समारोह में राजस्थान से आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान किशनलाल गहलोत, मंत्री जीव वर्धन शास्त्री, कोषाध्यक्ष जयसिंह गहलोत, पुस्तकालयाध्यक्ष सत्यवीर डागुर, आचार्य ओम्प्रकाश, गुरुकुल आबू पर्वत, वेदप्रचार अधिष्ठाता डॉ. मोक्षराज, स्वामी चेतनानंद सरस्वती, अशोक आर्य, विजयसिंह भाटी, अशोक कुमार शर्मा, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. सांदीपन आर्य, नरदेव आर्य तथा सभी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ प्रदेशभर से 100 लोग भाग लेंगे ।

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा ने कहा

# बजट सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय

**जयपुर ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय है। जो समावेशी विकास की दिशा में देश के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में जहां एक ओर देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में तब्दील करने के लिए पूंजीगत व्यय में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे जीडीपी के 3.3 प्रतिशत के स्तर तक ले जाया गया है, वहीं दूसरी ओर कल्याणकारी खर्चों में भी वृद्धि की गई है।यह बजट हिंदुस्तान को ग्रीन ग्रोथ की दिशा में तेजी से आगे ले जायेगा। जो पूरी तरह से किसान, महिला, नौकरी-पेशा, व्यापारी और युवाओं सहित सभी वर्गों की खुशहाली को समर्पित है। राजे ने कहा है कि 7 लाख रुपए तक की आय को टैक्स फ्री करके मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त अनाज की आपूर्ति एक वर्ष के लिए बढ़ाने, कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाने व यूरिया की सब्सिडी को दोगुनी से अधिक करने, युवाओं के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय व नए नर्सिंग कॉलेज खोलने तथा जनजातीय समूहों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जो प्रयास इस बजट में किए गए हैं वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि साथ ही 50 एयरपोर्ट्स, हेलिपोर्ट्स, वॉटर एयरोड्रॉम्स और एडवांस्ड लैंडिंग जोन्स का कायाकल्प करने, महिला सम्मान बचत पत्र के माध्यम से महिलाओं को 7.5 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से बचत पत्र खरीदने की सुविधा देने, वरिष्ठ नागरिकों के बचत खाते की सीमा दोगुनी करने और पीएम कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से 47 लाख युवाओं को

# हरियाणा की डिजिटल लाइब्रेरी योजना केंद्रीय बजट में शामिल: दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट को देश में आर्थिक सुधार और औद्योगिक विकास को बढ़ाने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रगति के नए द्वार खुलेंगे और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और बजट से सभी वर्ग संतुष्ट होंगे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश सरकार की डिजिटल लाइब्रेरी की योजना को केंद्र के बजट में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रत्येक गांव में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का सपने लेकर आगे बढ़ रही है और इस दिशा में काफी समय से कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के हर गांव में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की योजना को बजट में शामिल करना सराहनीय है और इससे शिक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार के इस कदम से भविष्य की नींव मजबूत होगी और ग्रामीण बच्चों को गांव में ही बेहतर शिक्षा सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल के माध्यम से किताबों का सरलीकरण भी करेगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बजट में विभिन्न प्रकार के कैपिटल निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस है। पुराने वाहनों को बदलने के साथ ही रोजगार, व्यापार और औद्योगिक विकास पर भी ध्यान दिया गया है। कृषि क्षेत्र के लिए लाभदायक योजनाएं लाई गई है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी राहत के रूप में वेतनभोगी लोगों के लिए आयकर में सात लाख की छूट है। छोटे



उद्योंगों के बढ़ावे के लिए एमएसएमई में तीन करोड़ रूपए तक का स्लैब बनाने से छोटे उद्योगों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे युवाओं को स्टार्टअप में भी बहुत बड़े अवसर मिलेंगे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गरीब वर्ग का ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रुपए करना ऐतिहासिक है। इससे मकान की तलाश में गरीब परिवारों को खुद का आवास मिलेगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण की दिशा में खासा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए लोन, औद्योगिक टैक्स स्लैब में बदलाव करना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र योजना से दो लाख की बचत पर 7.5 फीसदी की दर से ब्याज देने से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी। इसी तरह सेल्फ हेल्प ग्रुप में काम करने वाली महिला को मुद्रा स्कीम के तहत एक लाख रुपए का कर्ज और स्टैंड अप इंडिया योजना से महिलाओं को लाभ दिए जाना महिला वर्ग के हित में है।

## बजट में किसान, आमजन, वेतनभोगी सभी को लाभ : कविता जैन



**सोनीपत ( हिंस )।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने केंद्रीय आम बजट का स्वागत करते कहा कि सबके हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया बेहद संतुलित बजट हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बधाई की पात्र हैं, हर वर्ग के लिए लाभकारी बजट पेश किया है। सात लाख रुपए की वार्षिक आय वाले नागरिक टैक्स स्लेब से बाहर किये। एमएसएमई क्रेडिट गांरटी प्लान के लिए 09 हजार करोड़ रुपए किया प्रावधान, ईड्रोजन मिशन के लिए 19 हजार 700 करोड़ रुपए, तो किसान क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को 20 लाख करोड़ रुपए ऋण बांटने का लक्ष्य रखना दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। जैन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कोरोना काल से ही गरीब लोगों को मुफ्त में राशन मुहैया करवा जा रहा है ताकि देश का कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। इसे जारी रखते हुए केंद्र सरकार ने बजट में गरीब लोगों को मुफ्त में अनाज मुहैया करवाने के लिए दो लाख करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है।

# दुष्यंत चौटाला के खिलाफ सरपंचों का प्रदर्शन

**कैथल ( हिंस )।** जिलेभर के सरपंचों ने ईट एंड ड्रिंक व राइट टू रिकॉल के विरोध में कैथल पहुंचे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल के बाहर काले झंडे भी लहराए। पुलिस 70 प्रदर्शनकारी सरपंचों को हिरासत में लिया है। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बुधवार को कैथल में जाट शिक्षण संस्थान के वार्षिक उत्सव में भाग लेने पहुंचे थे। इसकी जानकारी के बाद सरपंचों ने दुष्यंत चौटाला का विरोध करने के लिए रणनीति बनाई। सुबह जिलाभर के सरपंच गांव मानस के सरपंच कर्मबीर भाल के नेतृत्व में हनुमान वाटिका में एकत्र हुए और वहां से प्रदर्शन कर नारे लगाते हुए सरपंच करनाल रोड होते हुए जाट शिक्षण संस्थान के बाहर पहुंच गए। सरपंचों ने जाट स्कूल के सामने दुष्यंत चौटाला के खिलाफ काले झंडे लहरा कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसकी सूचना पर पुलिस बल के साथ डीएसपी रविंद्र सांगवान और एसडीएम संजय कुमार मौके पर पहुंचे और सरपंचों को वहां से जबरन हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान सरपंचों



की पुलिस से झड़पें हुईं। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे 70 सरपंचों को हिरासत में लेकर जबरन उठाकर बसों में भरकर ले गई। बाद में राजौंद जाकर सभी छोड़कर दिया गया। कैथल ब्लॉक के सरपंच एसोसिएशन के प्रधान कर्मबीर मानस ने कहा कि जब तक सरकार ई टेंडरिंग व राइट टू रिकॉल वापस नहीं लेती सरपंचों का विरोध प्रदर्शन सरकार के खिलाफ जारी रहेगा। भाकियू के जिला प्रधान महाबीर चहल और भाकियू के प्रदेश के युवा उप प्रधान नरेंद्र माघो माजरी ने भी सरपंचों का समर्थन किया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि अगर सरकार मैं सरपंच के साथ जबरदस्ती की तो भारतीय किसान यूनियन इसका जबरदस्त विरोध करेगी। भाकियू सरपंचों की मांगों का पूरी तरह से समर्थन करती है और उनके साथ है। किसान यूनियन सरपंचों के साथ की जाने वाली किसी भी जाति का खुलकर विरोध करेगी।

## सीजेएम ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

**फरीदाबाद ( हिंस )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा-निर्देश पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी



एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने बुधवार को जिला जेल नीमका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बंदियों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। उन्होंने बन्दियों से अपील करते हुए कहा कि यदि आपका कोई वकील नहीं है तो वह प्राधिकरण फरीदाबाद से मुफ्त कानूनी सहायता ले सकता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिला जेल नीमका में स्थित अस्पताल के लंगर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई कानूनी समस्या है या कोई अलग में अपनी शिकायत या समस्या बताना चाहता है तो वह भी कर सकता है। इस अवसर पर जेल विभाग अधिकारियों के साथ पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम और रामवीर तंवर उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने ग्रेटर नगर निगम के तीन पार्षदों का बर्खास्तगी-आदेश किया रद्द

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने ग्रेटर नगर निगम के तीन पार्षदों अजय सिंह चौहान, पारस जैन व शंकर शर्मा को राहत देते हुए राज्य सरकार के उन्हें बर्खास्त करने वाले आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि मामले में प्रार्थियों को कार्रवाई से पहले सुनवाई का पूरा मौका नहीं दिया गया है। ऐसे में राज्य सरकार को छूट दी है कि वह चाहे तो अगस्त 2022 की न्यायिक जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थियों को नए सिरे से सुनवाई का मौका दे सकती है।

# बंचारी सरकारी स्कूल में जान हथेली पर रखकर पढ़ते हैं बच्चे

**पलवल ( हिंस )।** जिले के गांव बंचारी में सरकारी स्कूल में बच्चे डर के साए में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। करीब 6 वर्ष पूर्व स्कूल की बिल्डिंग को कंडम घोषित किया जा चुका है, लेकिन मजबूरी इतनी है कि बच्चों को इसी कंडम घोषित बिल्डिंग में बिठाकर पढ़ाना पड़ता है। अब तक छत से लेंटर के गिरने से कई बच्चे भी चोटिल हो चुके हैं। स्कूल की बिल्डिंग की हालत इतनी जर्जर की लेंटर और लेंटर और बीमों के सरिये नजर आ रहे हैं। गांव बंचारी का सरकारी स्कूल प्रदेश सरकार की शिक्षा प्रणाली की पोल खोल रहा है यहां न तो स्टूडेंट्स महफूज है और ना ही टीचर गाँव का सीनियर सेकेंडरी स्कूल कभी भी किसी की जान ले सकता है इस स्कूल में पढ़ना या पढ़ाना मौत के कुंए में बाइक चलाने के बराबर है। स्कूल की



जर्जर बिल्डिंग का लेंटर स्टूडेंट्स और अध्यापकों के ऊपर गिरता रहता है। जर्जर बिल्डिंग की छत से लेंटर गिरकर सरिये तक दिखने लगे हैं फिर भी इस जर्जर इमारत में स्टूडेंट्स पढ़ने को मजबूर हैं। कोई अन्य विकल्प भी स्टूडेंट्स और अध्यापकों के पास नहीं हैं। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को हर समय डर लगा रहता है कि कहीं उनके ऊपर छत का टुकड़ा टूट कर गिर ना जाए। जिसकी वजह से यहां स्टूडेंट्स ध्यान लगा कर पढाई भी नहीं कर पाते हैं। करीब 6 साल पहले इस स्कूल की इमारत को एजुकेशन विभाग की तरफ से कंडम घोषित कर दिया गया था, लेकिन आज तक दूसरी इमारत का निर्माण ना होने के चलते छात्रों को मजबूरी बस इसी इमारत में बिठाकर पढ़ाना पड़ रहा है। स्कूल के स्टाफ के सामने दो रास्ते हैं या तो वह बच्चों को खुले मैदान में पढ़ाएं या फिर इसी कंडम बिल्डिंग में। विनोद, बीरेंद्र अभिभावकों को हर समय डर लगा रहता है कि वह बच्चों को स्कूल में पढ़ने के लिए भेज तो देते हैं लेकिन उनके साथ कोई अनहोनी ना हो जाए और कई अभिभावकों के बच्चों को तो चोटिल भी होना पड़ा है।

## देशवासियों के सपनों को साकार करने वाला बजट : रामचरण

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरफ से पेश बजट को सभी देशवासियों के सपनों को साकार करने वाला बताया। सांसद बोहरा ने कहा कि यह अमृत काल का पहला बजट है और यह बजट समृद्ध एवं समावेशी भारत की सोच है। यह बजट 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने की आधारशिला है। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है चाहे वह महिला हो, युवा हो, किसान हो, व्यापारी हो, ओबीसी समुदाय के लोगों हो, दलित हो आदिवासी हो सभी के लिए इस बजट में कुछ ना कुछ है।

## जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द कराए जाएं विधानसभा चुनाव : अमित कपूर

**जम्मू ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी के जम्मू प्रांत के उपाध्यक्ष अमित कपूर ने मांग की है कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सभी मोर्चों पर अपनी विफलता के कारण लोगों का विश्वास खो दिया है और जम्मू और कश्मीर के दोनों क्षेत्रों में लोगों द्वारा लगातार समस्याओं का सामना किया जा रहा है। जम्मू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार की चिंता है, किसान अपने कृषि क्षेत्रों के बारे में चिंतित हैं और हाशिये पर रहने वाले लोगों की रातों की नींद इस डर से कट रही है कि उन्हें राज्य की भूमि के नाम पर उनकी संबंधित भूमि से विस्थापित कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बाहरी लोग राज्य के संसाधनों को हड़प रहे हैं, रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि आदि हो रही है। इससे आम लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती चली जा रहीं हैं। अमित कपूर ने कहा कि लोग प्रशासन से तंग आ चुके हैं और इसलिए जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने और राज्य का दर्जा बहाल करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर एक चुनी हुई सरकार एलजी प्रशासन की जगह लेती है तो निर्वाचित प्रतिनिधियों से परामर्श करके लोगों के मुद्दों को सम्मानजनक तरीके से संबोधित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही निर्वाचित सरकार के होते हुए कोई कठोर निर्णय नहीं लिया जाएगा क्योंकि चुनी हुई सरकार हमेशा लोगों के प्रति जवाबदेह होती है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही लोगों के प्रति जवाबदेह नहीं है, जिसके कारण वे मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान का उल्लेख किया और इसकी निंदा की क्योंकि प्रशासन ने अपने गुप्त उद्देश्यों से चुनिंदा लोगों को निशाना बनाया है और इसे लोकप्रियता हासिल करने के लिए एक हथकंडा अपना लिया है। उन्होंने कहा कि अभियान को गरीब और हाशिये पर रहने वाले लोगों को उनके कृषि क्षेत्रों, भूमि, घरों या व्यावसायिक स्थानों से विस्थापित करके लक्षित नहीं करना चाहिए क्योंकि इस अभियान ने गरीबों को प्रभावित किया है।

# पाकिस्तान जायरीन का जत्था अजमेर-अमृतसर ट्रेन से रवाना

**अजमेर ( हिंस )।** ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें उर्स में शामिल होने आए 240 पाकिस्तान जायरीनों का जत्था बुधवार शाम 6 बजे अजमेर रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 19613 अजमेर-अमृतसर से रवाना हो गए। स्टेशन पर इसके लिए विशेष बंदोबस्त किए गए थे। अजमेर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम विवेक रावत ने बताया कि पाक से आए जायरीन के लिए अलग से चार कोच ट्रेन में लगे हैं। इससे पहले जीआरपी और स्थानीय पुलिस सभी की जांच करेगी। पाक जायरीन जत्थे के संपर्क अधिकारी एनएल राठी ने बताया कि पुरानी मंडी स्थित केंद्रीय बालिका विद्यालय से रेलवे स्टेशन तक पाक जायरीन के जाने के लिए बसों की व्यवस्था रही। दोपहर से ही इनके प्रस्थान की तैयारियां प्रारंभ कर दी जाएंगी। पाक जायरीन ने अजमेर में खरीदारी भी की है। इनके साथ इनका लगेज भी सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से ट्रेन तक पहुंचे, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए है। ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 811वें



उर्स में आए पाक जायरीन को कहना हैं कि हिंदी गानों और बॉलीवुड के प्रति पाकिस्तान में गजब की दीवानगी है। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार के गाने गुनगुनाने के अलावा महानायक अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना , वहीदा रहमान, शर्मिला टैगोर, शाहरुख खान, आमिर खान की फिल्में बड़े चाव से देखी जाती हैं। यह जायरीन सेंट्रल गर्ल्स स्कूल, पुरानी मंडी में ठहरे हैं। सिंध प्रांत के नवाबशाह जिला के खडेडो गांव के जायरीन ने पाकिस्तान में सिंधी संस्कृति, तीज- त्योहारों से लेकर खेती-पशुपालन के बारे में बताया। बरसों पुराने सिंध प्रांत में छोड़ी जमीन-जायदाद के हालचाल जानकर सुरेश सिंधी भी काफी प्रभावित हुए। प्रशासन ने पूर्व अधिकारी सिंधी की खासतौर पर सेवाएं ली हैं। जायरीन ने बताया कि ज्यादातर पाकिस्तानी हिंदी गीतों के दीवाने हैं। लता मंगेशकर, आशा भौंसले, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, तलत महमूद के गीत रोजाना रेडियो-टीवी, यू-ट्यूब पर सुनते-देखते हैं। जगजीत सिंह, पंकज उधास की गजलें भी काफी पसंद हैं। कई टीवी और ओपन एयर शो में भी भारतीय गीतों की पेशकश होती है। पाकिस्तान में भारतीय फैशन स्टाइल भी काफी लोकप्रिय हैं। ज्यादातर पाकिस्तानी जायरीन को भारतीय खान-पान, संस्कृति और भाषाएं खासी पसंद हैं।




# केंद्र ने घरेलू स्टार्टअप्स के लिए अगले साल 31 मार्च तक कर अवकाश बढ़ाया


**नई दिल्ली।**
केंद्र सरकार ने बुधवार को स्टार्टअप्स के लिए टैक्स हॉलिडे स्कीम को 31 मार्च, 2024 तक बढ़ाने की घोषणा की। पहले यह योजना इस साल 31 मार्च को खत्म होनी थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हम मार्च से अगले साल 31 मार्च तक स्टार्टअप्स के आयकर लाभ के लिए निगमन की तारीख का विस्तार करने का प्रस्ताव करते हैं। मैं स्टार्टअप्स की शेयरहोल्डिंग को सात साल के निगमन से 10 साल तक बदलने पर नुकसान को आगे बढ़ाने का लाभ प्रदान करने का प्रस्ताव करती हूं। 2017 के केंद्रीय बजट में सरकार ने पहली बार घोषणा की थी कि 31 मार्च, 2016 के बाद निगमित स्टार्टअप निगमन की तारीख से सात में से तीन वर्षों के लिए कर अवकाश का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते कि किसी भी वित्तीय वर्ष में वार्षिक कारोबार 25 करोड़ रुपये से अधिक न हो। हेल्दीश्योर के सीईओ और को-फाउंडर अनुज पारेख ने कहा कि टैक्स बेनिफिट की समय सीमा का विस्तार स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए एक सकारात्मक कदम है। सीतारमण ने स्टार्टअप्स की शेयरहोल्डिंग में बदलाव पर होने वाले नुकसान को आगे बढ़ाने के लाभ को अब सात साल से बढ़ाकर 10 साल कर दिया है। उन्होंने कहा, 10 साल के लिए घाटे को कम करने का संशोधन एक और सकारात्मक है क्योंकि विघटनकारी और तकनीकी स्टार्टअप के लिए शुरू में लाभदायक होना मुश्किल है, खासकर अगर वे भारत के करोड़ों इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान कर रहे हैं। मुल्ला के संस्थापक और सीईओ प्रखर पांडेय ने कहा कि इन कदमों से देश भर में उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, भारत के मौजूदा स्टार्टअप इकोसिस्टम और विकास के सभी चरणों में फंडिंग में कमी के साथ, इनमें से कुछ कदम घरेलू और विदेशी निवेशकों को अच्छी गुणवत्ता वाले स्टार्टअप पर बड़ा दांव लगाने में मदद कर सकते हैं।

2022-23 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण में इस सप्ताह कहा गया है कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप द्वारा नौ लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन किया गया है, जिसमें 2022 में 64 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### केवाईसी मानदंडों को बनाया जाएगा सरल, पहचान पत्र के तौर पर मान्य होगा पैन कार्ड




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया। इसमें आईटी पोर्टल स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण से फंड लेने में आसानी होगी। इसके अलावा, वित्तीय क्षेत्र के नियामकों को भी डिजिटल इंडिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से उत्तरदायी केवाईसी सिस्टम के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।सीतारमण ने कहा कि डिजीलॉकर सर्विस और आधार को मूलभूत पहचान के रूप में उपयोग करते हुए, विभिन्न सरकारी एजेंसियों, नियामकों और विनियमित संस्थाओं द्वारा बनाए गए व्यक्तियों की पहचान और पते के मिलान और अपडेट के लिए एक स्टॉप समाधान स्थापित किया जाएगा। पैन का इस्तेमाल निर्दिष्ट सरकारी एजेंसियों की सभी डिजिटल सिस्टम्स के लिए सामान्य पहचानकर्ता के रूप में किया जाएगा। इससे व्यापार करने में आसानी होगी और इसे एक कानूनी अधिदेश के माध्यम से सुगम बनाया जाएगा। विभिन्न सरकारी एजेंसियों को एक ही सूचना को अलग-अलग प्रस्तुत करने की आवश्यकता से बचने के लिए एकीकृत फाइलिंग प्रक्रिया की एक प्रणाली स्थापित की जाएगी। एक सामान्य पोर्टल पर सरलीकृत रूपों में सूचना की ऐसी फाइलिंग या रिटर्न फाइलर की पसंद के अनुसार अन्य एजेंसियों के साथ साझा की जाएगी। एप्सिलॉन मनी मार्ट के सीईओ और सह-संस्थापक अभिषेक देव ने कहा कि केवाईसी को सरल बनाना, सामान्य व्यवसाय पहचानकर्ता के रूप में पैन का उपयोग करना और डिजीलॉकर का उपयोग बढ़ाना, निवेश व कराधान के सरलीकरण और व्यक्तियों और व्यवसायों के बेहतर वित्तीय समावेशन के महत्वपूर्ण उद्देश्यों की दिशा में स्वागत योग्य कदम हैं।

### बजट भाषण के दौरान सबसे अमीर लोगों की सूची में नौवें स्थान पर पहुंचे मुकेश अंबानी, अदाणी भी टॉप-10 में



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की तरफ से पेश किए गए बजट के बीच जहां शेयर बाजार लगातार बढ़ा, वहीं भारत के अरबपतियों की संपत्ति में उतार चढ़ाव जारी है। ताजा जानकारी के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी 84.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में नौवें नंबर पर आ गए हैं, जबकि शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के आरोपों के बीच गौतम अदाणी फिलहाल 83.9 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 10वें नंबर पर हैं। हालांकि, एक दिन पहले ही वह अमीरों की सूची में 11वें स्थान तक खिसक गए थे। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति में शुमार गौतम अदाणी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। तीन दिन में उनके समूह की कंपनियों को 34 अरब डॉलर का घाटा हुआ था। 25 जनवरी को हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप के संबंध में 32 हजार शब्दों की एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के निष्कर्ष में 88 प्रश्नों को शामिल किया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है।

### वित्त वर्ष 2024 में 25,078 करोड़ रुपये के साथ कम आवंटन प्राप्त करेगी परमाणु ऊर्जा



**नई दिल्ली।** भारतीय परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को 25,078.49 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है जो वित्त वर्ष 2023 में प्राप्त राशि से कम है। 2023-24 के लिए अनुदान की मांग के अनुसार, परमाणु ऊर्जा विभाग को 2022-23 के लिए 25,965.67 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान (आरई) के मुकाबले 25,078.49 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को संसद में पेश किए गए बजट पेपर के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में निवेश के तहत वित्त वर्ष 2024 के लिए यह राशि 22,669.12 करोड़ रुपये है। न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) को वित्त वर्ष 2024 के लिए 22,273 करोड़ रुपये और भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड को 201 करोड़ रुपये मिलेंगे।

इनकम टैक्स छूट की सीमा 8 साल बाद बढ़ी

# गरीबों को एक साल और मिलेगा मुफ्त अनाज, युवाओं-रोजगार के लिए अहम ऐलान

**नई दिल्ली।**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में बजट की सबसे बड़ी बातें

**मिडिल क्लास के लिए:** 7 लाख तक की आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं।

**निचले तबके के लिए:** गरीब कल्याण अन्न योजना में मुफ्त अनाज एक साल और मिलेगा।

**युवाओं के लिए:** स्टार्टअप फंड, और 3 साल तक भत्ता मिलेगा, इंटरनेशनल स्किल इंडिया सेंटर्स बनेंगे।

**आदिवासी क्षेत्र के लिए:** एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स अपॉइंट किए जाएंगे। आदिवासी गांवों के विकास के लिए 15 हजार करोड़।

**महंगा-सस्ता:** टीवी-मोबाइल सस्ते होंगे। सिगरेट पर टैक्स 16प्रतिशत बढ़ाया गया। ये अब महंगी होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में सबसे बड़ी बात इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव की रही। उन्होंने 8 साल बाद स्लैब बदला और 7 लाख की आमदनी पर टैक्स छूट देने की घोषणा कर दी। सीतारमण का ये 5वां और देश का 75वां बजट था। उन्होंने इस बार पहले की तुलना में कम समय लिया। इस बार का भाषण महज 1 घंटे 27 मिनट का था। इस साल 9 राज्यों में और अगले साल देश का चुनाव है। इसका असर बजट भाषण में दिखा। सीतारमण ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना और युद्ध के चलते मंदी की राह पर है, तब भारत की ग्रोथ बाकी देशों के मुकाबले मजबूत है।

### बजट में आपके लिए क्या-क्या ऐलान किए गए

**इनकम टैक्स: 8 साल बाद छूट की सीमा बढ़ी** - अब सालाना 7 लाख रुपए तक की कमाई होने पर इनकम टैक्स नहीं देना होगा। यह छूट सिर्फ नई टैक्स रिजीम के तहत मिलेगी। अभी भी इनकम टैक्स रिटर्न भरने के 2 ऑप्शन बने रहेंगे। अभी तक 2.5 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री थी। आखिरी बार 2014-15 बजट में इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया था।




**क्या सस्ता, क्या महंगा** - टीवी सस्ते होंगे। वजह पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी 5प्रतिशत से घटाकर 2.5प्रतिशत कर दी गई है। मोबाइल फोन भी सस्ते होंगे, क्योंकि मैन्युफैक्चरिंग के लिए कुछ पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई। हीरों की कीमतें कम होंगी। मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल होने वाले सीड पर ड्यूटी कम की गई है। सिगरेट पर टैक्स 16प्रतिशत बढ़ाया गया, ये महंगी होगी। चांदी से बने आइटम्स महंगे होंगे क्योंकि कस्टम ड्यूटी बढ़ाई गई है। बजट के दौरान गंभीर मुद्दों पर ऐलान के बीच मजेदार लम्हा भी आया। सीतारमण स्क्रैप पॉलिसी का जिक्र कर रही थीं। इस दौरान वे ओल्ड पॉल्यूटेड व्हीकल को ओल्ड पॉलिटिकल व्हीकल कह गईं। फिर बोलीं- सॉरी...सॉरी, ओल्ड पॉल्यूटेड व्हीकल्स को हटाएंगे।

**रोजगार** - इस साल फाइनेंस मिनिस्टर ने पूरे बजट में रोजगार या जॉब्स शब्द का इस्तेमाल ही महज 4 बार किया। पीएम कौशल विकास योजना का ही 4.0 वर्जन लॉन्च करने की बात कही। बोलीं- युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों के लिए तैयार करने के लिए 30 स्किल इंडिया सेंटर खोले जाएंगे। नेशनल एप्रेंटिसशिप स्कीम के तहत 47 लाख युवाओं को सपोर्ट देने के लिए 3 साल तक भत्ता दिया जाएगा।

**किसान** - सरकार ने कृषि क्रेडिट कार्ड 20 लाख करोड़ बढ़ाने की घोषणा की। यह पिछले साल 18.5 लाख करोड़ रुपए था। इसके अलावा डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर से किसानों को खाद बीज से लेकर मार्केट और स्टार्टअप्स तक की जानकारी मिल सकेगी। एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड के जरिए गांवों में युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने का मौका मिलेगा।

**इंडस्ट्री-स्टार्टअप** - देश के 6 करोड़ से ज्यादा छोटे-मझोले उद्योग हैं और 84 हजार से ज्यादा स्टार्टअप। इनके लिए नई क्रेडिट गारंटी स्कीम 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। इसमें छोटे-मझोले उद्यमों को बिना गारंटी के 2 लाख करोड़ रुपए तक का क्रेडिट दिया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान पैकेज लॉन्च किया जाएगा, जिसमें प्रोडक्शन बढ़ाने और मार्केट तक पहुंचाने में मदद करेगा।

### कुछ और बड़े ऐलान

**रेलवे:** 2.40 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। 2014 के मुकाबले ये रेल बजट 9 गुना ज्यादा है।

**सीनियर सिटीजन्स:** सेविंग्स अकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 9 लाख रुपए की जाएगी।

**महिला:** सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी। इसमें महिलाओं को 2 लाख रुपए की बचत पर सालाना 7.5प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर:** बजट में 66प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। सेक्टर अब 79 हजार करोड़ रुपए का हो गया है। 2014 से मौजूद 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। 50 नए एयरपोर्ट, हेलिपैड और वाटर एयरो ड्रोन सेंटर्स बनेंगे। सभी शहरों में सीवेज की सफाई मशीनों से की जाएगी।

**5जी सर्विस:** इस सर्विस पर चलने वाले ऐप डेवलप करने के लिए इंजीनियरिंग संस्थानों में 100 लैब बनाई जाएंगी। इन लैब्स के जरिए नए अवसर, बिजनेस मॉडल और रोजगार की संभावनाएं बनेंगी।

**पर्यावरण:** फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करने के लिए ग्रीन हाईड्रोडन मिशन। एनर्जी ट्रांजीशन के लिए 35 हजार करोड़। एनवॉरोन्मेंट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नया ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम।

**डिजिटल इंडिया:** बिजनेस और चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए डिजिलॉकर। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए बड़े संस्थानों में 3 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे।

फुल सब्सक्राइब हुआ अडाणी एंटरप्राइजेज का एफपीओ

# आखिरी दिन 1.12 गुना सब्सक्राइब हुआ एफपीओ , क्यूआईबी पोर्शन 1.26 गुना बुक किया गया

**नई दिल्ली।**
हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट के बाद भी अडाणी एंटरप्राइजेज का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर तीसरे और आखिरी दिन फुल सब्सक्राइब हो गया है। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का 20 हजार करोड़ रुपए का एफपीओ आखिरी दिन 1.12 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं तीसरे दिन 4,55,06,791 शेयरों के टोटल ऑफर साइज के मुकाबले 5,00,84,096 शेयरों के लिए बिड्स मिली हैं।

**क्यूआईबी पोर्शन 1.26 गुना बुक किया गया** - क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बिडर्स के लिए रिजर्व्ड कोटा को 1.26 गुना बुक किया गया। जबकि नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स को 3.32 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। एम्प्लॉई कोटे के लिए 55प्रतिशत बिड्स मिली हैं। जबकि, रिटेल इन्वेस्टर के लिए रिजर्व्ड कोटे के लिए 12प्रतिशत बिड्स मिलीं।

**पहले दिन सिर्फ 1प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था** - एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, दूसरे दिन सोमवार को एफपीओ को महज 3प्रतिशत और पहले दिन सिर्फ 1प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला। इस ऑफर का प्राइस बैंड 3,112-3,276 रुपए प्रति शेयर रखा गया था। रिटेल बिड्स कम रहने की ही उम्मीद थी, क्योंकि शेयर की कीमत एफपीओ प्राइस बैंड से कम ही चल रही है। हालांकि, एफपीओ में रिटेल निवेशकों को 64 रुपए प्रति शेयर की छूट भी दी गई थी।

**अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर प्राइस 2,948 रु.** - मंगलवार को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 55.15 रुपए यानी 1.91प्रतिशत बढ़कर 2,948 रुपए पर बंद हुआ है। एफपीओ के तहत मिले शेयरों को डीमैट अकाउंट में 7 फरवरी तक क्रेडिट किया जाएगा। 8 फरवरी से ये शेयर ट्रेड के लिए अवेलेबल होंगे। 27 जनवरी को यह एफपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।




**डीमैट अकाउंट में 7 फरवरी तक क्रेडिट किए जाएंगे शेयर्स** - एफपीओ के तहत मिले शेयरों को डीमैट अकाउंट में 7 फरवरी तक क्रेडिट किया जाएगा। 8 फरवरी से ये शेयर ट्रेड के लिए उपलब्ध होंगे। एफपीओ में मिनिमम बिड लॉट साइज 4 शेयर और उसके बाद 4 शेयरों के मल्टिपल में रखा गया था। कंपनी ने 100प्रतिशत बुक-बिल्ट ऑफर के तहत पार्ट्ली पेड बेसिस पर नए शेयर जारी किए थे।

**एफपीओ क्या है** - एफपीओ यानी फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर एक ऐसी प्रोसेस है जिसमें स्टॉक एक्सचेंज में पहले से लिस्टेड कंपनी मौजूदा शेयरधारकों या नए निवेशकों को नए शेयर जारी करती है। यह आईपीओ से अलग है जहां कंपनी फंड इकट्ठा करने के लिए पहली बार अपने शेयर जारी करती है। एफपीओ के जरिए कंपनी अपने इक्विटी बेस का विस्तार करती है।

# एफटीसीसीआई ने बजट को बताया विकासोन्मुखी

**हैदराबाद।**
फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफटीसीसीआई) ने केंद्रीय बजट 2023-24 को विकासोन्मुख बजट बताया है और इसे बहुत अच्छा करार दिया। उद्योग और व्यापार निकाय ने बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय में वृद्धि और आयकर छूट के साथ लोगों के हाथों में अधिक पैसा उपलब्ध कराने का स्वागत किया। एफटीसीसीआई उद्योग विकास समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास गैरिमेला ने कहा कि 5-6 वर्षों में यह सबसे अच्छा बजट है। उन्होंने इसे 10 में से 7 की रेटिंग दी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम जनता के लिए कुछ अच्छी योजनाओं के साथ राजकोषीय विवेक को संतुलित किया। उन्होंने कहा कि बजट विकासोन्मुख है, क्योंकि सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्च र पर खर्च का प्रस्ताव रखा है, जिसकी उद्योग जगत को उम्मीद थी। उन्होंने बताया कि पूंजी परिव्यय व्यय सकल घरेलू उत्पाद के 1.6 प्रतिशत से दोगुना होकर 3.3 प्रतिशत हो गया है। एसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी योजना का विस्तार किया गया है। दिया गया संपार्श्विक मुक्त ऋण 1 करोड़ रुपये है। हमने मांग की थी कि इसे बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया जाए। विवरण की घोषणा की जानी बाकी है। एफटीसीसीआई के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि वित्त मंत्री का जोर समावेशी विकास, अंतिम पड़ाव तक पहुंचने, बुनियादी ढांचे और रेलवे पर पूंजीगत व्यय,




टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास, हरित विकास और कौशल सहित सात स्तंभों पर है। चूंकि चुनाव वर्ष से पहले यह आखिरी पूर्ण बजट था, इसलिए वित्त मंत्री ने तुरुप का पत्ता बहुत अच्छी तरह से पेश किया है। उन्होंने राजकोषीय घाटे को पिछले साल के 6.4 प्रतिशत से घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, उद्योग निकाय का मानना है कि यह इतना बड़ा कदम नहीं है, क्योंकि उन्होंने विनिवेश योजना या परिसंपत्ति मुद्रीकरण के लक्ष्य के बारे में नहीं सुना है। इसे 5.9 फीसदी राजकोषीय के साथ संतुलित करना एक मुश्किल काम होगा। चार्टर्ड एकाउंटेंट और एफटीसीसीआई की प्रबंध समिति के सदस्यकी प्रबंध समिति के सदस्य की प्रबंध समिति के सदस्यवी.एस. सुधीर ने कहा, बड़े इंफ्रास्ट्रक्च र का हम सभी इंतजार कर रहे हैं, यह एक बहुत ही संतुलित कदम है। रेलवे, हाईवे और सभी के पास इस साल पर्याप्त आवंटन है। मुझे उम्मीद है कि सरकार उन्हें तेजी से ट्रैक पर ले जाएगी और पैसा खर्च करेगी।

# टोयोटा अर्बन क्रूजर हायराइडर का सीएनजी वैरिएंट लॉन्च: 13.23 लाख रुपए में मिलेगा 26.6 किलोमीटर का माइलेज, पेट्रोल वैरिएंट से 90 हजार रुपए महंगी

**नई दिल्ली।**
जापानी ऑटो मैकर कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर ने अर्बन क्रूजर हायराइडर को सीएनजी वैरिएंट में लॉन्च कर दिया है। टोयोटा की सीएनजी वैरिएंट में यह पहली एसयूवी कार है। इसकी शुरुआती कीमत (दिल्ली एक्स-शोरूम) 13.23 लाख रुपए है। कार का सीएनजी वैरिएंट पैट्रोल मैन्युअल वैरिएंट से 95 हजार रुपए महंगा है। कंपनी इसे अर्बन क्रूजर हायराइडर -सीएनजी नाम दिया है। बायर्स इसे 25 हजार रुपए टोकन मनी देकर कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट से घर बैठे या नजदीकी डीलरशिप बुक कर सकते हैं। अर्बन क्रूजर हायराइडर का मुकाबला मारुति




सुजुकी की ग्रैंड विटारा सीएनजी से है। टोयोटा अर्बन क्रूजर हायराइडर-सीएनजी : इंजन और माइलेज टोयोटा अर्बन क्रूजर हायराइडर श्व-सीएनजी में 1.5 लीटर का -सीरीज डुअल-जेट, डुअल बाय-फ्यूल पेट्रोल इंजन दिया गया है। यह इंजन सीएनजी मोड में 86.6 की पावर और 121.5 का टॉर्क जनरेट करता है। कार 5 स्पीड मैन्यूअल ट्रांसमिशन के साथ आती है। वहीं इसकी राइवल ग्रैंड विटारा के सीएनजी वैरिएंट में भी यही इंजन मिलता है। इसलिए लिए दोनों कारों के पावर, टॉर्क और माइलेज में कोई अंतर नहीं है। 7 सिंगल, 4 डबल टोन कलर में अवेलेबल हाई राइडर के फ्रंट साइड पर पतले से डबल-लेयर डे-टाइम रनिंग लाइट्स लगे हैं। जो क्रिस्टल एक्रिलिक कलर ग्रील से कनेक्ट किए गए। कार डोर पर हाइब्रिड बैज और कन्वेंशनल प्रोफाइल है। रियर साइड पर टेल लाइट्स हैं, जो डबल के एलिमेंट से कनेक्ट हैं। कार 7 सिंगल टोन और 4 डबल टोन कलर में अवेलेबल है। मारुति और टोयोटा की बलेनो, ग्लैंजा, न्यू ब्रेजा, और एर्टिगा जैसी कारों की तरह ही इसका इंटीरियर है। इसे ब्लैक और ब्राउन थीम पर रखा गया। माइल्ड-हाइब्रिड मॉडल में ऑल ब्लैक इंटीरियर थीम भी मिलेगा। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पावरट्रेन कार में ही ब्लैक-ब्राउन को मिक्स किया है। पैनोरमिक सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा भी मौजूद है। टोयोटा 3 साल में एक लाख किलोमीटर और 5 साल में 2.20 लाख किलोमीटर की वारंटी ऑफर कर रहा है।

# अमेजन की नौकरी में कटौती ने किराना, रोबोटिक्स, भुगतान, एडब्ल्यूएस डिवीजनों में कर्मचारियों को प्रभावित किया

**सैन फ्रांसिस्को।**

**अमेजन ने पिछले महीने लगभग 18,000 कर्मचारियों की नौकरी में कटौती की घोषणा की थी और जो लोग अपनी नौक री खो चुके थे, वे कंपनी के विभिन्न डिवीजनों से थे, जिनमें एडब्ल्यूएस, हेल्थकेयर, भुगतान, रियल एस्टेट और डिलीवरी व्यवसाय शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एक कर्मचारी ने छंटनी की घोषणा के बाद एक स्प्रेडशीट विकसित की, जिससे प्रभावित लोगों को भर्तीकर्ताओं के उपयोग के लिए अपनी जानकारी प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।**




वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिंटेनिंग नोटिफिकेशन (डब्ल्यूएआरएन) फाइलिंग के अनुसार, अमेजन के गृह राज्य वाशिंगटन में कम से कम 2,300 कर्मचारियों को निकाल दिया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, फाइलिंग से पता चलता है कि 500 से अधिक कैलिफोर्निया में निकाले गए, जिसमें इंजीनियरिंग और भर्ती प्रभाग शामिल हैं, जबकि लगभग 300 न्यूयॉर्क से थे।

किराना और भौतिक दुकानों में, प्रोग्राम मैनेजर, स्टोर डिजाइनर, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधक और सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत लोगों की नौकरी में कटौती हुई, अमेजन गो और गो किराना कैशियर-कम सुविधा स्टोर और सुपरमार्केट भी छंटनी से प्रभावित हुए।

जैसा कि रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, अमेजन रोबोटिक्स में, हार्डवेयर विकास इंजीनियर, मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियर, नेटवर्क इंजीनियर, अनुप्रयुक्त विज्ञान प्रबंधक और तकनीकी उत्पाद प्रबंधक नौकरी में कटौती का हिस्सा थे।

इसके क्लाउड कंप्यूटिंग डिवीजन एडब्ल्यूएस (अमेजन वेब सर्विसिस) में, जिन लोगों की नौकरी चली गई, उनके पास सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर, अकाउंट रिप्रेजेंटेटिव, क्लाउड और क्वालिटी एश्योरेंस इंजीनियर के पद थे।

इसके अलावा, कंपनी के भुगतान संगठन में भी छंटनी की गई, जो ऑनलाइन भुगतान प्रसंस्करण सेवा अमेजन पे जैसी इकाइयों की देखरेख करती है।

छंटनी करने वालों में इंजीनियर, उत्पाद प्रबंधक और कंपनी के वेनमो चेकआउट एकीकरण पर काम करने वाले कर्मचारी शामिल थे।

रिपोर्ट में आगे उल्लेख किया गया है कि कटौती में अमेजन के विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं पर काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं।


नौकरी में कटौती के हिस्से के रूप में, अमेजन फार्मेसी, 2020 में लॉन्च की गई ऑनलाइन फार्मेसी, कार्यक्रम प्रबंधकों, जोखिम अनुपालन प्रबंधकों और बिलिंग प्रबंधकों को खो दिया।

डिजिटल हेल्थ टूल्स और हेलो हेल्थ और फिटनेस ट्रैकर पर काम करने वाले कर्मचारियों को भी हटा दिया गया।

अमेजन की ड्रोन डिलीवरी यूनिट में व्यापक छंटनी देखी गई, वाशिंगटन, ओरेगन, टेक्सास और कैलिफोर्निया में कर्मचारियों की छंटनी की गई।

सूत्रों का हवाला देते हुए, रिपोर्ट के अनुसार, डिजाइन, रखरखाव, सिस्टम इंजीनियरिंग, उड़ान परीक्षण और उड़ान संचालन इकाइयों के कर्मचारियों को निकाल दिया गया था।

# अथिया शेट्टी को पति केएल राहुल ने किस किया, वीडियो हुआ वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और क्रिकेटर केएल राहुल ने हाल ही में एक-दूसरे के साथ सात फेरे लिए, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब जमकर वायरल हुई। न्यूलीवेड्स अथिया शेट्टी और केएल राहुल का एक नया वीडियो सामने आया है। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस जोड़ी ने 23 जनवरी को सुनील शेट्टी के खंडाला हाउस में शादी की थी। क्रिकेटर ने इंटरनेट पर अपना बेहद रोमांटिक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो पार्टी में अथिया को किस करते नजर आ रहे हैं। शादी के बाद ये कपल काफी खुश नजर आ रहा है। केएल राहुल ने वीडियो शेयर किया लेकिन कैप्शन नहीं दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, अथिया की सबसे अच्छी दोस्त अनुष्का रंजन ने लिखा, लव। एक फैंस ने कहा, किसी की नजर ना लगेगी आप दोनों को। आप दोनों हमेशा मेरे पसंदीदा हैं।

# शाहरुख की अगली फिल्म जवान के डायरेक्टर के घर आया नन्हा मेहमान, पापा बने एटली





फिल्म पठान से बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान का क्रेज एक बार फिर उनके फैंस को पागल कर रहा है। अब शाहरुख के फैंस की नजर उनकी अगली फिल्म जवान पर है, जिसका वे सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जबसे जवान का टीजर आया है लोगों में फिल्म को देखने की बेकरारी बढ़ गयी है। इस बीच जवान के कास्ट एंड क्रू के लिए एक गुड न्यूज आई है कि उनके प्यारे डायरेक्टर एटली अब फाइनली पापा बन गए हैं। जी हां, डायरेक्टर एटली की जिंदगी में एक बेहद खुशी की कड़ी जुड़ गई है। हाल ही में उनके घर एक छोटे राजकुमार ने जन्म लिया। जिसकी खबर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एटली ने लिखा है, "वे लोग सही थे, दुनिया में इससे ज्यादा प्यारी और कोई भी फीलिंग नहीं हो सकती। हमारा बेबी बॉय आ गया है। अब पैरेंटहुड का एक नया और एक्साइटिंग एडवेंचर आज से शुरू हो रहा है। मैं काफी खुश हूं, धन्य और आभारी भी हूं।" अपने डायरेक्टर के जीवन में आयी इस नई बहार से शाहरुख भी बहुत खुश हैं और उन्होंने भी ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

# मणिरत्नम की "पोन्नियिन सेल्वन 2" की रिलीज डेट को लेकर आयी बड़ी खबर



मशहूर निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म "पोन्नियिन सेल्वन-1" ने पिछले साल सिनेमाघरों में खूब धमाल मचाया था। फिल्म के पहले भाग को लोगों काफी ज्यादा सराहा था और इसलिए दर्शकों में इस फिल्म के दूसरे भाग को लेकर भी काफी ज्यादा उत्साह है। आज फिल्म के मेकर्स ने इस फिल्म के अगले भाग की रिलीज डेट का खुलासा कर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस को खुश कर दिया है । "पोन्नियिन सेल्वन 2" के मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा किया है। "पोन्नियिन सेल्वन 2" इस साल 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। "पोन्नियिन सेलवनः 2" महान चोल सम्राट राजा चोल की कहानी को आगे बढ़ाती है। वह अपने समय में दक्षिण में सबसे शक्तिशाली राजा थे। उन्हें मुख्य रूप से चोल शक्ति को बहाल करने और दक्षिण पूर्व एशिया और हिंद महासागर में अपना वर्चस्व सुनिश्चित करने के लिए याद किया जाता था। "पोन्नियिन सेलवन-2" मणिरत्नम द्वारा निर्देशित है। इसका निर्माण लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है। "लाइका प्रोडक्शंस" सबसे सफल भारतीय फिल्म स्टूडियो में से एक है और भारत में रिलीज हुई कुछ सबसे बड़ी तमिल फिल्मों के लिए जिम्मेदार है, जिनमें "पोन्नियिन सेलवन" "आई" और "रोबोट", "2.0" जैसी फिल्में शामिल हैं।

# एक्स बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ दिखीं जान्हवी कपूर



जान्हवी कपूर को हाल ही में उनके एक्स बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। वह अपनी कार में शिखर के साथ एक पार्टी के बाद फिल्म निमार्ता करण जौहर के घर से बाहर निकलते हुए देखी गईं और यहां तक कि उनकी तस्वीरें क्लिक करने वाले पपराजी को देखकर वह मुस्कुराईं। वीडियो को एक पपराजी द्वारा ऑनलाइन साझा किया गया। वीडियो में जान्हवी शिखर के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं, जबकि वह पपराजी को कार के सामने से हट जाने का इशारा कर रहे हैं। जान्हवी ने एक काले रंग की पोशाक पहनी थी जिसे उन्होंने पीच ब्लेजर के साथ पेयर किया था। जबकि शिखर को हरे रंग की फुल-स्लीव टी-शर्ट और ब्लू डेनिम में देखा गया।

**कौन हैं शिखर पहाड़िया?**

शिखर पहाड़िया राजनेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। कथित तौर पर शिखर और जान्हवी कुछ समय से डेटिंग कर रहे थे। इसकी जानकारी खुद जान्हवी ने कॉफी विद करण के एक एपिसोड में दी थी। बाद में दोनों अलग हो गए। हालांकि, पिछले साल दिवाली के बाद से दोनों को अक्सर साथ देखा गया है। यहां तक कि दोनों ने एक साथ मालदीव में छुट्टियां भी मनाईं और शिखर वहां जान्हवी के अंकल अनिल कपूर की बर्थडे पार्टी में भी गए थे। अभी कुछ दिन पहले 29 दिसंबर 2022 को मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की सगाई में जान्हवी कपूर भी शिखर पहाड़िया के साथ शामिल हुई थीं।

# फिल्म शिव शास्त्री बलबोआ की टीम ने रखी शानदार दावत



फिल्म शिव शास्त्री बलबोआ को रिलीज के लिए बस कुछ ही दिन बचे हैं और फिल्म की स्टार कास्ट जमकर अपनी इस वंडर फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हर अखबारों की सुर्खियों में शिव शास्त्री बालबोआ का ही बोलबाला नजर आ रहा है। फिल्म के पोस्टर से लेकर उनके विचित्र अवतार, चाहने वालों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। फिल्म की पूरी टीम द्वारा लिया जा रहा एक-एक कदम वाकई सराहनीय है। हाल ही में शिव शास्त्री बलबोआ की टीम की ओर से की गई एक खूबसूरत पहल, जहां पर मुंबई के लोगों के पेट को भरने वाले और डब्बा वाला के दिल तक पहुंचने की एक नेक कोशिश की गई। जी हां, अनुपम खेर और नीना गुप्ता ने मुंबई के डब्बा वालों को एक शानदार भोजन परोसा, जो डब्बा वालों की अच्छाई का प्रतीक है, जो पूरे मुंबई शहर को बिना किसी रुकावट के खाना पहुंचाते हैं।

मुंबई डब्बा वालों के पेट को भरकर उनके दिल तक पहुंचना वाकई ये योगदान फिल्म के स्टार कास्ट के लिए बेहद सुखद भरा अनुभव रहा। डब्बा वालों ने शिव शास्त्री बलबोआ का एक अद्भुत पोस्टर भी लॉन्च किया। ये एक टोटल मसाला फिल्म है, जो जीवन में साहसिक कार्यों को सहजता से करने के जज्बे को दशार्ती है। डब्बा वाला डिलीवरी सिस्टम संयोग से सिक्स सिग्मा प्रमाणित है, जिसका अर्थ है कि छह मिलियन डिलीवरी में केवल एक त्रुटि। डब्बा वालों को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा एक केस स्टडी के रूप में लिया गया था, ताकि यह समझा जा सके कि ये डिब्बे में घर का बना भोजन कितनी सही तरीके से परोसते हैं और परिणाम ने उन्हें चकित भी कर दिया। शिवशास्त्री बलबोआ टीम ने उन लोगों को उनके नेक कार्य के लिए अपनी ओर से इस अद्भुत दावत के जरिए, उनके बिना रुके और बिना थके जज्बे को नमन करने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि यूएफआई मोशन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत शिवशास्त्री बलबोआ, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, जुगल हंसराज, नरगिस फाखरी, शारिब हाशमी- किशोर वरिथ, अनुपम खेर स्टूडियो और तरुण राठी, निमार्ताः किशोर वरिथ, कार्यकारी निमार्ताः बाजपा, लिखित : और अजयन वेणुगोपालन द्वारा निर्देशित है। फिल्म 10 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ऋतिक रोशन ने घर पहुंचे के-पॉप स्टार जैक्सन वैंग

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और उनका परिवार के-पॉप स्टार जैक्सन वांग के लिए आदर्श मेजबान साबित हुए जो अभिनेता के घर आए थे। वांग ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कीं जहां उन्होंने लोलापालूजा वैश्विक संगीत समारोह में प्रस्तुति देकर अपनी भारत यात्रा को संक्षेप में प्रस्तुत किया। जैक्सन वैंग ने लिखा लोलापालूजा इंडिया 2023 में हैशटैग मैजिकमैन। हमेशा यात्रा करना चाहता था। अंत में हवाई अड्डे पर आप सभी के साथ इस तरह का एक अद्भुत अनुभव आप सभी को शो में देखने के लिए नए दोस्तों को अनुभव करने के लिए इतना सम्मान। बहुत धन्य हूं। मुझे आशा है कि मुझे और अधिक बार वापस आने को मिलेगा। उन्होंने ऋतिक के साथ तस्वीर साझा की अभिनेता के माता-पिता राकेश और पिंकी रोशन ने उनके घर पर फोटो खिंचवाई। उन्होंने वांग को मुंबई की सड़कों पर रथ की सवारी करते हुए समुद्र में कुछ समय बिताते हुए एक स्थानीय बाजार का दौरा कर गेटवे ऑफ इंडिया की तस्वीर दिखाते हुए एक क्लिप भी पोस्ट किया।


# पठान से डरे कार्तिक आर्यन, फिल्म शहजादा की रिलीज एक सप्ताह के लिए टली




शाहरुख खान की फिल्म पठान की सफलता से फिल्म शहजादा के निमार्ता और अभिनेता डर गए हैं। कार्तिक आर्यन और कृति सैनन की फिल्म शहजादा की रिलीज को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। पठान बॉक्स ऑफिस पर अभी छाई हुई है। फिल्म निमार्ताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि कार्तिक आर्यन ने फिल्म शहजादा के निमार्ताओं से फिल्म की रिलीज को एक हफ्ते के लिए टालने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म शहजादा को एक नई रिलीज डेट मिली। अब 17 फरवरी 2023 को रिलीज होगी। माना जा रहा है कि शाहरुख खान की फिल्म पठान का मुकाबला करने के लिए कार्तिक आर्यन तैयार नहीं हैं। फिल्म पठान इस समय टिकट खिड़कियों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। शहजादा के रिलीज करने का समय स्थगित करने के फैसले के पीछे यही कारण है। रोहित धवन द्वारा निर्देशित फिल्म शहजादा में कार्तिक आर्यन और कीर्ति सैनन के साथ परेश रावल और मनीषा कोइराला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म पठान ने पहले ही पांच दिन में दुनियाभर में 542 करोड़ रुपये की कमाई कर इतिहास रच दिया है।

इससे पहले एसएस राजामौली की बाहुबली-2 और यश-स्टारर केजीएफ-2 को पीछे छोड़ दिया हैद। यह सबसे तेज दो सौ करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश करने वाली फिल्म बन गई है।

# आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म "गुमराह" 7 अप्रैल को होगी रिलीज




बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म गुमराह 7 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित एक क्राइम थ्रिलर है। आदित्य रॉय कपूर पहली बार दोहरी भूमिका में नजर आएंगे और मृणाल ठाकुर एक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगी। यह थ्रिलर फिल्म आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर के बीच एक द्वंद को दिखायेगी। नवोदित निर्देशक वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज और मुराद खेतानी के सिनेवन स्टूडियो द्वारा किया जा रहा है। गुमराह 7 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के साथ एक्ट्रेस राशि मचाएंगी धमाल

बहुभाषी और प्रतिभाशाली स्टार राशि खन्ना जल्द ही रिलीज होने वाले अपने शो फर्जी से चर्चा में हैं। राशि ने अपने टैलेंट और कड़ी मेहनत के दम पर इस एक्टर प्रधान इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई और प्रभावशाली भूमिकाए निभाकर दर्शकों का ध्यान खींचा है, हालांकि बहुत से लोग ये नहीं जानते कि अभिनेत्री ने सालों पहले किए गए ऑडिशन के आधार पर राज और डीके शो में अपनी एक खास भूमिका निभाई थी! आपको बता दें कि अजय देवगन की वेब सीरीज रुद्र : द एज ऑफ डार्कनेस के डिजिटल डेब्यू रिलीज से पहले राशी ने फर्जी को साइन किया था यहां तक कि शाहिद कपूर- विजय सेतुपति सह-कलाकार शो के लिए उनका ऑडिशन भी सालों पहले फिल्माया गया था। राशि अपनी आनेवाली शो फर्जी के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हैं और वो कहती हैं कि, "फर्जी मेरे पास एक ऑडिशन के तौर पर आई थी जो मैंने कुछ साल पहले मुकेश छाबड़ा की कास्टिंग एजेंसी के लिए किया था। यह विशेष रूप से किसी प्रोजेक्ट के लिए नहीं था। हालांकि, यह मुझे फर्जी तक ले गया। जाहिर है, राज और डीके ने ऑडिशन देखा। टेप और कुछ साउथ के फिल्मों में मेरे काम की क्लिपिंग भी देखी थी, और मुझमें मेघा की के रोल को देखा। मुझे लगता है कि ये यूनिवर्स एक रहस्यमय तरीके से काम करता है।" वैसे इस साल राशि खन्ना अपनी दो बड़े प्रोजेक्ट के साथ बॉलीवुड में फिर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। जिसमे से पहली हैं उनकी आनेवाली वेब सीरीज फजी और दूसरी हैं, इस साल जुलाई में रिलीज हो रही, धर्मा प्रोडक्शन की योद्धा, जिसमे वो सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी।

# सामने आया हंसिका मोटवानी की शादी का टीजर



हंसिका मोटवानी ने अपने आगामी रियलिटी शो "हंसिका'ज लव शादी ड्रामा" का टीजर जारी किया। इस टीजर को शेयर करते हुए हंसिका ने लिखा, "बहुत सारा प्यार, ढेर सारी खुशियां और थोड़ा सा ड्रामा। ये शो 10 फरवरी से स्ट्रीम होने वाला है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार शो का टीजर शादी के हर पल की एक झलक पेश करता है। टीजर की शुरूआत ही प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन से होती है, जिसमें प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन की तैयारियों की झलक दिखाई देती है। टीजर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हंसिका मोटवानी की शादी कितनी इमोशनल थी। इसमें हंसिका की अकेले सोच, सोच-विचार और यहां तक कि शादी से पहले फूट-फूट कर रोने की झलक देखते हैं। टीजर में भावनात्मक क्षण में हंसिका के कुछ इमोशनल पल दिखाए गए हैं, जिसमें हंसिका कहती हैं, "यह मेरे लिए बहुत कठिन था! आपने हमेशा मुझसे कहा था कि किसी के पास्ट को मत देखो!" बता दें कि हंसिका मोटवानी ने पिछले साल 4 दिसंबर को सोहेल कथूरिया से शादी की थी। शादी जयपुर के मुंडोता फोर्ट एंड पैलेस में रिश्तेदारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। सोहेल और हंसिका लंबे समय से बिजनेस पार्टनर हैं और एक इवेंट प्लानिंग कंपनी चलाते है।

# करीना, तब्बू और कृति के साथ फिल्म "द क्रू" में नजर आएंगे दिलजीत दोसांज



एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ जल्द ही एक और बॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। दिलजीत की इस नयी फिल्म का नाम "द क्रू" है। खबरों के मुताबिक इस फिल्म के लिए दिलजीत के अलावा तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन को साइन कर लिया गया है। एकता कपूर और रिया कपूर द्वारा निर्मित इस कॉमेडी फिल्म की कास्टिंग को लेकर आज एक नया खुलासा हुआ है। तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन के साथ इस फिल्म में अब उड़ता पंजाब और गुड न्यूज जैसी फिल्मों में काम कर चुके एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ भी अपनी कॉमेडी का तड़का लगाते दिखाई देंगे। हालांकि, दिलजीत को इस फिल्म के लिए साइन करने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। फिल्म की शूटिंग इस साल मार्च के अंत तक शुरू की जाएगी। आखरी बार दिलजीत दोसांज सितम्बर 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म "जोगी" में नजर आये थे। "द क्रू" की कहानी तीन महिलाओं की है, जो अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए काम करती हैं। लेकिन जैसे-जैसे वे आगे बढ़ने की कोशिश करती हैं, उनके सामने कुछ ऐसी स्थितियां पैदा हो जाती हैं, जिससे वे झूठ के जाल में फंस चली जाती हैं। "द क्रू" का निर्देशन राजेश कृष्णन करेंगे और इसका निर्माण बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड और अनिल कपूर प्रोडक्शंस द्वारा मिलकर किया जा रहा है।

## सूडोकु नवताल- 6598

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6597 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 7662

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 | | | 4 |
| 5 | | | 6 | | | | | |
| | | 7 | | | 8 | 9 | | |
| 10 | 11 | | | | | 12 | 13 | |
| | | | | | 14 | | | |
| 15 | | 16 | | 17 | | 18 | | 19 |
| | | 20 | 21 | | 22 | | | |
| | | | 23 | | | | | |
| 24 | | | | | 25 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण -4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

**ऊपर से नीचे**

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला -4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

**शब्द पहेली -7661 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | व | र | दि | गा | र | | |
| | च | | ह | | ड़ी | | अ | |
| आ | ना | | मा | ल | वा | | दा | म |
| रा | | म | न | | न | ल | | न |
| म | ही | न | | | | ल | की | र |
| दे | | न | स | | ह | क | | ख |
| ह | त्या | | र | न | र | | का | ना |
| | ग | | ह | | द | | फि | |
| | | ब | द | ना | म | क | र | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# फरवरी के दूसरे हफ्ते में होगा विमेंस प्रीमियर लीग प्लेयर्स ऑक्शन : मुंबई या दिल्ली में होगी नीलामी, बीसीसीआई तय करेगा फाइनल डेट और वेन्यू

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लीग यानी महिला आईपीएल में प्लेयर्स की नीलामी 11 फरवरी से 13 फरवरी के बीच होगी। फाइनल डेट और वेन्यू तय नहीं किया है, लेकिन ऑक्शन मुंबई या दिल्ली में हो सकता है।

### दूसरी लीग की वजह से टला ऑक्शन

बीसीसीआई पहले 6 फरवरी को ऑक्शन करने वाला था, लेकिन फ्रेंचाइजी मालिक इस समय इंटरनेशनल लीग और साउथ अफ्रीका लीग में व्यस्त है। इनके फाइनल 11 और 12 फरवरी को होंगे। इस वजह से दूसरे हफ्ते में ऑक्शन होगा।

### कोच के बिना हो सकता है ऑक्शन

इस समय कई टीमों के पास कोचिंग स्टाफ नहीं है। ऑक्शन तक टीमें बिना कोच के ही टीम का चयन कर सकती है।

### 5 टीमों की नीलामी हुई

विमेंस प्रीमियर लीग की 5 टीमों की नीलामी भी हो गई है। बोर्ड ने नीलामी में सफलता हासिल करने वाली कंपनियों के नाम की घोषणा की थी। सबसे ज्यादा बोली अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए लगी है। इस फ्रेंचाइजी के एवज में अडाणी ग्रुप 1,289 करोड़ रुपए बोर्ड को देगा। अहमदाबाद के अलावा मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और लखनऊ की फ्रेंचाइजी पर बोली लगी है। यानी यही पांच टीमें विमेंस प्रीमियर लीग में शिरकत करेंगी।

### हर टीम को प्लेयर्स ऑक्शन के लिए मिलेंगे 12 करोड़

एक विमेंस प्रीमियर लीग टीम को ऑक्शन में खिलाड़ी खरीदने के लिए 12 करोड़ रुपए का पर्स मिलेगा। हर साल पर्स में 1.5 करोड़ रुपए का इजाफा होगा। पुरुष आईपीएल में एक टीम का पर्स 95 करोड़ रुपए है। यानी विमेंस प्रीमियर लीग में टीमों का पर्स आईपीएल टीमों से करीब 8 गुना कम है। आईपीएल में ऑक्शन के जरिए सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले खिलाड़ी इंग्लैंड के सैम करन बने हैं। पंजाब किंग्स की टीम उन्हें हर सीजन के लिए 18.5 करोड़ रुपए देगी। अगर विमेंस प्रीमियर लीग की सबसे ज्यादा सैलरी इससे 8 गुना कम भी होती है तो भी टॉप प्लेयर को 2 से 2.50 करोड़ रुपए तक की सैलरी मिल सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत की जूनियर हॉकी टीम का एलान, प्रीति को मिली कप्तानी



**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए प्रीति को महिला हॉकी टीम का कप्तान बनाया है। रुतुजा दादासो पिसाल दौरे में टीम की उपकप्तान होंगी। टीम 17 से 25 फरवरी तक मेजबान जूनियर और ए टीम के साथ मैच खेलेगी। भारत की अग्रिम पंक्ति में दीपिका सोरेंग दीपिका, सुनेलिता टोप्पो, मदुगुला भवानी, अन्नू और तरणप्रीत कौर शामिल हैं। मध्यपंक्ति में ज्योति छेत्री, मंजू चौरसिया, हिना बानू, निकिता टोप्पो, ऋतिका सिंह, साक्षी राणा और रुतुजा शामिल हैं। रक्षक पंक्ति में प्रीति, ज्योति सिंह, नीलम, महिमा टेटे और ममिता ओरेम को शामिल किया गया है। बीस खिलाड़ियों के अलावा अदिति महेश्वरी, अंजिल बारवा, एडुला ज्योति और भूमिका साहू बतौर रिजर्व खिलाड़ी टीम में होंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच येनेके शॉपमैन ने कहा कि यह दौरा अपने युवा खिलाड़ियों की आजमाइश के लिए बेहतरीन अवसर है।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन में बना विश्व रिकॉर्ड, नौ लाख दर्शकों ने उठाया टेनिस का लुत्फ



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इस बार सर्बिया के जोकोविच ने रिकॉर्ड दसवां खिताब ही नहीं जीता बल्कि इस बार दर्शकों की उपस्थिति का भी नया कीर्तिमान बन गया। इस बार तीन हफ्तों में यहां 8,39,192 दर्शक मेलबर्न पार्क में टेनिस मैचों का नजारा लेने पहुंचे। क्वालिफाइंग स्पर्धाओं के दौरान 60 हजार से ज्यादा दर्शकों की उपस्थिति थी। कुल मिलाकर यह संख्या 902, 312 बैठती है। एक दिन में सर्वाधिक दर्शकों का कीर्तिमान भी टूट गया। इक्कीस जनवरी को यहां 94, 854 दर्शक मौजूद थे, पिछला रिकॉर्ड जनवरी 2020 का 93,709 का था। दो वर्षों में पहली बार कोरोना के नियमों में राहत दी गई थी। दर्शकों की उपस्थिति का पिछला रिकॉर्ड 812, 174 दर्शकों का था जो जनवरी 2020 में बना था। इस बार दर्शकों ने पिछले वर्ष अन्य ग्रैंडस्लैमों विंबलडन (515, 164), फ्रेंच ओपन (613, 500) और यूएस ओपन (776, 120) को भी पीछे छोड़ा।

### ज्वेरेव पर लगे घरेलू हिंसा के आरोप झूठे, नहीं मिला कोई सबूत, कार्रवाई से बचे

**लंदन ।** पेशेवर टेनिस संघ (एटीपी) ने कहा है कि वह जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपनी



महिला दोस्त के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल के आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी। अक्तूबर 2021 में ज्वेरेव की महिला दोस्त ओलगा शेरीपोवा ने एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में ज्वेरेव के खिलाफ घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि ज्वेरेव अपशब्दों का भी इस्तेमाल करते हैं। ज्वेरेव हालांकि इन आरोपों को झुठलाते रहे हैं। एटीपी ने कहा कि उनका फोकस ज्वेरेव के खिलाफ 2019 में शंघाई में मास्टर्स स्पर्धा के अलावा मोनाको, न्यूयॉर्क और जिनेवा स्पर्धा के दौरान किए गए दुर्व्यवहार पर आधारित था। हमें मीडिया रिपोर्टों में लगाए गए आरोपों के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले हैं। ऐसे में हम उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे। एटीपी ने एक तीसरे पक्ष लेक फोरेस्ट ग्रुप (एलएफजी) को जांच का जिम्मा सौंपा था। एलएफजी ने ज्वेरेव के अलावा उनकी महिला दोस्त से बात की। इसके अलावा परिवार और मित्रमंडली से जुड़े 24 लोगों से बात की। ज्वेरेव के खिलाफ यह जांच 15 महीने चली।

# भारत-न्यूजीलैंड तीसरा टी-20 : जीते तो कीवी टीम से लगातार चौथी सीरीज जीतेंगे

**अहमदाबाद।**
भारत-न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच दोनों ही टीमों के लिए अहम है। अभी सीरीज एक-एक की बराबरी पर है। जो टीम जीतेगी, उसका सीरीज पर कब्जा होगा। भारत अगर जीतता है तो वह लगातार चौथी बार न्यूजीलैंड को हराएगा। इसके साथ ही टीम इंडिया लगातार आठवीं बार सीरीज जीतेगी। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोनों का पहला मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोनों टीमें पहली बार खेल रही हैं। भारत ने यहां 6 मुकाबले खेले हैं। इनमें से 4 जीते, जबकि 2 मैच हारे। उधर, भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक 24 टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें 11 मैच टीम इंडिया ने तो 10 न्यूजीलैंड ने जीते हैं। 3 मैच टाई रहे हैं।

### वेदर कंडीशन एंड पिच रिपोर्ट...

बारिश के आसार नहीं हैं। तापमान 13 से 27 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। अहमदाबाद में हाई स्कोरिंग पिच पर बड़े टारगेट की उम्मीद है। यहां पिछले 5 में से 3 मुकाबलों की दोनों पारियों में 160+ रन बने हैं।

### अब चलते चलते नजर डालते हैं, उन रिकॉर्ड पर जो आज बन सकते हैं



2012 के बाद भारत में पहली सीरीज जीतेगा न्यूजीलैंड यदि न्यूजीलैंड इस मुकाबले को जीत लेता है, तो कीवी टीम 2012 के बाद भारत में पहली सीरीज जीतेगी। टीम ने 2012 के बाद से भारतीय सरजमीं पर किसी भी फॉर्मेट की सीरीज नहीं जीती है। कीवियों से चौथी सीरीज जीतेगा भारत यदि भारतीय टीम यहां मुकाबला अपने नाम कर लेती है, तो वह न्यूजीलैंड से लगातार चौथी सीरीज जीत लेगी। लगातार 8वीं सीरीज जीत सकती है इंडिया भारतीय टीम यह मुकाबला जीतते ही लगातार 8वीं टी-20 सीरीज जीत लेगी। वह पिछली 11 सीरीज से अजेय है। एक सीरीज ड्रॉ रही थी। लखनऊ के इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर सुरेंदर यादव को हटा दिया गया है। भारत-न्यूजीलैंड मैच के बाद कैप्टन हार्दिक पांड्या ने पिच को खराब बताया था। इसके बाद पिच क्यूरेटर को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे ने भी क्यूरेटर पर सवाल खड़ा किया था। अब यह बात भी सामने आई है कि लास्ट टाइम में काली पिच को लाल पिच में बदला गया था।

### ईशान और साई प्रतीक की जोड़ी थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में, गायत्री-त्रिशा की जोड़ी हारी

**बैंकॉक ।** ईशान भटनागर और साई प्रतीक की जोड़ी ने सीधे गेमों में जीत हासिल कर थाईलैंड ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। ईशान और साई ने अमेरिका के विनसन चियू और जोशुआ युआन को 21-18, 21-12 से पराजित किया। इसके अलावा पीएस रविकृष्ण और संकर प्रसाद उदयकुमार की जोड़ी को कड़े संघर्ष में चीन ताइपे के ली जेई हुई और येंग पो सुआन के हाथों 21-16, 16-18, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद को जापान की रेना मियाउरा और अयाको साकूरामोतो ने 21-9, 21-10 से हरा दिया। तनीषा क्रिस्टो और अश्विनी पोनप्पा को चीन की तेन निंग और जिया यू टिंग ने 21-15, 21-18 से हराया। क्वालिफायर्स में उन्नति हुड्डा को पहला गेम जीतने के बाद थाईलैंड की पोर्नपिचा से 21-17, 21-23, 16-21 से हार मिली।

# ब्रिटेन की भीषण त्रासदी के 34 साल बाद पुलिस ने माफी मांगी



**लंदन।**
**ब्रिटेन के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने माना कि पुलिस की विफलता 1989 की हिल्सबोरो दुर्घटना का मुख्य कारण थी, जब लिवरपूल एफसी के 97 प्रशंसक मारे गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, एक ऐतिहासिक संयुक्त बयान में कॉलेज ऑफ पुलिसिंग और नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल (एनपीसीसी) के नेताओं ने हिल्सबोरो के परिवारों से माफी मांगी।**

हिल्सबोरो परिवार रिपोर्ट की प्रस्तावना में, मुख्य कांस्टेबल एंडी मार्श, पुलिसिंग कॉलेज के सीईओ और एनपीसीसी के अध्यक्ष मार्टिन हेविट ने कहा, 97 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को गैरकानूनी रूप से मार दिया गया था। पुलिस की विफलता इस त्रासदी का मुख्य कारण थी और पुलिस की विफलता तब से परिवार के सदस्यों के जीवन को कलंकित करती रही है। 1989 में लिवरपूल और नॉटिंघम फॉरेस्ट के बीच एफए कप सेमीफाइनल में 97 दर्शक मारे गए और लगभग 800 घायल हो गए। शेफील्ड के हिल्सबोरो स्टेडियम में खेल कुछ ही मिनटों के बाद रद्द कर दिया गया। त्रासदी के बाद से, लिवरपूल एफसी द्वारा समर्थित प्रशंसकों ने न्याय के लिए संघर्ष किया है। मार्श ने कहा, पुलिस की गैर जवाबदेही के चलते ऐसा हुआ। पुलिस की विफलता त्रासदी का मुख्य कारण थी और तब से परिवार के सदस्यों के जीवन को कलंकित करती रही है। जब नेतृत्व की सबसे अधिक आवश्यकता थी, तो शोक संतप्त लोगों के साथ अक्सर असंवेदनशील व्यवहार किया जाता था और प्रतिक्रिया में समन्वय और निरीक्षण की कमी होती थी। मार्श ने कहा कि रिपोर्ट में दीर्घकालीन और हाल के घटनाक्रमों के बारे में बताया गया है कि पुलिस सामूहिक मौत की घटनाओं पर कैसे प्रतिक्रिया देती है। हिल्सबोरो परिवार की रिपोर्ट ने सार्वजनिक निकायों और सरकार से कार्रवाई की सिफारिश की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हिल्सबोरो परिवारों के दर्द और पीड़ा को दोहराया नहीं जा सके।

# वीजा नहीं मिलने से जगरेब नहीं गए पहलवान, कुछ बिना पासपोर्ट एयरपोर्ट पहुंचे, फ्लाइट छूटी

**नई दिल्ली ।**
निरीक्षण समिति की कोशिशों के बाद सिर्फ तीन पहलवान और एक कोच रैंकिंग टूर्नामेंट में खेलने जगरेब पहुंच गए। कुछ अन्य पुरुष और महिला पहलवानों के मंगलवार की रात पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको रोमन के 10 से अधिक पहलवानों का वीजा नहीं लगने के कारण खेलना अधर में लटका है।

### वीजा लगे पासपोर्ट देर से पहुंचने पर छूटी फ्लाइट

पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के चीफ कोच जगमिंदर के साथ अमन (57), पंकज (61) और विशाल कालीरमण (70) जगरेब पहुंच गए हैं। सूत्रों के मुताबिक सोनीपत से पहलवानों को रात 10 बजे ही दिल्ली एयरपोर्ट रवाना कर दिया गया। उनकी फ्लाइट रात एक बजकर 50 मिनट की थी, लेकिन पहलवानों के वीजा लगे पासपोर्ट काफी देर से मिले, जिसके चलते उनकी फ्लाइट छूट गई। इसके बाद तीन बजकर 20 मिनट की फ्लाइट से जगमिंदर के साथ तीनों पहलवानों को भेजा गया। बाकी फ्रीस्टाइल के दो और महिला पहलवानों को भेजा जा सका।

ग्रीकोरोमन के भी सिर्फ छह पहलवानों का वीजा लगा है। बाकी के छह पहलवान कोच हरगोविंद के साथ जगरेब रवाना होंगे। फ्रीस्टाइल पहलवानों में



सुजीत (65), जोंटी (92), विक्की (92) ग्रीको रोमन में मंजीत (55), करनजीत (67), अंकित गुलिया (72), रोहित (82), नरेंदर (97) का वीजा नहीं लगा है। ये सभी पहली बार सीनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने जा रहे हैं। इस वजह से भी इनके वीजा में समस्या आई है।

### महिला टीम के चीफ कोच को नहीं भेजा गया

धरने पर बैठे पहलवान बजरंग, रवि कुमार, जितेंदर, दीपक पूनिया, विनेश, अंशु मलिक, संगीता फोगाट, सरिता मोर टूर्नामेंट नहीं खेलने जा रहे हैं। नर सिंह यादव भी निजी कारणों से खेलने नहीं गए हैं। वहीं महिला टीम के चीफ कोच जितेंदर कुमार को महिला पहलवानों की टीम के साथ नहीं भेजा गया। पहले उनका नाम टीम में था।

# अर्शदीप, किशन के पास भारतीय टीम को आगे बढ़ाने की काबिलियत : कुंबले

**नई दिल्ली।**
भारत के पूर्व क्रिकेटर और पूर्व कोच अनिल कुंबले ने अर्शदीप सिंह और इशान किशन को भारत के आगामी सितारों के रूप में नामित किया है जो टीम को आगे बढ़ाएंगे। अर्शदीप ने पिछले साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया था और तब से अब तक 25 मैचों में 39 विकेट लिए हैं। उसी वर्ष, बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरूआत की।

दूसरी ओर, विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान ने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा एकदिवसीय शतक बनाया, जिसने उन्हें रिकॉर्ड बुक में प्रवेश करते देखा। उन्होंने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले और सबसे तेज उपलब्धि हासिल करने वाले सातवें बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया।




कुंबले ने जिओ सिनेमा के हवाले से कहा, अर्शदीप जैसे किसी व्यक्ति के साथ मिलकर काम करने के बाद, उन्होंने भारत के लिए जो कुछ किया है, उसे बढ़ते हुए देखना अद्भुत है। मैं अर्शदीप को आने वाले अगले सुपरस्टार गेंदबाज के रूप में देखूंगा। बल्लेबाजी के नजरिए से, इशान किशन ऐसे व्यक्ति हैं, जो उन्हें मिले अवसरों में शानदार रहे हैं। उन्होंने दोहरा शतक जमाया और मुझे लगता है कि वह सुपरस्टार होंगे।

इस बीच, वेस्टइंडीज के स्टार क्रिस गेल दोनों खिलाड़ियों पर कुंबले के साथ सहमत हुए, भारत के पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने भी अर्शदीप का नाम लिया। साथ ही तेज गेंदबाज उमरान मलिक और बल्लेबाज तिलक वर्मा का भी नाम लिया।

पटेल ने आगे कहा, वह तेज है और अच्छी गेंदबाजी करता है और पहले ही भारत के लिए खेल चुका है। बल्लेबाजी के लिहाज से पिछले कुछ सालों में तिलक वर्मा को देखने के बाद मुझे उनकी तलाश करने और यह देखने का मौका मिला कि वह किस तरह के क्रिकेटर बन गए हैं। हमने उनकी बल्लेबाजी की काबिलियत देखी है और उनमें आगे जाकर टीम की अगुआई करने की काबिलियत है।

## भारत के साथ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया का माइंड गेम

# कोच-खिलाड़ी बोले- भारत में प्रैक्टिस और मैच की पिच में अंतर

**नई दिल्ली।**
फरवरी का महीना भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने लिए खास रहने वाला है। ऑस्ट्रेलिया 4 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए भारत रवाना हो चुकी है। 9 फरवरी से नागपुर में पहले टेस्ट के साथ शुरू हो रही सीरीज में ट्रॉफी के साथ-साथ बहुत कुछ दांव पर होगा। नंबर-1 टीम ऑस्ट्रेलिया और नंबर-2 भारत के बीच इस सीरीज में कई रिकॉर्ड बनेंगे-टूटेंगे, लेकिन भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अपनी जगह पक्की करने की होगी।

भारत अगर सीरीज में एक से ज्यादा मैच नहीं हारा तो डब्लूटीसी फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए लड़ाई अपना नंबर-1 ताज बचाने की है। अगर ऑस्ट्रेलिया ये सीरीज बड़े अंतर से हार जाती है तो भारत के हाथों अपनी नंबर-1 पोजीशन गंवा देगी। वैसे भी ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत की घूमती पिचों पर चुनौती आसान नहीं रहने वाली। ऐसे में मेहमान टीम की ओर से पहले ही स्ट्रैटजी और माइंड गेम का सिलसिला शुरू हो चुका है।

ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में उपमहाद्वीप जैसी पिच का निर्माण कर दो दिवसीय कैंप में प्रैक्टिस की। टीम के पास भारत के खिलाफ सीरीज से पहले कोई प्रैक्टिस मैच भी नहीं था, ऐसे में अभ्यास का ये तरीका चुना गया। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ के मुताबिक, आमतौर पर भारत में जो पिच प्रैक्टिस मैच और मुख्य मैच के दौरान मुहैया करवाई जाती हैं, उनमें काफी अंतर होता है। वहीं, इयान हीली ने भारत पर आरोप लगाने के लहजे में कहा कि, अच्छा ही है ऑस्ट्रेलिया ने भारत में किसी प्रैक्टिस मैच का



कार्यक्रम नहीं रखा। हमें उन पर भरोसा नहीं है कि वे हमारी आवश्यकता के अनुसार प्रैक्टिस पिच उपलब्ध करवाते। भारत में प्रैक्टिस मैच और मुख्य मैच में अलग-अलग तरह की पिचें दी जाती हैं। उस्मान ख्वाजा भी अभ्यास मैच में स्पिन की जगह तेज गेंदबाजी की मददगार पिच देने का आरोप लगा चुके हैं।

### ऑस्ट्रेलिया भारत में 2004 से नहीं जीता

बॉर्डर-गावस्कर नाम से प्रसिद्ध ये सीरीज क्रिकेट जगत की सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय सीरीज मानी जाती है, जिसमें दोनों टीमें आपस में 4 टेस्ट खेलती हैं। फिलहाल, पिछली तीन सीरीज से हर बार भारत ने ही ट्रॉफी अपने नाम की है। ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 2004 से भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है, वहीं भारत ने 2018-19 और 2020-21 में लगातार दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में मात दी थी।


### बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया का चार दिन का कैंप

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी बेंगलुरु के अलूर में करेगी। यहां टीम 4 दिन के कैंप के बाद नागपुर जाएगी। कर्नाटक स्टेट एसोसिएशन के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, ये कैंप देख-रेख में होगा। वहीं, भारतीय टीम के लिए सीरीज से पहले नागपुर में स्पेशल कैंप आयोजित किया है। इस कैंप में 5 ट्रेनिंग सेशन होंगे, जिनमें कप्तान रोहित समेत सभी खिलाड़ी शामिल होंगे। पहले दो दिन क्लोज नेट और अगले तीन दिन जामठा में सेंटर विकेट ट्रेनिंग होगी। कोच राहुल द्रविड़ न्यूजीलैंड सीरीज के बाद टीम से जुड़ेंगे।




# 5 लाख रुपये से ज्यादा है एनुअल प्रीमियम तो ऐसी पॉलिसी की मैच्योरिटी राशि पर देना होगा टैक्स

जीवन बीमा पॉलिसियां (यूनिट-लिंक्ड बीमा पॉलिसियों के अलावा) जिनका एन्नुअल प्रीमियम 5 लाख रुपये से ज्यादा है, उनकी मैच्योरिटी राशि पर टैक्स लिया जाएगा।



बीमा पॉलिसियों की मैच्योरिटी राशि पर टैक्स के बारे में ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने कहा है कि 1 अप्रैल 2023 के बाद जारी की गई ऐसी जीवन बीमा पॉलिसियां (यूनिट-लिंक्ड बीमा पॉलिसियों के अलावा) जिनका एन्नुअल प्रीमियम 5 लाख रुपये से ज्यादा है, उनकी मैच्योरिटी राशि पर टैक्स लिया जाएगा। बजट प्रस्ताव में केवल उन जीवन बीमा पॉलिसियों की मैच्योरिटी को टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है, जिनका एन्नुअल प्रीमियम 5 लाख रुपये से कम है। हालांकि वित्त मंत्री ने अपनी बात साफ करते हुए आगे कहा कि नया ऐलान बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर प्राप्त राशि पर मिलने वाली कर छूट को प्रभावित नहीं करेगा। यही नहीं नया फैसला 31 मार्च, 2023 तक जारी बीमा पॉलिसियों पर भी कोई प्रभाव नहीं डालेगा।

## पुराने टैक्स ऑप्शन में भी 10 लाख तक की इनकम कर सकते हैं टैक्स फ्री

इस बार के बजट में पुराने टैक्स ऑप्शन में भी इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं मिली। सालाना 2.5 लाख रुपए से ज्यादा कमाई होने पर इनकम टैक्स देना होगा। अगर आपकी सालाना इनकम 5 लाख से 10 लाख के बीच है तो आपको 20% तक टैक्स चुकाना होगा। इनकम टैक्स कानून में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिनसे आप इनकम टैक्स फ्री कर सकते हैं।

## इंश्योरेंस कंपनी के शेयर्स में गिरावट

वहीं वित्त मंत्री के बीमा पॉलिसी को लेकर हुए इस ऐलान के बाद इंश्योरेंस कंपनी के शेयर्स भी गिर गए। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के शेयर की कीमतों में 11 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई जबकि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर भी 9 फीसदी की गिरावट में रहे।

## करदाताओं को सरकार की बड़ी सौगात

नई कर व्यवस्था के तहत एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति की आय सात लाख रुपये है, उसे कोई कर नहीं देना होगा। अब तक यह सीमा पांच लाख रुपये है। साथ ही कर 'स्लैब' को सात से घटाकर पांच किया गया है। साथ ही अधिकतम अधिभार की दर 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने के बाद कर की दर 42.7 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह जाएगी।

## नई टैक्स प्रणाली अधिक आकर्षक




सरकार की ओर से किसी को भी नई टैक्स प्रणाली अपनाने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। लोग पुरानी टैक्स प्रणाली भी चुन सकते हैं, लेकिन बढ़ी हुई छूट और कटौतियों को देखते हुए नई कर प्रणाली अब अधिक आकर्षक है।

## सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर की स्थापना

वित्त निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के दौरान यह भी कहा कि कंपनी अधिनियम के तहत फॉर्म दाखिल करने वाली कंपनियों पर तेजी से प्रतिक्रिया के लिए एक सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि एक बार की नई लघु बचत योजना महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र 2025 तक दो साल के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

## सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाने पर जोर

बजट 2023 का उद्देश्य मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर लाभ सुनिश्चित करने के लिए सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाना है। सीतारमण ने कहा कि नई टैक्स व्यवस्था में अब अधिक आकर्षण है ताकि लोग बिना किसी हिचकिचाहट के पुराने से नई टैक्स प्रणाली जा सकें।

## खेल बजट में बंपर बढ़ोतरी

खेल बजट में भी बंपर बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार ने युवा और खेल मामलों के मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो पिछले साल के बजट से 723.97 करोड़ रुपये ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय एथलीट्स ने पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेरी है। चाहे वह ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, भारत के पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों पर किए जा रहे खर्च का इसमें अहम योगदान रहा है। ऐसे में इस साल भी खेल बजट में बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल भी स्पोर्ट्स बजट में 423.16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। खेल बजट की बात करें तो कोरोना के दौरान इसमें भारी कटौती देखने को मिली थी। साल 2020-21 में खेल बजट 2826.92 करोड़ रुपये का था। 2021-22 में इसमें 606.73 करोड़ रुपये की कटौती की गई थी यानी 2021-22 में खेल बजट 2250.19 करोड़ रुपये का था। पिछले साल कुल खेल बजट 3062.60 का था, जिसे रिवाइज कर 2673.35 करोड़ रुपये का कर दिया गया था।

## चमकता सितारा है भारतीय अर्थव्यवस्था

बजट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिये पूंजीगत व्यय लगातार तीसरी बार उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया गया है। इसे 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया गया है जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत बैठता है। यह वित्त वर्ष 2019-20 के मुकाबले तीन गुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से सड़कों और ऊर्जा सहित पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि की है। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि इस बजट में पिछले बजट में रखी गई नींव पर सतत निर्माण करते हुए 'भारत @100' के लिये खींची गई रेखा पर आगे बढ़ते रहने की उम्मीद की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'चमकता सितारा' है। चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है जो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है।

## सरकार ने बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली पर दिया जोर

बजट में ऊर्जा बदलाव यानी स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से कदम बढ़ाने और शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिये 35,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत 4,000 मेगावॉट घंटा (MWH) क्षमता की बैटरी भंडारण प्रणाली को व्यावहारिक बनाने के लिये वित्त उपलब्ध कराया जाएगा। लद्दाख से 13,000 मेगावॉट बिजली के पारेषण के लिये व्यवस्था तैयार करने को लेकर 20,700 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। सस्ते मकान उपलब्ध कराने की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत व्यय 66 प्रतिशत बढ़कर 79,000 करोड़ किया गया है।

## हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जलीय हवाईअड्डों का होगा पुनरुद्धार

बजट में बुनियादी ढांचे के तहत 50 अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जलीय हवाईअड्डों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के तहत राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय बनाया जाएगा। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिये गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध कराना है। मूडीज इनवेस्टर सर्विस ने बजट के बारे में कहा कि उच्च महंगाई और वैश्विक चुनौतियों के बीच वित्त वर्ष 2023-24 के लिये कम राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सरकार की वित्तीय स्थिरता और अर्थव्यवस्था को समर्थन देने की प्रतिबद्धता को बताता है।

## बचत योजना की सीमा हुई दोगुनी




वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को भी राहत दी। इसके तहत वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा सीमा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी गयी है। वहीं मासिक आय योजना के तहत जमा सीमा बढ़ाकर नौ लाख रुपये की गयी है। महिलाओं के लिये अलग से नई बचत योजना 'महिला सम्मान बचत पत्र' की घोषणा की गयी।

### 15.43 लाख करोड़ रुपये लेना पड़ेगा कर्ज

सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक नरमी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर है। बजट में कुल व्यय 7.4 प्रतिशत बढ़कर 45 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा गया है। राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है।

## 8 रूट्स पर 140 किमी की स्पीड से दौड़ेगी हाइड्रोजन ट्रेन

केंद्र सरकार देश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए हाइड्रोजन ट्रेन चलाने जा रही है। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'हाइड्रोजन ट्रेन दिसंबर 2023 तक आएगी और इसे भारत में डिजाइन और निर्मित किया जाएगा। पहले यह कालका-शिमला जैसे हेरिटेज सर्किट पर चलेगी और बाद में इसका विस्तार अन्य स्थानों पर किया जाएगा।'

### रेलवे को मिला २.41 लाख करोड़ रुपए का पैकेज

बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आम बजट पेश किया। इसमें उन्होंने रेलवे को अब तक सबसे बड़ा बजट 2.41 लाख करोड़ रुपए आवंटित किया है। इसके जरिए हाइड्रोजन ट्रेन, वंदे भारत ट्रेन के निर्माण और बुनियादी सुविधाओं में



बढ़ोत्तरी की जाएगी। बजट पर रेल मंत्री ने कहा, 'यह एक बड़ा बदलाव है और यह यात्रियों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1275 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

### इको फ्रेंडली है हाइड्रोजन ट्रेन

जैसा कि नाम से स्पष्ट है कि हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन में हाइड्रोजन ईंधन का इस्तेमाल होगा। यह बिजली और कोयले से ज्यादा सस्ता है और इसका पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता है। यह प्रदूषण मुक्त और इको फ्रेंडली है।

### फ्यूल सेल हाइड्रोजन को बना देता है भाप और पानी

हाइड्रोजन ट्रेन की टॉप स्पीड 140 किमी प्रति घंटे हैं। एक बार ईंधन भराने के बाद यह ट्रेन एक हजार किमी तक दौड़ सकती है। इसमें फ्यूल सेल लगा होता है, जो हाइड्रोजन को ऑक्सीजन से मिलाकर उर्जा पैदा करता है। उत्सर्जन सिर्फ पानी और भाप का होता है, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है।


### चीन और जर्मनी में चल रही हाइड्रोजन ट्रेन

हाइड्रोजन ट्रेन पड़ोसी देश चीन में चल रही है। इसके अलावा जर्मनी में भी इसका संचालन हो रहा है। वहां इसके निर्माण पर 86 मिलियन डॉलर खर्च किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हाइड्रोजन ट्रेन 1950 और 1960 दशक के ट्रेनों को रीप्लेस करेंगी।

## फिनटेक सेक्टर को बढ़ाया जाएगा

बजट के बाद अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार एक फ्यूचरिस्टिक फिनटेक सेक्टर को देख रही है और लोगों को औद्योगिक क्रांति 4.0 के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्र सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि हम महंगाई को कम होते हुए देख रहे हैं। खुदरा और थोक महंगाई दर में कमी आई है। सरकार की ओर से महंगाई को कम करने के लिए लगातार कदम उठाएं जा रहे हैं।

फिनटेक सेक्टर को देख रही है और लोगों को औद्योगिक क्रांति 4.0 के माध्यम से प्रशिक्षित





## आवास योजना का बजट 66 फीसदी बढ़ा



बजट में गरीबों के लिए केंद्र सरकार का सबसे बड़ा एलान आवासीय योजना को लेकर हुआ। पिछले साल के मुकाबले सरकार ने इस बार आवासीय योजना के बजट में 66 फीसदी की बढ़ोतरी की है। पिछली बार आवासीय योजना के 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके जरिए देशभर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में कुल 80 लाख घरों का निर्माण किया गया। पीआईबी की एक अधिसूचना के अनुसार, तीन जनवरी, 2022 तक कुल 1.14 करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी दी गई थी, जिनमें से 53.42 लाख घरों का निर्माण और वितरण किया जा चुका है। अधिसूचना में कहा गया है कि नई तकनीकों का उपयोग करके 16 लाख घरों का निर्माण किया जा रहा है।

## गरीब परिवार को अगले साल तक मुफ्त राशन



केंद्र सरकार ने सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को अगले साल यानी 2024 तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का एलान किया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

## एससीएसएस में बढ़ाई निवेश की सीमा

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता मुहैया कराई गई है। इसके साथ ही करीब तीन करोड़ महिला किसानों को योजना के तहत 54,000 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं। सीतारमण ने वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में निवेश की जाने वाली अधिकतम राशि को बढ़ाकर 30 लाख रुपये किए जाने की भी घोषणा की। यह राशि अभी 15 लाख रुपये है। डाक मासिक आय योजना की भी सीमा में वृद्धि की गई है। किसी एक व्यक्ति के नाम पर अब 4.5 लाख रुपये के बदले 9 लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकेगा। सरकार ने पीएम-किसान योजना के तहत 2.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे किसानों को खेती-बाड़ी से जुड़े कामों के लिए बैंकों से ऋण लेने में आसानी होने वाली है। पीएम किसान के अलावा वित्त मंत्री ने बागवानी परियोजनाओं के लिए 2200 करोड़ की रकम जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम पर्यावरण की रक्षा के साथ ही विकास करेंगे। इसके अलावा इस साल 20 लाख करोड़ तक किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण बांटने का लक्ष्य रखा गया है।

## रक्षा बजट में इस साल फिर हुआ इजाफा



रक्षा क्षेत्र के लिए होने वाले खर्चों का भी ब्योरा दिया गया है। बजट दस्तावेजों के मुताबिक, इस साल रक्षा बजट 5.94 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो कि 2022-23 के 5.25 लाख करोड़ रुपये के बजट से 12.95 फीसदी ज्यादा है। यानी एक बार फिर रक्षा बजट में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## वेतन-भुगतान के लिए कितना बजट आवंटित?

अगले वित्त वर्ष के बजट दस्तावेजों के अनुसार, राजस्व व्यय के लिए 2,70,120 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जिनमें वेतन भुगतान और प्रतिष्ठानों के रखरखाव पर होने वाले खर्च शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्व व्यय के लिए बजटीय आवंटन 2,39,000 करोड़ रुपये था। 2023-24 के बजट में, रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए पूंजीगत परिव्यय 8,774 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि पूंजीगत परिव्यय के तहत 13,837 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। रक्षा पेंशन के लिए अलग से 1,38,205 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। पेंशन परिव्यय सहित कुल राजस्व व्यय 4,22,162 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, रक्षा बजट का कुल आकार 5,93,537.64 करोड़ रुपये है।

## पाकिस्तान के मुकाबले भारत का बजट कितना?

पाकिस्तान ने 2022-23 के लिए रक्षा बजट 1 लाख 52 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपया (PKR) रखा है। भारत की करेंसी के हिसाब से यह 46 हजार 689 करोड़ रुपये के बराबर है। इस लिहाज से देखा जाए तो भारत का रक्षा बजट (5.94 लाख करोड़ रुपये) पाकिस्तान से 13 गुना ज्यादा है। भारत में सिर्फ रक्षा सेवाओं और प्रशासनिक खर्चों (तनख्वाह, पेंशन) को ही जोड़ लिया जाए, तो यह पाकिस्तान के रक्षा बजट के मुकाबले करीब नौ गुना है।

## चीन के मुकाबले कहां खड़ा है भारत?

दूसरी तरफ चीन की बात की जाए तो उसका बजट हर साल मार्च में आता है। चीनी रक्षा मंत्रालय के लिए पिछले साल कम्युनिस्ट पार्टी ने 1.45 ट्रिलियन युआन यानी भारतीय रुपये में 18 लाख 77 हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे। यह भारत के मुकाबले रक्षा पर तीन गुना खर्च है। हालांकि, अगर रक्षा बजट में बढ़ोतरी के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत ने इस बार अपने रक्षा बजट को 12.95 फीसदी बढ़ाया है, जबकि चीन ने पिछली बार अपने बजट को सिर्फ 7.1 फीसदी ही बढ़ाया था।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**